वर्ष-31, अंक- 269, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
16 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## एक नजर

### नामकुम के ग्रिड सब स्टेशन में हथियारबंद लुटेरों ने बोला धावा

**रांची।** राजधानी रांची में अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने बिजली विभाग के कार्यालय को भी अपना निशाना बनाया। रांची के नामकुम स्थित ग्रिड सब स्टेशन और ट्रांसमिशन सेंट्रल स्टोर पर सोमवार की देर रात हथियारों से लैस करीब 15 से 20 अपराधियों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात ऑपरेशनल स्टाफ और होमगार्ड के जवानों को तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा। साथ ही, कॉपर मैटेरियल, रिले सहित कई कीमती सामान चोरी करने की कोशिश की। कर्मचारियों के अनुसार, सोमवार की रात 10:30 बजे करीब 25 की संख्या में हथियारबंद अपराधी स्टोर के पिछले हिस्से से घुसे और सभी को बंधक बना लिया। अपराधियों ने सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीन लिए और उन्हें लगभग तीन घंटे तक बंद कमरे में कैद रखा। बदमाशों ने स्टोर रूम और जीएसएस के ताले कटर से काट डाले और कॉपर मैटेरियल, रिले जैसे कीमती उपकरण चुराने की कोशिश की। हालांकि, कितना सामान ले जाया गया, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है। रात में करीब 1:30 बजे अपराधी सभी कर्मचारियों के मोबाइल वापस करके वहां से फरार हो गए।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# पांच लाख का इनामी उग्रवादी लवलेश गंझू ने किया सरेंडर

- पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने कहा
- हिंसा छोड़ मुख्यधारा से जुड़े नक्सली

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर व पांच लाख का इनामी लवलेश गंझू उर्फ लवकेश जी ने मंगलवार को आत्मसमपर्ण कर दिया है। पुलिस मुख्यालय, लातेहार के सभागार में पलामू पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और सीआरपीएफ के 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर व एसएसबी-32 के कमांडेंट राजेश सिंह के समक्ष आत्मसमपर्ण किया। पुलिस अधिकारियों ने लवलेश गंझू को बुके और शॉल भेंट कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ने की बधाई दी। अधिकारियों ने उसे पांच लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक भी सौंपा। लवलेश गंझू लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कुरियाम गांव का रहने वाला है। उसके उपर सरकार ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। लवलेश गंझू पर लातेहार, हेरहंज, जोबांग, मनिका, बालूमाथ व चंदवा थाना क्षेत्र में 50 मामले दर्ज हैं। पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने अन्य उग्रवादी व माओवादियों से आत्मसमपर्ण कर सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ उठाने की अपील की। इस संबंध में सोमवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए पलामू डीआईजी भास्कर ने कहा कि यह लातेहार पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे जेजेएमपी को बड़ा झटका लगेगा। जिले में सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी का नतीजा है कि आज नक्सलियों के इस क्षेत्र से पांव उखड़ रहे हैं। अब जिले में नक्सलियों की संख्या नाम मात्र की बची है। पुलिस के अभियान के कारण कई नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या गिरफ्तार किए जा रहे है। मेरा उन बचे हुए नक्सलियों से अपील है जो जंगल में भटक रहे है या तो वे मुख्यधारा से जुड़ जाएं या हिंसा छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें।

### अब नक्सलवाद का दौर खत्म : एसपी

एसपी गौरव ने बताया कि जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर साल 2017 संगठन में शामिल हुआ था। अब नक्सलवाद का दौर खत्म हो गया है। यह सफलता सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और लातेहार के पुलिस अधिकारियों और जवानों की है। अब जिले में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां सीआरपीए, कोबरा, जगुआर या जिला पुलिस की मौजूदगी नहीं है। बचे हुए नक्सली भी अब मुख्यधारा से जुड़े जाएं।

### आत्मसमर्पण कर बिताएं शांतिपूर्ण जीवन : बुनकर

इस अवसर पर 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा की राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति बहुत अच्छी नीति है। मुख्यधारा को छोड़ जो जंगल का रास्ता अपनाए हैं उन सभी को संदेश है कि वह भी जंगल के रास्ते को छोड़ मुख्यधारा से जुड़ अपने परिजनों के साथ सुख और शांतिपूर्ण जीवन व्यक्ति करें।

## भारत के गर्व शुभांशु ने रचा इतिहास



- अंतरिक्ष मिशन पूरा कर तीन और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सकुशल पृथ्वी पर वापस लौटे शुक्ला
- मुस्कुराते हुए ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आए भारत के लाल
- सात दिनों तक क्वारंटाइन किए जाएंगे चारों अंतरिक्ष यात्री
- एक्सिओम मिशन 4 में किए गए 31 देशों के 60 वैज्ञानिक प्रयोग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपना अंतरिक्ष मिशन पूरा कर मंगलवार को सकुशल पृथ्वी पर वापस लौट आए। उनके कैप्सूल ने कैलिफोर्निया के तट पर सफल लैंडिंग की। इसके बाद वे विशेषज्ञों की मदद से मुस्कुराते हुए ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आए। यह क्षण भारत के लिए ऐतिहासिक था। शुक्ला पहले भारतीय हैं, जिन्होंने किसी निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा की और सुरक्षित लौटे। राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं शुभांशु शुक्ला। राकेश शर्मा ने यह यात्रा वर्ष 1984 में की थी। एक्सिओम 4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के ड्रैगन कैप्सूल ने मंगलवार को भारतीय समय के अनुसार दिन में 3:02 बजे कैलिफोर्निया के पास प्रशांत महासागर में स्प्लैशडाउन किया। इस दौरान उन्होंने हाथ उठाकर सबका अभिवादन किया। उन्होंने 18 दिनों में पहली बार गुरुत्वाकर्षण का अनुभव किया। इसके बाद शुभांशु शुक्ला को आइसोलेशन रूम में ले जा गया। अगले एक हफ्ते तक शुभांशु और अन्य एस्ट्रोनॉट्स को क्वारंटाइन (पृथकवास) रखा जाएगा। मंगलवार को पूरा देश अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शेष पेज 11 पर...

## धुरकी में मनरेगा योजनाओं में भारी अनियमितता, 11 कर्मियों पर कार्रवाई

- दो ग्राम रोजगार सेवक, तीन कनीय अभियंता समेत कई पदाधिकारी सेवा मुक्त : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** धुरकी प्रखंड के मिरचईया गांव में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। लोकपाल की जांच में कूप निर्माण की तीन योजनाओं में जेसीबी मशीन का प्रयोग और प्राक्कलन से हटकर निर्माण कार्य पाया गया। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। जिन 11 लोगों पर कार्रवाई हुई है, उनमें ग्राम रोजगार सेवक अनिल यादव व उमेश कुमार, कनीय अभियंता नितेश कुशवाहा, राकेश रंजन रवि, मुकेश दूबे, लेखापाल बबलू प्रसाद को सेवा से मुक्त कर दिया गया है। शेष पेज 11 पर...

### सीसीएल मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट से जुड़े मैनेजर, दो क्लर्क और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर कोयला उठाने और उसके परिवहन में रिश्वत लेकर फायदा पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई जांच पड़ताल कर रही है। गिरफ्तार किए लोगों में गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट के मैनेजर अयोध्या करमाली, लिपिक मुकेश कुमार एवं प्रकाश महली तथा विजय कुमार सिंह शामिल हैं।

## कुएं के जहरीली गैस से पिता-पुत्र की मौत

- कुएं से मोटर निकालने के दौरान हुआ हादसा

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के हरतुआ पंचायत अंतर्गत अमवा गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना घटित हुई। कुएं में उतरने से पिता-पुत्र की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमवा निवासी शंभू सिंह अपने घर के कुएं में मोटर खराब होने पर उसे निकालने नीचे उतरे थे। काफी देर तक वापस न आने पर उनके पिता विश्वनाथ सिंह भी कुएं में उतर गए। आशंका है कि कुएं के भीतर जहरीली गैस मौजूद थी, जिसके कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह और थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई विक्रमशिल घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासनक की टीम के निर्देशन में शवों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुआं संकीर्ण होने के कारण कोई नीचे उतरने को तैयार नहीं हो रहा था। वहीं 3 घंटा के काफी मस्तक के बाद बाद लेस्लीगंज थाना के पुलिस कांस्टेबल बबन कुमार यादव ने हिम्मत कर कुएं में अंदर उतरे। उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से दोनों का शव बाहर निकाल गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## दारूडीह पोस्ट ऑफिस में कार्यरत बीपीएम मधु ने की आत्महत्या

- पुलिस मामले की जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** दारूडीह पंचायत भवन स्थित पोस्ट ऑफिस में कार्यरत शाखा डाकपाल (बीपीएम) मधु ने मंगलवार सुबह अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह हृदयविदारक घटना उस समय घटी जब मकान मालिक अपने परिवार के साथ खेत में धान लगाने गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोज की तरह मकान मालिक की पुत्री नीलम बाला ने मधु को आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर जब दरवाजा खोला गया तो मधु को फांसी पर लटका पाया। नेहा ने तुरंत अपने भाई अमित को सूचना दी, जिसने आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना से एसआई राजू मांझी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। एसआई ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मृतका के परिजनों शेष पेज 11 पर...

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से, स्पीकर ने जारी किया कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा में आगामी एक अगस्त शुक्रवार से झारखंड विधानसभा का षष्ठम तृतीय मानसून सत्र आहुत किया जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाले मानसून सत्र में दो दिनों का अवकाश और पांच कार्य दिवस होगा।

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रबींद्रनाथ महतो ने मंगलवार को सत्र से संबंधित औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दी है। इस निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक अगस्त को शपथ ग्रहण और झारखंड विधानसभा के सत्र में नहीं रहने की अवधि में राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेश की प्रतियां सभा पटल पर रखने के अलावे शोक सभा किया जाएगा।

वहीं दो और तीन अगस्त को सत्र में अवकाश घोषित है। इसी तरह चार अगस्त को प्रश्न काल और द्वितीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन किया जाएगा।

पांच अगस्त को प्रश्न काल और वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक विवरणी पर सामान्य वाद विवाद, मतदान एवं तत्संबंधित विनियोग विधेयक का सभा पटल पर स्थापना तथा पारण होगा। इसी तरह छह अगस्त को प्रश्न कल के साथ-साथ राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। वहीं सात अगस्त को प्रश्न काल के साथ-साथ राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य एवं गैर सरकारी संकल्प होगा।

## सुदेश ने मुख्यमंत्री से मिलकर ली गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी



**रांची।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नई दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गंगाराम अस्पताल में भर्ती शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि गुरुजी के स्वास्थ्य में धीरे:धीरे सुधार हो रहा है। वहीं सुदेश महतो ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इसके पूर्व आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी हेमंत सोरेन से नई दिल्ली में मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीयू में रखा गया था। सर गंगा राम अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ उनकी देखभाल कर रहे हैं।

## इंडिया | पुरुषों की सुंदरता में बाजार ढूंढती बहुराष्ट्रीय कंपनियां


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

किसी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महिलाओं की तरह सजे धजे पुरुष को देखकर पहले लोगों को आश्चर्य होता था अब कम हो गया है क्योंकि फिल्मों से लेकर महानगरों तक में फिटनेस और सुंदरता के लिए दीवानगी उसी दिशा में बढ़ रही है जब मेरी मर्जी वाला भाव आ जाए पर समाप्त होता समाज का यह लिहाज बहुत खतरनाक है क्योंकि यह हमें बेशर्म और निरंकुश बनाता है और हम पशु बन जाते हैं।फैशन की दुनिया में हर रोज नए-नए ट्रेंड्स चलते रहते हैं। यदि इन्हें बड़ी सेलिब्रिटीज के द्वारा चलाया जाए, तो ये बहुत जल्दी गति पकड़ते हैं। जाहिर है कि सेलिब्रिटीज इन्हें किसी न किसी कंपनी के विज्ञापन के तौर पर चलाते हैं। इससे उन्हें भारी कमाई होती है। लेकिन लोग इनसे प्रभावित होकर उस ब्रांड के उत्पादों को हाथों-हाथ लेते हैं। इन दिनों पुरुषों की दुनिया का नया ट्रेंड है, सजना-संवरना। अपने नाखूनों पर तरह-तरह की नेल पॉलिश लगाना। इसके पक्ष में कुछ पुरुष कह रहे हैं कि फैशन या सजना-संवरना, लैंगिक भेदभाव से मुक्त होना चाहिए। पुरुष क्यों नहीं नेल पॉलिश लगा सकते? वे क्यों नहीं अपने नाखूनों को सुंदर रख सकते? किसने कहा कि नेल पॉलिश पर सिर्फ स्त्रियों का ही अधिकार है? कहा जा रहा है कि आदमियों द्वारा नेल पॉलिश लगाना कोई नई बात नहीं है। अंगरेजी गायक डेविड बोवी जब मंच पर गाते थे, तो हमेशा उनके नाखूनों में नेल पॉलिश लगी रहती थी। आजकल सिर्फ नेल पॉलिश ही नहीं लगवाई जा रही, बल्कि तरह-तरह के डिजाइन भी बनवाए जा रहे हैं। उंगलियों में भी तरह-तरह की अंगूठियां पहनी जा रही हैं। पुरुषों के लिए साज-सज्जा का काम करने वाले विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसमें गलत क्या है! जो पुरुषों को अच्छा लगता है, वह वे कर सकते हैं। प्रतीक बब्बर से लेकर बहुत से लोग अपने रंगीन नाखूनों को दिखाकर खुश हो रहे हैं। पुरुषों का कहना है कि इस तरह से वे स्त्री नहीं हो जाते, पुरुष ही रहते हैं। हां, पुरुषों को भी सुंदर और आकर्षक दिखने का हक है। दुनिया के बहुत से मशहूर गायक और अभिनेता इसे अपना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि नाखूनों पर तरह-तरह के रंगों की नेल पॉलिश आदमी की सामाजिक स्थिति भी बताती है। जैसे कि काला रंग ऊंची आर्थिक स्थिति का प्रतीक है, तो हरा रंग साधारण लोगों के लिए है। कमाल यह है कि रंगों ने भी अमीर-गरीब का भेद सीख लिया है! सिर्फ नेल पॉलिश ही नहीं, पुरुषों में बालों को भी तरह-तरह से रंगवाने, सजाने, काढ़ने का फैशन बढ़ रहा है। उनके लिए तरह-तरह के श्रृंगार-प्रसाधन बाजार में आ रहे हैं। वे बड़ी मात्रा में इनका उपयोग भी कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पुरुषों को ब्यूटी मिथ्स को तोड़ना चाहिए। वे क्यों नहीं मेकअप कर सकते! सारा मेकअप का सामान और सारा प्रसाधन उद्योग आखिर स्त्रियों को ही क्यों समर्पित हो? लोग कह रहे हैं कि मेकअप के प्रति जितना आकर्षण इन दिनों पुरुषों में देखा जा रहा है, वह पहले कभी नहीं देखा गया। वे अपनी त्वचा की देखभाल पहले से अधिक कर रहे हैं। इसके लिए तरह-तरह के प्रसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में वे लिपस्टिक का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने लगें। पुरुषों का इस तरह से सजना-संवरना कोई नया नहीं है। हजारों वर्षों से पुरुष ऐसा करते आए हैं। अपने यहां भी राजा-महाराजाओं की तस्वीरें देखें, तो वे खूब गहने पहने दिखते हैं। उनके माथे पर तिलक भी लगे होते हैं। भगवानों की मूर्तियां भी खूब गहने पहने रहती हैं। शादी विवाह में पुरुष भी सजते हैं। सखी संप्रदाय के पुरुष स्त्री भाव से सजते हैं। वैसे ही सिंदूर लगाते हैं और चूड़ियां पहनते हैं। पांवों में आलता और महावर लगाते हैं। ओडिशा निवासी उत्तर प्रदेश के एक आईजी रैंक के पुलिस अफसर भी इसी तरह सजते थे और वह खुद को राधा बताते थे। लेकिन आज का पुरुषों का फैशन ट्रेंड पश्चिम से आयातित है। जैसा कि होता है, पश्चिम से चला हर फैशन ट्रेंड, भारत में बहुत जल्दी अपनी जगह बना लेता है। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। वैसे भी कंपनियों की इच्छा होती है कि उनके उत्पादों को किसी एक वर्ग तक ही सीमित न रखा जाए! यदि कोई उत्पाद स्त्री-पुरुषों के भेद से मुक्त है, तो उसका उपयोग बढ़ता है और इस बहाने कंपनियां भारी मुनाफा कमाती हैं। वे उत्पादों को सौंदर्य और दूसरे से हमेशा अलग दिखने की चाहत से जोड़ देती हैं। और इस तरह घर-घर पहुंच जाती हैं।महानगरों तक तो बात चल जाती है पर गांवों के देश भारत में ऐसे लोग हंसी के पात्र बन जाते हैं।



### राज्यपाल ने मारवाड़ी कॉलेज के 5वें ग्रेजुएशन समारोह में लिया भाग, कहा-

## उपाधि केवल प्रमाणपत्र नहीं बल्कि दायित्व की शुरुआत है

- ज्ञान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाएं
- विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मारवाड़ी कॉलेज के विवेकानंद प्रेक्षागृह में मंगलवार को आयोजित कॉलेज के '5वें ग्रेजुएशन समारोह' में भाग लेकर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें प्रेरित किया। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि यह अवसर न केवल विद्यार्थियों, बल्कि उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं संपूर्ण महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष एवं गौरव का क्षण है। उपाधियां केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रमाण हैं तथा जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत भी हैं। यह केवल प्रमाणपत्र नहीं है, बल्कि एक नए दायित्व की शुरुआत है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम न मानें, बल्कि उसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाएं। उन्होंने कहा, भारत जैसे विविधतापूर्ण और संभावनाओं से भरे देश को आज आपके नवाचार, विचार और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, आज हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है और 'विकसित भारत @2047' की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को साकार करने में देश के युवाओं की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने आशा प्रकट करते हुए कहा कि मारवाड़ी कॉलेज के विद्यार्थी विज्ञान, कला, प्रशासन, शिक्षा, उद्यमिता एवं सामाजिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देंगे। राज्यपाल महोदय ने यह भी कहा कि वे राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता शेष पेज 11 पर...

# अवैध शराब भंडार का भंडाफोड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर(पलामू)।** गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी छत्तरपुर के निदेशार्नुसार सोमचार की रात कउवल देवी मंदिर के पास शोभी यादव के घर पर अवैध शराब तस्करी को लेकर छापेमारी की गयी। पुलिस की टीम जब पहुंची तो घर के बाहर खड़े पिकअप में स्टील के 2 बड़े ड्रम और 3 बक्से रखे हुए थे। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो एक रूम से 26 प्लास्टिक बोरों में भरकर रखे 4,83 प्लास्टिक के जरकिन बरामद किया गया। 6 बोरा में 108 जरकिन को सैंपल के रूप में जब्त कर लिया गया और शेष 375 जर्किन को घटनास्थल पर ही सील कर दिया गया। छापेमारी में डिस्ट्रिक्ट एक्साइज कमिश्नर संजीत कुमार, बीडीओ आशीष साहू समेत भारी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

# करंट लगने से विवाहिता की मौत



**छानबीन में जुटी हैदरनगर पुलिस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय के भाई बिगहा में मंगलवार को विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। इसकी सूचना मिलने पर एसआई आशीष कुमार और एएसआई जितेंद्र कुमार और बसंत दुबे दलबल के साथ शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। छानबीन के दौरान उन्होंने बताया कि भाई बिगहा निवासी गुलाम मुस्तफा उर्फ सोनू खान की पत्नी शहजादी खातून की संदिग्ध अवस्था मौत होने की शिकायत आई है। बिहार के कुटुंबा से मृतका के मायके से परिजन भी घटनास्थल तक पहुंचे हैं। उधर ससुराल के परिजनों ने बताया कि महिला शहजादी खातून सहित सभी परिजन सुबह का नास्ता बनाकर भींगे बिस्तर को सूखने के लिए डाल रही थी। इसी दौरान छत के ऊपर गुजरे विद्युत तार की चपेट आने से मौत हो गई है।

## दीवार गिरने से एक की मौत



**छतरपुर (पलामू )।** छतरपुर क्षेत्र के बगैया पंचायत के चोडार गांव के निवासी राजदेव यादव दीवार गिर जाने के कारण दबने से मौत हो गयी। घटना के दौरान मृतक सोया हुए था, बरसात के कारण मिट्टी का दीवार गिर गया और दबने से उसकी मौत हो गई। हलांकि परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल मेदिनीनगर ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

## जगदेव चौक का जलमीनार कई माह से खराब

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय जगदेव चौक पर निमार्णाधीन हनुमान मंदिर के पास स्थित सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार खराब हो गया है। इसके खराब होने के कारण आसपास के दुकानदारों, स्कूली बच्चों व बैंक ग्राहकों को पीने के पानी को लेकर कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पंचायतीराज मद से इसे 3-4 साल पहले लगाया गया था। बाद में इसको खराब होने पर इसकी मरम्मत भी कराई गई थी। करीब एक साल से सार्वजनिक स्थल पर स्थित जलमीनार खराब हालत में दिखावे की वस्तु बनकर रह गयी है। लोगों ने कहा कि यही स्थिति बनी रही तो यह जलमीनार कबाड़ बन जाएगी। लोगों ने इसकी मरम्मत कराकर उपयोगी बनाने की मांग की है।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत जपला आरपीएफ को मिली सफलता, 3 बोरा देसी शराब किया बरामद




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गत रात्रि को उप निरिक्षक कार्तिक बिंझा, रेलवे सुरक्षा बल जपला के नेतृत्व में ऊंटारी रोड रेलवे स्टेशन के आगमन पर आरपीएफ बल अजय कुमार ने अपराधी गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी रोकथाम के दौरान गाड़ी संख्या 53349 अप (सवारी गाड़ी) ऊंटारी रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3 पर चेकिंग के दौरान जनरल कोच नंबर 114311 में 3 अदद प्लास्टिक का बोरा लावारिस हालत में पड़ा मिला। उक्त प्लास्टिक का बोरा के संबंध में मौजूद यात्रियों से पूछ-ताछ किया गया। प्लास्टिक का बोरा किसका है, किंतु किसी ने भी उक्त बोरा को अपना मलिकाना हक नहीं बताया। ना ही कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उक्त बरामद 3 अदद प्लास्टिक का बोरा को गाड़ी से जपला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर तीन पर उतरा गया और समक्ष गवाहान स्टेशन लाइट की रोशनी में खोलकर चेक किया गया। प्लास्टिक के बोरा में टनाका देसी शराब निकला। जिसपर फोर सेल इन झारखंड अंकित था। प्रत्येक बोरे में 40 अदद बोतल कुल 120 अदद टनाका देसी शराब, जिसकी अनुमानित मूल्य 6600 रुपया है।

# किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह जिला किसान मित्र संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल पर ऑन करने की अपील की है। उन्होंने जारी प्रेस बयान में कहा है कि किसानों के लिए अति महत्वकांक्षी योजना बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल खुल गया है। इसलिए सभी किसान भाइयों से आग्रह है कि खरीफ एवं अगहनी फसल का बीमा करा लीजिए झारखंड सरकार के द्वारा अंतिम जुलाई माह तक अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। बीमा ऑन लाइन करना है, आप चाहें तो अपने मोबाइल या प्रज्ञा केंद्र पर जाकर बीमा करा सकते हैं। कागजात के रूप में आधार कार्ड,जमीन का रसीद, बैंक खाता और मोबाइल नंबर की आवश्यकता है। विशेष जानकारी के लिए अपने -अपने क्षेत्र पैक्स अध्यक्ष, किसान मित्र और स्थानीय जनप्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

## भूमि विवाद में मारपीट, 5 घायल

**मोहम्मदगंज।** भौंराहातर गांव में खेत जोतने के दौरान भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। इसमें दोनों पक्ष के कुल मिलाकर 5 लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जबकि एक घायल अविनाश यादव को वहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। उसका एक हाथ टूट गया है। इस घटना में दोनों ओर से लाठी-डंडे, और गड़ासा खूब चले हैं। सभी के सिर फट गए हैं। घायलों में एक पक्ष से धनंजय यादव व संजय यादव जबकि दूसरे पक्ष से सुनील यादव, ददन यादव, विपत यादव व बबन यादव के नाम शामिल है। दोनों पक्षों ने इस मामले में मंगलवार को अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कंडा पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में कार्यक्रम

- बाल संसद के कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** कंडा पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बाल संसद का गठन किया गया। साथ ही बाल संसद गठन के पश्चात बाल संसद के कैबिनेट मंत्रियों को अपने कर्तव्य, दायित्व व जिम्मेवारियों को लेकर को उन्हें शपथ दिलाने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुमित शंकर व संचालन शिक्षिका मेहनाज ने की। गठित बाल संसद में 10वीं वर्ग के छात्र मनीष कुमार गुप्ता का चयन प्रधानमंत्री के पद के लिए कैबिनेट के मंत्रियों ने मिलकर चुनाव प्रक्रिया के तहत किया। साथ हीं प्रधानमंत्री व कैबिनेट के अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। विद्यालय की प्राचार्य सुमित शंकर ने सभी नवगठित मंत्रीमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कर्तव्य, दायित्व व मिले जिम्मेवारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। जो उनके कुशल व्यक्तित्व में निखार लाएगा। इस कार्य में वे अन्य सदस्यों का सहयोग प्राप्त करेंगे। शिक्षक भी उन्हें सहयोग करते रहेंगे। संचालन कर रही शिक्षिका मेहनाज ने बाल संसद की कार्यों पर प्रकाश डाला। शिक्षक विवेक कुमार पाठक ने कहा कि पुस्तकालय का उपयोग, प्रबंधन सीखना, विद्यालय को आकर्षक बनाना, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। विद्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षक विक्रमा कुमार दुबे, परमेश्वर गुप्ता, प्रेम गौरव, जितेंद्र कुमार, बृजेश सिंह, जावेद अंसारी, शिक्षिका सुलेखा रानी, मीनाक्षी चौधरी, संगीत शिक्षिका कविता कुमारी आदि ने अपनी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सतबरवा:बाबा धाम के लिए कांवरिया का जत्था रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सावन मास की शुरूआत के साथ ही शिवभक्त बड़े ही उत्साहित हैं। हर जगह हर-हर महादेव, बोल बम नाम की गुंज सुनाई दे रही है। शिव भक्त बाबा बैद्यनाथ धाम व बासुकीनाथ धाम जाकर महादेव की शिवलिंग पर जल चढ़ाने को व्याकुल है। वहीं सोमवार को समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने पोंची, हलुमाड़, नौरंगा से दर्जनों श्रद्धालु शिव भक्त कांवरिया का जत्था श्रद्धा और उल्लास के साथ रवाना किया। हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोषों से पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर आशीष कुमार सिन्हा ने कांवरिया जत्रथा रवाना करते हुए क्षेत्र में अमन चैन खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जत्थे में शामिल कांवड़िया मंदीप यादव, छोटु साव, पिंटु साव, दिलबोध साव, विवेक कुमार साहू, रवि साहू, सोनु साव, रूपवनती देबी, शंकर साव, बलराम साव, दुर्योधन साव, गंगा साव, ममता देवी सुनिता देवी, मुनिया देवी बम के साथ कई बम परंपरागत वेशभूषा में सजधज कर निकले। कांवड़ियों का यह दल जलाभिषेक के लिए सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर देवघर बाबा धाम की पदयात्रा करेगें।

# न्यूज | बॉक्स

## हैदरनगर से कांवरिया का पहला जत्था रवाना



**हैदरनगर।** सावन मास की शुरूआत के साथ ही शिवभक्तों में उत्साह चरम पर है। सोमवार को हैदरनगर से देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए पहला कांवरिया जत्था श्रद्धा और उल्लास के साथ रवाना हुआ। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। जत्थे में शामिल कांवरिया शिव शंकर बम, सुधीर सिंह, बबलू गुप्ता, संतोष बम, शंभू ठाकुर, मनोज फल, छोटू साव और कमलेश प्रजापति आदि श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच परंपरागत वेशभूषा में सजधज कर निकले। कांवरियों का यह दल जलाभिषेक के लिए सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर देवघर बाबा धाम की पदयात्रा करेगा। रवाना होते समय सड़कों पर कांवरियों की टोली झूमती और नाचती नजर आई। जिसे देखने स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उमड़े और कांवरियों का उत्साहवर्धन किया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर यह दृश्य देखते ही बनता था।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने दिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि पंचायत चुनाव से पंचायतों में रहने वालों का विश्वाश उठता जा रहा है, चुनाव जीतने के बाद फंड के अभाव में पंचायतों का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधि अपने आप को असहाय समझ रहें हैं। मुखिया पंचायत समिति सदस्य पंचायतों में छोटे छोटे विकास कार्य कराने से मजबूर है। पंचायतों को पूरा अधिकार के बिना राज्य यह ग्रामीण क्षेत्रों का विकास संभव नहीं है, धरना कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री के नाम पंचायत प्रतिनिधियों ने सात सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा को सौंपा। मांग पत्रों में वर्ष 24/25की 15 वें वित की बकाया राशि का अविलंब भुगतान करने, जिला योजना समिति की बैठक नियमित करने, सरकार द्वारा 14 विभागों की शक्तियों को पंचायती राज्य में दिया गया था उसे क्रियाशील किया जाए, केरल सरकार के मॉडल पर पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दिया जाए , समेत कई मांगे शामिल है। मौके पर जिप सदस्य रिंकी कुमारी, विनोद कुमार सिंह,मुखिया नरेश राम, सरिता देवी, मीना देवी, ममता देवी, मनोज भारती, सुदामा यादव, आत्मेश कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, श्रवण राम, पंचायत समिति सदस्य उप प्रमुख इंदु देवी, राजवंश यादव, अजित सिंह अरविंद कुमार मेहता, सुरेंद्र चौधरी, जिप सदस्य प्रतिनिधि मदन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि शिव शंकर यादव, विमलेश पासवान, रामलखन यादव, समेत काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

## जावाखांड़ में मनाया गया 76वां वन महोत्सव



**विश्रामपुर(पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसीगी पंचायत स्थित जावाखांड़ में मंगलवार को 76वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास, मुखिया किरण देवी, मोहम्मदगंज वन प्रक्षेत्र के रेंजर प्रमोद कुमार, युवा नेता विकास यादव, पूर्व मुखिया मुलायम सिंह यादव, समाजसेवी गोपाल राम व पिंटू चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। बतौर मुख्य अतिथि विजय रविदास ने कहा कि वन क्षेत्र की रक्षा करना सभी का सामाजिक दायित्व होता है। जल,जंगल व जमीन प्रकृति की धरोहर है। जिसका लाभ केवल मानव जाति हीं नहीं सभी प्राणियों को मिलता है। रेंजर प्रमोद कुमार ने वन महोत्सव के आयोजन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि वन क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबतक लगभग 50 हजार पौधा 30 हेक्टेयर भूमि में लगाया गया है। जिसमें इमरती व फलदार पौधे शामिल हैं। स्थानीय वन अधिकारी गौरव निराला ने बताया कि स्थानीय वन क्षेत्र में लगे पौधों के संरक्षण की जिम्मेवारी पूर्व मुखिया मुद्रिका यादव उर्फ मुलायम सिंह यादव को सौंपा गया है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पौधरोपण व वितरण दोनों किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल, जंगल व जमीन बचाने को ले सभी ने संकल्प लिया। मौके पर संदीप कुमार,बीरेंद्र कुमार,राजू रंजन कुमार,मिथिलेश कुमार,नीरज पांडेय, अभिषेक पांडेय, मुन्ना कुमार चौधरी, मिथुन कुमार, हरीनाथ चंद्रवंशी समेत कई लोग मौजूद थे।

# साल भर से खराब पड़ा है हाईमास्ट लाइट, शाम होते ही पसर जाता है सन्नाटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड में बैंक, विद्यालय और मंदिर मोड़ पर स्थापित हाइमास्ट लाइट करीब साल भर पहले से खराब पड़ा है। लेकिन कोई भी इसकी मरम्मत को लेकर सुधी नहीं ले रहा है। लोगों का कहना है कि पहली बार खराब हुआ था, तब तत्कालीन वार्ड सदस्य राजू चौरसिया ने मरम्मती कराकर इसे उपयोगी बनवाया था। इसके खराब होने से शाम होते ही बाजार में अंधेरा फैल जाने से सन्नाटा पसर जाता है। इससे व्यावसाय भी प्रभावित हो जाता है। इसके दायरे में ही दैनिक बाजार, एसबीआई, जेआरजीबी,पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय, महादेव-विश्वकर्मा और हुमान मंदिर आते हैं। रेलवे स्टेशन के कारण दिन-रात यात्रियों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में इसके खराब होने से पूरे क्षेत्र की असुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

# सरकारी बांध व पइन को जेसीबी मशीन से किया गया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के नौडीहा वन पंचायत के चोरया गांव में एक व्यक्ति के द्वारा सरकारी बांध एवं पइन को जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त किए जाने पर पूरे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचकर कार्य के प्रति जोरदार विरोध प्रदर्शन किया एवं अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह को शिकायत पत्र भी सौंपा है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से अंचलाधिकारी को बताया कि चोरया गांव में प्लॉट संख्या 93 जो सर्वे में बांध एवं पइन दर्ज है। जिसे हरणा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के द्वारा जेसीबी मशीन से काटकर उसे अपने खेत में मिला लिया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि बांध के रास्ते ग्रामीणों का आना-जाना होता है इस घटनाक्रम से ग्रामीणों का निकास एवं पानी का निकास भी बंद हो गया है। ग्रामीणों ने एक स्वर में सरकारी बांध एवं पइन को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर विरोध प्रदर्शन के दौरान चोरया गांव निवासी अरुण ठाकुर मुकेश ठाकुर संतु ठाकुर सुरेंद्र ठाकुर नारो भुईया बबीता देवी गुलाब कुमार रवि संजय भुईया समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गणना प्रपत्र को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**छतरपुर(पलामू)।** प्रखंड सभागर में गणना प्रपत्र को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के अध्यक्षता में संतोष कुमार प्रशिक्षक के द्वारा सभी बीएलओ,सभी सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में गणना प्रपत्र एक और गणना प्रपत्र-2 से सबंधी दसतावेज के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में नौडीहा बाजार सीओ, प्रखंड प्रधान सहायक नवाब खा, बीपीआरओ कृष्णा प्रसाद साहू,सत्यम कुमार, निर्वाचन ऑपरेटर पुरुषोत्तम कुमार सभी बीएलओ सभी सुपरवाइजर शामिल थे।

**परेशानी**

### बारिश में पीसीसी पथ बना तालाब, आवागमन बाधित

# कार्यपालक पदाधिकारी से जल-जमाव रोकने की व्यवस्था की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** गत दो दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान के बगल में स्थित मेन रोड को नदी रोड से जोड़ने वाली पीसीसी पथ तालाब में तब्दील हो गई है। करीब एक वर्ष पहले नगर पंचायत द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था। परंतु अधिकारियों व संवेदक की लापरवाही के कारण सड़क की ऊंचाई मानक का ख्याल नहीं रखा गया। वहीं आहर के बगल में स्थित रहने के कारण हल्की बारिश से भी सड़क का अधिकांश भाग पानी में डूब जाता है और आवागमन बाद बंद हो जाती है। आसपास के लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के समय ही सड़क की ऊंचाई कम रहने पर आपत्ति जताई गई थी। परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। शहरवासियों ने उक्त पीसीसी पथ की ऊंचाई बढ़ाने तथा जल जमाव रोकने की व्यवस्था करने की मांग कार्यपालक पदाधिकारी से की है। जिससे बरसात में भी आवागमन सुचारू हो सके।

## भारी बारिश से कोयल-काशीस्रोत नदी का जलप्रवाह बढा

**मोहम्मदगंज।** मंगलवार की दोपहर में एक घंटे झमाझम बारिश हुई। इससे कोयल व काशीस्रोत नदी का जलप्रवाह बढ गया। जिनका जलप्रवाह बीच के दिनों में बारिश नहीं होने से कम पड़ गया था। इस बारिश से उमस भी कम हो गया और मौसम सुहाना बन गया। बारिश को बिचड़ा और धान की फसल के लिए फायदेमंद बताया गया। जिन किसानों मृगशिरा नक्षत्र में बिचड़ा डाला था, उन्होंने धनरोपनी भी पूरी कर ली है। बाद में जिन किसानों ने बारिश होने पर बिचड़ा डाला था,वे इसके तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि भदई फसलों में छिटपुट रूप से अरहर की बोवाई कर तो दी गई। लेकिन लगातार बारिश की वजह से मक्का, तील, बोदी, बराई और मूंगफली की बोवाई संभव नहीं हो सका है।



**शहर की सड़कों पर जान का खतरा**

# नगर निगम की अनदेखी से रोज घायल हो रहे कई लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्ग में बना गड्ढा दिन-प्रतिदिन जानलेवा साबित हो रहा है। बरसात में गड्ढे में भरा लबालब पानी से गहराई का अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है। जिस कारण राहगीर रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विभागीय उदासीनता के कारण छोटे-छोटे गड्ढे ने विशाल रूप ले लिया है। बार-बार आगाह कराने के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने की मजबूरी है। लोगों का आरोप है कि मुख्य सड़क के किनारे नाली नहीं होने के कारण सड़क तथा गड्ढे में पानी का जमाव हो जाता है। जिस कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कहने को तो पीडब्ल्यूडी द्वारा विभिन्न सड़कों समय-समय मरम्मत की जाती है लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होने के कारण सड़क उखड़ जाती हैं और गड्ढा बन जाता है। रांची रोड तथा बाईपास में बने रोड एनएचएआई अंतर्गत आता है। इस सड़क की स्थिति काफी बदहाल है। सड़क पर विशाल गड्ढा हो जाने के बाद भी विभाग इस ओर से उदासीन बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों का कहना है कि इन स्थानों पर बारिश का पानी जमा हो जाने से गड्ढे का अंदाजा नहीं हो पाता है, जिससे बाइक सवार रोज गिर रहे हैं। लोगों ने विभाग को शीघ्र पहल करते हुए सड़क में बने गड्ढे को भरने की मांग की है।








### जल्द होगी मरम्मती

इस बाबत जानकारी लेने पर पीडब्ल्यूडी के प्राक्कलन पदाधिकारी अंकित टेकरीवाल ने बताया कि विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों में गड्ढे वाले स्थानों की चिन्हित किया गया है। जल्द ही इनकी मरम्मत की जाएगी।

### गड्ढा एक से डेढ़ फीट तक गहरा

शहर के जीएलए कॉलेज गेट, ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने रांची रोड, गायत्री मंदिर सुदना समेत कई अन्य स्थानों पर गड्ढों ने सड़क की सूरत बदलकर रख दी है। रेड़मा चौक पर छोटे गड्ढे विशाल हो गये हैं। इस दौरान बायपास गड्ढा हो जाने से राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बायपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी गेट के सामने गड्ढा एक से डेढ़ फीट तक गहरा हो गया है। जहां बरसात का पानी जमा हो जाने से बाइक सवार लोग लगातार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार बाइक के ऑटो और रिक्शे अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर चुके हैं। कई लोगों के मोबाइल भी इस गड्ढे में गिर कर बर्बाद हो चुके हैं।

## मंगलवार को भी शहरी क्षेत्र में जमकर हुई बारिश, 24 घंटे में 90.5 एमएम वर्षा दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मानसून के शुरू होने के बाद शुरू हुई बरसात लगातार जारी है। जिले में बरसात के शुरू हुए लगभग तीसरा महीना पूरा होनेवाला है। इतने दिनों में किसी भी दिन लोगों ने खुल कर धूप नहीं देखा है। हर दिन झमाझम बारिश हो रही है। मंगलवार को भी सुबह से ही शुरूआत से ही बारिश हुई। मेदिनीनगर के शहरी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पूरे दिन कई बार तो काफी तेज बारिश हुई। सोमवार को हुए बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलजमाव जारी है। शहर के रांची रोड, गायत्री मंदिर रोड में नाला बन गया। वहीं नदी किनारे के कई हिस्से में जगह-जगह पर पानी लोगों के घरों में घुस गया। लोगों ने कहा कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण यह परेशानी हो रही है। लगातार बारिश के बाद कोयल अमानत व मलय नदियां फिर एक बार उफान पर हैं, वहीं खेत, तालाब और कुआं में पानी लबालब भर गये हैं। लगातार बारिश से शहर में ऑफिस स्कूल समेत सभी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जहां 21.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, वहीं मंगलवार को 25.5 मिलीमीटर वर्षा हुई। वहीं बीते 24 घंटे में 90.5 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। आगामी कुछ दिनों के लिए मौसम विभाग में पलामू जिले को लेकर येलो येलो जारी किया है। इस दौरान वर्ष के साथ-साथ वज्रपात की भी संभावना जताई गई है।



## बारिश में जंग खा रही छात्रों को मिलने वाली साइकिलें

- कई माह से जिला स्कूल में खुले में पड़ी हैं साइकिलें
- शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कब खुलेगी नींद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (जिला स्कूल) परिसर में छात्राओं को बांटे जाने वाली सैकड़ों साइकिलें खुले आसमान के नीचे बरसात के पानी में जंग खा रही हैं। विदित हो कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार एवं आकर्षक बनाने के लिए कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग द्वारा प्री मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान करता है ताकि बच्चे स्कूल आएं और पढ़ाई करें। छात्राओं को देने के लिए कई महीने पूर्व ये साइकिलें आई हैं।



**साइकिल रख रखाव के लिए जगह नहीं**

हालांकि अबतक साइकिल रखने के लिए जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण सभी साइकिलें विद्यालय परिसर के मैदान के किनारे में पड़ी हुई हैं। यहां तक कि साइकिलों को किसी तिरपाल या प्लास्टिक ढका भी नहीं गया है। साइकिलों में अब जंग लगने लगी है। कई बार खुले में साइकिल रखने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध हेतु करने हुई बात उठाई गई। परंतु इसकी सुनवाई नहीं हुई। आलम यह है कि विभाग बरसात के पानी से साइकिलों को बचाने में असमर्थ हैं। विभाग की इस लापरवाही पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इन साइकिल का वितरण किया जाता तो इनकी हालत ऐसी नहीं होती। अक्सर देखा जाता है कि साइकिल के अभाव के कारण छात्रवााएं पैदल विद्यालय जाती हैं परंतु विभाग की मायूसी के कारण उन्हें साइकिल के सुविधा नहीं उपलब्ध हो पा रही है।

इस विषय पर पक्ष रखने के लिए डीइओ सौरभ प्रकाश से संपर्क करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## चोरी के इन्वर्टर व बैटरी के साथ एक गिरफ्तार

- पशुपालन विभाग से चोरी हुई थी इन्वर्टर व बैटरी

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टीओपी-2 क्षेत्र में 12 जुलाई को पशुपालन विभाग के पेट क्लीनिक, मेदिनीनगर का कार्यालय बंद था। दिनांक 14 जुलाई को जब क्लीनिक खोला गया, तो पाया गया कि कार्यालय की सीढ़ी के नीचे रखा माईकोटेक इन्वर्टर और बैटरी चोरी हो गया है। इस संबंध में शहर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए टीओपी- 2 प्रभारी राकेश कुमार एवं टाइगर मोबाइल टीम के सहयोग से रात्रि में ही रेलवे ओवरब्रिज के पास से विशाल कुमार उर्फ विशाल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में विशाल कुमार जो शाहपुर का रहने वाला है ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी के साथ दिनांक 13 जुलाई की रात्रि पेट क्लीनिक से इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में टाइगर मोबाइल के जवानों को गश्ती पर देख डर के कारण उसने चोरी का सामान लकड़ी टाल रोड के पास झाड़ियों में छुपा दिया।



## पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने सूदना शिव मंदिर में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत सुदना शिव मंदिर में डीआईजी नौशाद आलम ने पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर का निरक्षण भी किया। इस अवसर पर डीआईजी पलामू ने कहा कि सावन का पावन महीना अभी प्रारंभ हुआ है और अभी हम सभी ने मुहर्रम को आपसी भाई चारे से मनाया है। उन्होंने पलामूवासियों को सावन की शुभकामनाएं दी, आगे कहा कि जैसे हम लोगों का रमजान एक महीना चलता है वैसे ही सावन का पावन महीना पूरे एक महीना चलेगा, इस महीने में श्रद्धा, प्रेम का बयार बहा रहता है। जितने भी श्रद्धालु रोड पर मंदिर में शिवालियों में भगवा कपड़ों के साथ चलते हैं उनमें श्रद्धा और प्रेम की भावना अपार बहती है। उन्होंने रमजान तथा सावन के महीन का व्याख्यान करते हुए कहा कि दोनों महीनों में शरीर पूरी तरह से स्वस्थ हो जाता है। वर्तमान समय में हम सभी को विचलित नहीं होना है शास्त्र में लिखी बातों को अमल में लाना है, कन्हीं की बातों में आने वाले नहीं है। सभी समुदाय के लोग आपस में मिलकर भाईचारे की बयार बहा रहे हैं। पुलिस पूरी तरह से तैयार है अब जनता के हित के लिए पुलिस के द्वारा ई-साक्ष्य की भी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है आगे उन्होंने कहा कि मंदिर के श्लोक तुमही से, मस्जिद की आजान हो तुम, तेरी इबादत में मेरा सजदा, गीता और कुरान तुम हो ये संदेश है और यह हम लोगों को मनाना चाहिए।

आगे पूछे गए सवाल पर डीआईजी पलामू ने कहा कि सोमवार के शिव मंदिर पर पुलिस बल उपस्थिति रहेगी। मौके पर पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी जगह-जगह पर उपस्थित रहेंगे। इसके लिए संबंधित जिले के पुलिस कप्तान को कहा गया है।



## माई भारत संगठन ने किया पौधरोपण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माई भारत द्वारा पूरे देश भर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पलामू जिला अंतर्गत जनता शिवरात्रि महाविद्यालय मेदिनीनगर में प्राचार्य डॉ. अजय पासवान द्वारा पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की गई। पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व को बताते हुए डॉ. अजय पासवान ने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से ही पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। वहीं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश राम ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक रूप से पौधरोपण कर लोगों में जागरूकता फैलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु लोगों से आग्रह किया। पलामू के सभी प्रखंडों में इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्कर्ष तिवारी, प्रकाश रॉय, कमलेश पांडे सहित महाविद्याय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**कई लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन**

## भाजपा के चाल, चरित्र व चेहरे को अब जनता समझ रही है : बिट्टू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के अंदर बीजेपी के चाल चरित्र, नीति और सिद्धांत को देश की जनता 11 वर्षों में भली-भांति पहचान चुकी है। बहुत ही तेजी के साथ सिर्फ पलामू जिला ही नहीं बल्कि पूरे देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न पार्टियों के और सबसे ज्यादा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता और समर्थक कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन कर रहे हैं।

ऐसा ही नजारा पलामू जिला में देखने को मिला जहां पाटन प्रखंड के सुगना पंचायत के मुखिया मंजू देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार सिंह और समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा अन्य दलों के पदाधिकारी और समर्थक कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों से जन-जन के नेता राहुल गांधी जी के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया। इन सबों का पलामू जिला कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने तहे दिल से स्वागत किया । कहा कि इन सभी लोगों के आने से कांग्रेस पार्टी पलामू जिला में मजबूत होगी।

देश में बीजेपी उल्टी गिनती शुरू हो गया है, क्योंकि झूठ फेयर हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति कर सत्ता के गलियारों में बैठने वाले भाजपा नेताओं की चाल चरित्र और सिद्धांत को देश की जनता भली भांति समझ चुकी है। इसलिए बहुत तेजी के साथ सिर्फ पलामू में नही बल्कि देश में भाजपा और अन्य दलों को छोड़कर बहुत ही तेजी के साथ कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं। इसमें कई पार्टी कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल है। पलामू जिले के छतरपुर और डाल्टनगंज विधानसभा से सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने भाजपा को छोड़ पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में संगठन सृजन 2025 के तहत कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम नारायण सिंह 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष, विमला कुमारी, शंकर पांडे, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, शैलेश चंद्रवंशी, दीपक प्रसाद लाल, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी आदि लोग उपस्थित थे।




## वज्रपात में एक महिला घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बारिश के साथ हुए वज्रपात में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला रमुना थाना क्षेत्र के मड़वनीया गांव निवासी फैसल अंसारी की 28 वर्षीय पत्नी रूबीना बीबी है। आनन-फानन में घरवालों ने उपचार के लिए मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में घायल महिला के पति फैसल ने बताया कि रुबीना पानी लेने आंगन में गई थी कि बारिश के साथ वज्रपात होने पर रूबीना वज्रपात की चपेट में आ गई। जिसमें रुबीना गंभीर रूप से घायल हो गयी है।

## गढ़वा रोड जंक्शन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म

- स्टेशन मास्टर ने मानवता का परिचय देते हुए किया हर संभव मदद

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर मंगलवार को एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने तत्काल महिला को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया और उसके बाद एम्बुलेंस से जच्चे-बच्चे को विश्रामपुर सीएचसी भेजवाया। जानकारी के अनुसार बिहार के रोहतास निवासी माजीद अब्दुला की पत्नी लैला बानो डेहरी से स्टल पैसेंजर से गढ़वा रोड जंक्शन उतरी। प्लेटफॉर्म पर उतरते हीं वह प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी। स्टेशन मास्टर विनय पांडेय दर्द से कराहती महिला पर नजर पड़ी, उन्होंने तत्काल उसे चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया। जिसके बाद लैला बानो ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद विनय पांडेय ने एम्बुलेंस मंगवाकर जच्चे-बच्चे को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया, जहां समाजसेवी राजन पांडेय की मदद से दोनों का प्राथमिक उपचार हुआ। राजन पांडेय ने महिला के परिजनों को बुलाकर उसे घर भी भेजवाया।



**लापरवाही** | बार-बार विभाग की जानकारी में मामला लाने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं

# खेतों में झुके बिजली के तार दे रहे हादसों को न्योता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 2 में बजराहा से लेकर सिंगरा से गुजरे दर्जनों बिजली के खंभे खेतों में झुके होने के कारण हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। इन खंभों में लटक रहा तार जमीन से मात्र चार-पांच फुट की ऊंचाई पर ही गुजर रही है। बार-बार विभाग की जानकारी में मामला लाने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शायद विभाग किसी हादसे इंतजार में है। गांव के किसानों ने झुके हुए तारों को दुरुस्त करवाने तथा जर्जर पोल की जगह नए पोल लगवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस बारे में वे विभाग को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा करवा चुके हैं, लेकिन आज तक बिजली के तारों को ठीक नहीं करवाया गया है।



### बिजली विभाग कर रहा आनाकानी

स्थानीय निवासी प्रकाश शुक्ल ने बताया दो साल से बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है। लेकिन विभाग के कर्मचारी तारों को ठीक करने की बजाए, आनाकानी कर रहे है। इस क्षेत्र में खेती करने वाले किसानों का कहना है कि 11 हजार के झूलते तारों के बीच में चाह कर भी बरसात के दिनों में खेती नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खड़ी फसल के दौरान करंट लगने से जमीन से छू तारों में उलझ कर दो-तीन नीलगाय घायल हो गई। किसानों व खेत मालिक ने विभाग के उच्च अधिकारियों से इस समस्या का निदान करने की मांग की है।

## मुख्य सड़क पर जल जमाव से लोग परेशान

**रमना।** भले ही रमना प्रखंड अंतर्गत सभी तालाब नदियां वर्षा पानी की प्यासी है,लेकिन इस क्षेत्र के सडके पानी से लबा-लब हैं। गली -मुहल्ले के कच्ची सड़के या पीसीसी का हाल जल जमाव से बदतर हो गयी है। हर गली मुहल्ले में अक्सर सड़क पर जल जमाव दिख ही जायेगा। सड़क बना लेकिन वर्षा जल निकासी का कोई भी व्यवस्था नहीं किया गया है। सड़कों पर जल जमाव से ग्रामीण, राहगीरों का हाल बेहाल हो गया। इतना ही नहीं रमना सोनेहारा मुख्य सड़क पर हीरा सेठ के घर के सामने जल निकासी का व्यवस्था नहीं होने और दोनों तरफ से घर बन जाने से जल निकासी नहीं हो पा रहा है और मुख्य सड़क पर जल जमाव से अगल बगल के दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही सड़क भी खराब हो रहा है। यह सड़क बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है और काफी व्यस्त सड़क भी है। यदि इसका समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है। इस सम्बन्ध में दुकानदार विकास कुमार उर्फ आइबी ने बताया कि जल जमाव के कारण इस सड़क से आना जाना मुश्किल हो गया है। दुकानदार विनय चंद्रवंशी ने बताया कि दुकान के पास में ही सड़क पर जल जमाव से दुकानदारी टी व्यस्त हो ही रहा है गाड़ियों के आने जाने से ग्राहकों को बहुत कठिनाई होती है।

## सामान्य जाति के 35 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर केतार में सोमवार को सामान्य कैटेगरी के 35 छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, बीपीएम रवि कुमार बैध ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीपीएम रवि कुमार बैध ने कहा कि मध्य विद्यालय मुकुंदपुर, मध्य विद्यालय बलिगढ़, मध्य विद्यालय मेरौनी, मध्य विद्यालय हुरका, मध्य विद्यालय खैरवा, मध्य विद्यालय पाचाडुमर, मध्य विद्यालय केतार, मध्य विद्यालय कधवन, मध्य विद्यालय बीजडीह में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत सामान्य कैटेगरी के छात्र - छात्राओं को साईकिल दिया गया। इस मौके बीपीएम रवि कुमार बैध ने कहा कि साइकिल मिलने से दूरदराज के बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सहुलियत होगी। बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया गया। इधर दुसरी तरफ साइकिल वितरण में अनियमितता देखने को मिली। बीआरसी भवन से साईकिल लेकर बच्चे सीधे पंचर दुकान पर जाकर पंचर बनवाते और रिपेयरिंग कराते दिखें। साइकिल मिलने से जहां बच्चे उत्साहित दिखे वहीं साइकिल रिपेयरिंग दुकान पर काफी परेशान भी दिखें।

## चिनियां में बीएलओ की बैठक आयोजित

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें चिनियां प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंतिम गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण देना और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना था। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधारने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और गंभीरता बरती जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहे। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कुल 11 प्रकार के वैध दस्तावेजों में से किसी एक का होना अनिवार्य होगा, जिसमें केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी कोई पहचान पत्र, पेंशन भोगी का पहचान पत्र, 1 जुलाई 1987 से पहले सरकार, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा भारत में जारी कोई प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी या एसटी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर अथवा स्थानीय निकायों द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी कोई भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना जरूरी है।

## करंट लगने खलासी गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** बिजली के करंट की चपेट में आने से एफसीआई गोदाम में खाद्यान्न अनलोड करने आए ट्रक के उपचालक रांची निवासी प्रतीक भारती गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उपचालक को इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया,जहां पर तैनात चिकित्सक रंजन दास की देखरेख में इलाज जारी जारी है। घटना के संबंध में घायल उपचालक के पिता ने भोला भारती ने बताया कि हम ट्रक चलाते हैं,जबकि मेरा बेटा उपचालक का कार्य करता है। मंगलवार को भवनाथपुर के एफसीआई गोदाम में खाद्यान लोड ट्रक को अनलोड कराने के लिए ट्रक गोदाम के सामने लगा रहा था कि उधर से गुजरा हुआ बिजली के तार के संपर्क में मेरा बेटा आ गया। उसने बताया कि इसके पूर्व में भी उक्त बिजली के तार को ऊपर कराने के लिए कई मर्तबा बोले थे,लेकिन उनकी बातों को लोग नहीं सुने और हादसा हो गया।

## थाना दिवस पर आठ मामलों का समाधान

**भवनाथपुर।** मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अंचलाधिकारी शंभू राम और थाना प्रभारी रजनी रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी शंभू राम ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाए, तो न केवल न्याय मिल सकता है, बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। थाना दिवस के दौरान कुल आठ मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। मामलों के निपटारे के बाद सभी पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की।थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आए दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर, लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर अन्य पुलिसकर्मी, राजस्व कर्मचारी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई।

## बीआरसी भवन में गुरू गोष्ठी आयोजित

**केतार।** बीआरसी भवन केतार में बीपीएम रवि कुमार बैध की अध्यक्षता में गुरू गोष्ठी आयोजित किया गया। गुरू गोष्ठी में विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के मानसिक विकास के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर चर्चा कि गयी। बीपीएम रवि कुमार ने प्रधानाध्यापकों को युडाईस पर छात्रों का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुस्तक वितरण प्रतिवेदन, वगार्कार,जातिवार नामांकन प्रतिवेदन, जर्जर विद्यालय भवन सम्बंधित प्रतिवेदन, पुस्तक, नोट बूक , ज्ञान सेतू, एफएलएन पुस्तकों का प्रतिवेदन जमा करने को कहा। बीपीएम ने कहा कि प्रबंधन समिति का पुनर्गठन संबंधित आंकाड़ा पोर्टल पर अपलोड करने और सभी विद्यालयों का मध्याह्न भोजन का रिपोर्ट तीन बजे से पहले भेजना सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर सीआरपी श्याम किशोर सिंह, राम विजय गुप्ता, शिक्षक दीपक सिंह,राजीव कुमार, प्रिंस कुमार, संजीव आनंद, सुरेन्द्र ठाकुर, विरेंद्र राम, धर्मनाथ पासवान, विरेंद्र कुमार, शिवनाथ राम, आशिष पाठक, सुनील पांडेय, दिनेश कुमार,धर्मनाथ पासवान, अमरेन्द्र कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छात्रों को दिया गया जीवन कौशल की जानकारी

**खरौंधी (गढ़वा)।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मॉड्यूल 3ः पारस्परिक संबंध विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को जीवन कौशल, भावनात्मक संतुलन और सामाजिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को पारस्परिक संबंधों के महत्व, स्वस्थ संवाद, विश्वास और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों द्वारा पूर्व सप्ताह में आयोजित मॉड्यूल 2ः भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य की पुनरावृत्ति से की गई, जिससे बच्चों में विषय की स्पष्टता बनी रहे। उत्तक्रमित मध्य विद्यालय माझिगावां में डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार भी साझा किए। डीआरजी अरविन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम की सतत निगरानी जिला एवं राज्यस्तरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सभी विद्यालयों के आरोग्य दूतों को आग्रह किया गया है कि वे सत्र का रिकॉर्ड संधारण सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह के अंत में ऑनलाइन लिंक के माध्यम से विवरण अपलोड करें। यह पहल विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी सराहना क्षेत्रीय शिक्षा समुदाय द्वारा की जा रही है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स में नेतृत्व को लेकर विवाद, बबलू पटवा ने उठाए सवाल

# 2016 में ही संगठन से निष्कासन का हवाला देकर कार्यकारी अध्यक्ष बनने के दावे को नकारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा चैंबर ऑफ कॉमर्स के आजीवन सदस्यों ने मंगलवार को आदर्श होटल में पत्रकार वार्ता कर व्यवसायी संतोष केसरी द्वारा खुद को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित करने पर तीखी आपत्ति जताई। गढ़वा चैंबर अध्यक्ष बबलू पटवा ने कहा कि संतोष केसरी को वर्ष 2016 में ही संगठन से निष्कासित कर दिया गया था, ऐसे में उनका कार्यकारी अध्यक्ष बनना संगठनात्मक नियमों के विरुद्ध है। पटवा ने आरोप लगाया कि संतोष केसरी ने आम व्यवसायियों की एक बैठक बुलाकर खुद को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर लिया, जो पूर्णतः असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि अगर वह आज भी चैंबर के सदस्य हैं, तो अपनी सदस्यता की रसीद दिखाएं। हर बार नगर परिषद चुनाव के समय ही वह सक्रिय होकर खुद को पदाधिकारी घोषित कर देते हैं। चैंबर के वरिष्ठ सदस्य उमेश कश्यप ने आरोप लगाया कि संतोष केसरी व्यवसायियों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कि अगर उन्होंने व्यवसायियों के हित में कोई ठोस कार्य किया है तो सार्वजनिक रूप से बताएं। जब कभी बाजार में अग्निकांड जैसी घटनाएं होती हैं, तब वे कहीं नजर नहीं आते। वरिष्ठ सदस्य विनोद जायसवाल उर्फ नेताजी ने कहा कि चैंबर का संविधान और बायलॉज स्पष्ट है। अध्यक्ष का चयन उसी प्रक्रिया के अनुसार होता है। उन्होंने संतोष केसरी से पहले शहर के विकास को समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में गढ़वा में जितना भी विकास हुआ है, वह सामने है। ज्योति प्रकाश ने कहा कि बबलू पटवा के नेतृत्व में व्यवसायियों में सुरक्षा और विश्वास की भावना बनी है। उन्होंने उदाहरण दिया कि कैसे गढ़देवी मोड़ के पास सड़क की खराब स्थिति के खिलाफ चैंबर ने आंदोलन किया, जिसके बाद सड़क निर्माण का कार्य हुआ। दौलत सोनी ने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों को बुलाकर बैठक करने और खुद को पद पर घोषित करना चैंबर की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अधिकांश व्यवसायी संतोष केसरी की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं हैं। वरिष्ठ सदस्य डॉ. पतंजलि केसरी ने कहा कि रविवार को हुई बैठक की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई, जबकि वे स्वयं आजीवन सदस्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यवसायियों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है और नगर की मूलभूत समस्याओं की ओर संतोष केसरी का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि बरसात में शहर की नालियां ओवरफ्लो कर जाती हैं और सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, ऐसे में जरूरी है कि व्यवसायियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए न कि उन्हें भ्रमित किया जाए। इस अवसर पर लखन केसरी, संतोष कश्यप, उपेंद्र कुमार, देवेंद्र गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, अजय कमलापुरी, विक्रांत कुमार, पुनमचंद्र कांस्यकार, पंचम सोनी, विशाल गुप्ता, राहुल साहू समेत कई व्यवसायी उपस्थित थे।

## कॉफी विद एसडीएम में सामाजिक सरोकारों पर होगी चर्चा

गढ़वा। एसडीएम संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ का अगला सत्र बुधवार, 16 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे अनुमंडल कार्यालय में आयोजित होगा। इस बार का संवाद सामाजिक कार्यकताओं और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित होगा। एसडीएम ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्रशासन और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि जमीनी समस्याओं के समाधान में जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सक्रिय संगठनों, कार्यकताओं और सोशल मीडिया पर सकारात्मक भूमिका निभा रहे युवाओं से इस संवाद में भाग लेने की अपील की है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने अधिकतर मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दरबार में कांडी के शिक्षक रघुनाथ मिश्रा ने प्रतिनियोजन की मांग करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में उनके पैर में गंभीर चोट आई है। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता से विचार करने की बात कही। वहीं कांडी निवासी विजय मेहता की पुत्री अंशु कुमारी ने कैंसर पीड़िता होने के कारण इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को उचित योजना के तहत सहायता सुनिश्चित करने को कहा। सदर प्रखंड की मुस्कान खातून ने कन्यादान योजना की राशि अपने खाते में नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि खाता संख्या गलत दर्ज हो गया था। उपायुक्त ने तत्काल सुधार कर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बरगढ़ प्रखंड के बहेराखांड गांव के ग्रामीणों ने तालाब के जीर्णोद्धार की मांग की, जिससे सिंचाई की सुविधा बढ़े। उपायुक्त ने इस मांग पर विचार करने की बात कही।

## जंगली हाथी ने मक्के के खेत को किया बर्बाद

**रंका।** प्रखंड के चुतरू पंचायत के बांदु अंबेडकर टोला मैं जंगली हाथी पहुंच कर मक्के का खेत का तहस-नहस कर किया बर्बाद। इस संबंध में मक्का खेत के मालिक माथुर राम ने बतलाया कि आए दिन हाथी से चुतरू पंचायत के ग्रामीण काफी परेशान है। कभी किसी का घर गिरते हैं तो कभी किसी के खेत में घुसकर फसल का नुकसान कर देते हैं।

# मांडर स्थल की भूमि पर अतिक्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय में धुरकी के आदिवासी दलित व अन्य समाज के सैकडों लोगों ने सीओ जुल्फिकार अंसारी के खिलाफ जमकर उग्र प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने सीओ के खिलाफ धुरकी बजार समिति से जुलूस निकाला और मुख्य पथ होते हुए अंचल कार्यालय तक सीओ के खिलाफ जमकरनारेबाजी की। नारेबाजी के दौरान कार्रवाई की मांग सरकार से की। प्रदर्शनकारियों ने धुरकी में मांडर स्थल की भूमि पर अतिक्रमण कर झोपड़ी को हटाने की मांग की। इस दौरान भारतीय आदिम जनजाति परिषद व अखिल भारतीय भुइयां विकास परिसद के नरेश भुइयां व सुरेश कोरवा तेजू कोरवा ने भी धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांडर स्थल की भूमि का म्युटेशन रद्द कर निर्मित झोपड़ी को हटाने की मांग की। करीब दो घंटे तक चले उग्र धरना-प्रदर्शन के बाद प्रखंड परिसर में सभा को संबोधित भी किया। वहीं धरना-प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम बीडीओ को मांगपत्र सौंपकर मांडर की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने और गलत तरिके से सीओ सीआइ राजस्व उपनिरीक्षक की मिलीभगत से भूमि का म्युटेशन रद्द करने की मांग की। भारतीय कार्य समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष नरेश भुईयां ने अपने संबोधन में कहा कि धुरकी माडर देव स्थल को धुरकी के दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा माल बंधवाकर उक्त जमीन पर घर बना दिया गया है जहां आदिवासी परिवार के लोग सदियों से पूजा-अर्चना करते हैं। कहा कि धुरकी में जहां भुइयां समुदाय के लोग वर्षो से शमसान घाट पर अंतिम संस्कार करते हैं वहां कि भूमि को भी गलत तरीके से आनलाइन कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियो ने कहा की अगर मांडर स्थल की भूमि से कब्जा नहीं हटाया जाता है तब वे लोग और भी उग्र होकर उपायुक्त गढ़वा के समक्ष भी धरना प्रदर्शन करेंगे।

## शैक्षणिक कार्य में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरका के प्रधानाध्यापिका सरिता देवी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रबंधन समिति अध्यक्ष पर शैक्षणिक कार्य में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत किया है। प्रधानाध्यापिका ने आवेदन में उल्लेख किया है कि विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष के द्वारा प्रतिदिन विद्यालय में शोर शराबा करने से शैक्षणिक कार्य में बाधा आ रही है। अध्यक्ष के द्वारा शिक्षकों को विद्यालय सम्बन्धित कार्य करने से रोका जाता है। साथ ही विद्यालय में आकर बच्चों को डरा-धमकाकर सिखाते हैं कि कहो अच्छा खाना नहीं मिलता है। जिसका वीडियो मेरे पास उपलब्ध है। उन्होंने लिखा है कि विद्यालय के मध्याह्न भोजन में किसी तरह की क्षति पहुंचती है तो इसका जिम्मेवार प्रबंधन समिति अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बीइईओ से इस पर कार्रवाई करने का आग्रह के साथ उचित मार्गदर्शन मांगा है।

## जल-जमाव की समस्या से जूझ रहे छात्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** सदर पंचायत का एक ऐसा सरकारी स्कूल कैंपस जहां के छात्र छात्राएं हर साल बरसात के दिनों में जल जमाव की समस्या से जूझते हैं। राजकीय कृत मध्य विद्यालय डंडई का जहां इन दिनों काफी जल का जमाव हो गया है। इसी प्रांगण में प्रखंड संसाधन केंद्र और आधार केंद्र संचालित है। जहां दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लोग जल जमाव की समस्या से काफी चिंतित और परेशान हैं। ना ही विद्यालय के प्रबंधन और ना ही शिक्षा विभाग के जिम्मेवार पदाधिकारी और ना ही पंचायत के जनप्रतिनिधि इस समस्या से लोगों को निजात दिला पा रहे हैं। बताया गया कि विद्यालय भवन और परिसर से वर्षा की पानी की निकासी का प्रबंध नहीं है। जिस कारण विद्यालय कैंपस में वर्षा का पानी भर जाता और समस्या उत्पन्न हो जाती है। मंगलवार को विद्यालय में जल जमाव से छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक परेशान दिखें। प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राएं अपने जूते व चप्पल हाथ में लेकर जल जमाव पार कर क्लास में जा रहे थे। छात्र-छात्राओं ने बताया कि जल जमाव से काई भी बैठ जाता है जिससे फिसल कर गिरने का काफी खतरा रहता है। हम लोगों को प्रार्थना सभा करने में भी काफी परेशानी हो रही है। वहीं विद्यालय के हेड मास्टर राम प्रवेश राम ने बताया कि विद्यालय परिसर के आसपास के जगह से निशा है जिस कारण वारिस का पानी से जल जमाव होना आम है। बताया कि पानी की निकासी के लिए नाली नहीं है। हम लोग जल जमाव की समस्या से निजात के लिए पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी से कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन किन्ही के द्वारा पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जिससे जल जमाव से विद्यालय परिवार काफी परेशान है।

### पीसी -पीएनडीटी क्लिनिकल एक्ट की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए सख्त निर्देश

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच व सीईए पंजीकरण अनिवार्य : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्वगर्भ एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी, स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सघन जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित रूप से जांच करें और कानून के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। अनियमितता पाए जाने पर केंद्र का पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो और इसके लिए रोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया जाए। स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में क्लिनिकल एक्ट के तहत निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी केंद्रों के पंजीकरण, एसओपी, मानव संसाधन और शुल्क संरचना की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने कहा कि सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य है और बिना पंजीकरण संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नए केंद्रों के आवेदनों का निष्पादन 25 जुलाई तक कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, प्रभाकर मिर्धा, रुद्र प्रताप, डीपीएम नीरज भगत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


-:कार्यालय :-

नीलाम प्त्र पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

-: आवश्यक सूचना :-

बिहार-उड़ीसा लोक-मांग वसुली अधिनियम, 1914 (झारखण्ड संशोधन अधिनियम, 2016 (23, 2017) w.e.f.23.01.2018) के तहत वादों के सुनवाई से संबंधित सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत नीलाम पत्र वादों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :-

| क्र0 स0 | नीलाम पत्र वाद संख्या | सुनवाई की तिथि | पार्टीकानाम | पता | टिम्बर / केन्दूपता / बांस कूप / खजूर पता सेसंबंधित |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10/1991-92 | 25.07.2025 | सरदार महताब सिंह, पिता-गुरू नाने सिंह | ग्राम-बेलवाटीकर, पो0+थाना -डालटनगंज, पलामू | केन्दूपत्ता |
| 02 | 02/1979-80 | 25.07.2025 | उदय शंकर प्रसाद, पिता-ईश्वरी प्रसाद सिंह | ग्राम-भठीमुहल्ला, पो0+थाना-डालटनगंज, | टिम्बर |
| 03 | 11/1974-75 | 25.07.2025 | जमीलुदीन,पिता-नेजामुदीन | ग्राम-हरिहरगंज, पो0+थाना -हरिहरगंज, पलामू | केन्दूपत्ता |
| 04 | 09/1974-75 | 25.07.2025 | जमीलुदीन,पिता-नेजामुदीन | ग्राम-हरिहरगंज, पो0+थाना -हरिहरगंज, पलामू | केन्दूपत्ता |
| 05 | 09/1991-92 | 25.07.2025 | महताबसिंह, पिता-सरदारमानक सिंह | ग्राम-बेलवाटीकर, पो0+थाना -डालटनगंज, पलामू | टिम्बर |
| 06 | 18/1992-93 | 25.07.2025 | एम0सी0 अग्रवाल,पिता-स्व ठाकुर सिदास अग्रवाल, | ग्राम-तिवारीटैंक,रांची पो0+थाना-रांची | टिम्बर |
| 07 | 39/1991-92 | 25.07.2025 | एस0के0 जैन,पिता- शेखरचंदजैन | ग्राम-हरिहरगंज, पो0+थाना -हरिहरगंज, पलामू | टिम्बर |
| 08 | 05/1989-90 | 25.07.2025 | प्रमोद कुमार शर्मा, पिता- एम जे0जे0 सिंह | ग्राम-मनातुबंगला, शिवाजी मैदान,पो0+थाना-डालटनगंज | टिम्बर |
| 09 | 15/1971-72 | 25.07.2025 | तबारकहुसैन, पिता-तेजुमिंया | ग्राम-जहानबाद, सिंधि होटल के नजदीक, पो0+थाना-जहानाबाद | केन्दूपत्ता |
| 10 | 25/1991-92 | 25.07.2025 | लालमनी सिंह, पिता-परिखन सिंह | ग्राम-रेहला, पो0+थाना रेहला, जिला-पलामू | केन्दूपत्ता |
| 11 | 01/1991-92 | 25.07.2025 | देवनन्दन प्रसाद | ग्राम-रेडमा, पो0+थाना-डालटनगंज, पलामू | केन्दूपत्ता |
| 12 | 11/1992-93 | 25.07.2025 | हरभजन सिंह, पिता-सरदारसंत सिंह | ग्राम-बेलवाटीकर, पो0+थाना -डालटनगंज, पलामू | टिम्बर |
| 13 | 24/1992-93 | 25.07.2025 | सरदार सतबीर सिंह, पिता-हरनाम सिंह | ग्राम-रेडमा, पो0+थाना-डालटनगंज, पलामू | टिम्बर |
| 14 | 10/1989-90 | 25.07.2025 | रामकृष्ण गुप्ता,कृष्ण आरामील | ग्राम-रेडमा, पो0+थाना-डालटनगंज, पलामू | टिम्बर |
| 15 | 10/1986-87 | 25.07.2025 | श्यान प्रसाद,पिता-भगवती प्रसाद | ग्राम+पो0-तरहसी, थाना-पांकी, पलामू | टिम्बर |
| 16 | 01/1979-80 | 25.07.2025 | गुंजर महतो, सचिवलाधुपवन कोपरेटिप सोसाईटी, | ग्राम-लाधुप, पो0+थाना-कुडू, लोहरदगा | टिम्बर |
| 17 | 02/1991-92 | 25.07.2025 | बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल, पिता-गुमधारीलाल | ग्राम+पो0+थाना-चतरा, जिला-चतरा | टिम्बर |
| 18 | 04/1986-87 | 25.07.2025 | मो0 खुर्शिद, पिता-इसमाईल | ग्राम+पो0+थाना-चतरा, जिला-चतरा | केन्दूपत्ता |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी देनदारों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न में नीलाम पत्र पदाधिकारी-सह-वनप्रमण्डलपदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय मेंस्वयंअथवाअपनेअधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

नीलाम पत्र पदाधिकारी
-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 357328 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

-: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचनाः-

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2024-25 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 05/10 दुधारू गाय की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2025 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु अब तक कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनान्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में 10 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल नम्बर पर भी दी गई है एवं प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी समय-समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला से दुधारू गाय पसंद करते हुए क्रय की जाय।

चयनित लाभुकों द्वारा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र हो सके।

05/10 दुधारू गाय की योजना में लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं-

| क्र0 सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 दुधारू गाय की योजना | | | | | | | |
| 1 | नंदकिशोर कुमार यादव | राजदेव यादव | गोरेयाथान | खैरा दोहर | नौडीहा बाजार | 8092191609 | 292187744615 |
| 2 | पुनम पाण्डेय | सुनील कुमार पाण्डेय | लालगढ़ | लालगढ़ | विश्रामपुर | 9117381675 | 386878006402 |
| 3 | शकुंतला देवी | बाबुलाल शर्मा | झरना खुर्द | डाला कला | पाण्डू | 6208336710 | 524047935730 |
| 4 | सुरज कुमार सिंह | बहादुर सिंह | कुण्डेलवा | झाबर | सदर मेदिनीनगर | 7301591498 | 408925239070 |
| 5 | नारेन्द्र कुमार सिंह | अर्जून सिंह | चुकरू | सुआ | सदर मेदिनीनगर | 6204251884 | 951263655920 |
| 6 | रोशन किशोर तिवारी | रविन्द्र तिवारी | ओड़नार | हरिनामाड़ | चैनपुर | 9770498872 | 652296356313 |
| 7 | शीला देवी | मनोज कुमार चौधरी | खुराकला | खुराकला | चैनपुर | 9470917270 | 689046736671 |
| 8 | रामचन्द्र सिंह | झुलन सिंह | बांसडीह खुर्द | बांसडीह खुर्द | रामगढ़ | 6207808910 | 551345011960 |
| 9 | चन्द्रशेखर पाण्डेय | मधेश्वर पाण्डेय | ठकुराई दिदरी | सांगबार | निलाम्बरपिताम्बरपुर | 9693597155 | 792489920414 |
| 10 | धिरेन्द्र कुमार यादव | दशरथ यादव | धावाडीह | धावाडीह | सतबरवा | 8541832765 | 453403757250 |
| 11 | मंजीत कुमार | राम नरेश साहु | तुम्बागाड़ा | रबदा | सतबरवा | 6201097261 | 980779523075 |
| 12 | सबीता देवी | निरजल यादव | सालमदीरी | रतनपुर | पांकी | 8434239759 | 716841237137 |
| 13 | संगीता देवी | रविन्द्र पासवान | पचम्बा | नौडीहा-2 | पांकी | 7209394441 | 555219346270 |
| 14 | संगीता देवी | अरूण कुमार सिह | नागद | डुमरी | मनातु | 7909069544 | 657863664814 |
| 15 | ललिता देवी | अशोक सिंह | नागद | डुमरी | मनातु | 8603694534 | 518312399296 |
| 16 | मंजू देवी | रामाधार यादव | भौरहा | सलैया | हरिहरगंज | 8252329170 | 378366305920 |
| 17 | बिरेन्द्र मेहता | स्व0 मंगर मेहता | कादलकुर्मी | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 6201295538 | 482505267410 |
| 18 | जय प्रकाश कुशवाहा | राम प्रसाद कुश्वाहा | लोहरपुरा | इमामनगर बरेवा | हैदरनगर | 9471120055 | 318258727467 |
| 10 दुधारू गाय की योजना | | | | | | | |
| 1 | विरेन्द्र रजक | कपिलदेव रजक | शाहपुर | शाहपुर | नौडीहा बाजार | 7091116084 | 654824083462 |
| 2 | विजय कुमार सिंह | स्व0 शिव प्रसाद सिंह | पंजरी कला | गुरी | विश्रामपुर | 9006977086 | 812642748447 |
| 3 | इन्देश प्रसाद | स्व0 मुनसफ महतो | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7909082186 | 840070125992 |
| 4 | उदय कुमार पासवान | स्व0 किशुन पासवान | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 9934052711 | 365428838830 |
| 5 | कमला देवी | सतेन्द्र कुमार यादव | सिमरसोत | कुकही | हैदरनगर | 7782002814 | 641679258251 |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 357310 Animal Husbandry(25-26).D

## डीडीसी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार में किया पौधरोपण, कहा-

# पौधा लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण पर भी दें ध्यान

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार के परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी समान रूप से जिम्मेवारी है। उन्होंने सभी को कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। विद्यालय परिसर से लेकर अपने घर में एक पेड़ मां को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण करने की भी आवश्यकता है। पौधे को बड़ा होने तक पौधे की देखभाल भी करें। आगे उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। यह न सिर्फ हमें जीवनदायक ऑक्सीजन देता हैं, बल्कि कई प्रकार से हमें लाभ पहुंचाते हैं। प्राकृतिक संपदाओं का हमें संकल्पित होकर सुरक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने कहा कि मौसम की बदलते परिवेश में हम सभी को इको सिस्टम के लिए काम करने की जरूरत है। इन्होंने कहा कि विद्यालय में इको क्लब के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे हैं। विद्यालय परिसर के साथ-साथ समुदाय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सतत प्रयास का हिस्सा है। खाली पड़े भूमि पर विद्यालय परिसर में पेड़ लगाए, वृक्ष मां के समान है। मां हमेशा निस्वार्थ रूप से हमलोगों की सेवा में लगी रहती है।

मौक पर विद्यालय के शिक्षक, क्षेत्रीय परियोजना समन्वयक संजीत कुमार, एथल किस्पोट्टा, एशिया इंस्टिट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रतिनिधि मुकेश कुमार,आयुष सिंह विद्यालय की प्रभारी तृप्ति भारती, नरेंद्र कुमार पांडे एवं यूनिसेफ टीम शामिल रही।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघ की प्रेसवार्ता

# 4 से 7 अगस्त तक विधानसभा का घेराव : अतुल सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा किए गए वायदों को अबतक पूरा नहीं किए जाने से आक्रोशित एकीकृत सहायक अध्यापक संघ लातेहार के शिक्षक भी प्रदेश कमिटी के आह्वान पर आंदोलन के मूड में है। प्रखंड परिसर लातेहार मे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे संघ के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी ने बहुत ही आग्रह सरकार से किया पर हमारी मांगों को लगातार सरकार के द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते अब सहायक शिक्षक याचना नहीं अब रण होगा की तर्ज पर अपनी मांगों को मनवाले के लिए आंदोलन करेंगे। आगामी 19 और 20 जुलाई को विधानसभा सत्र में सता और विपक्ष के विधायकों द्वारा हमारी पुरानी मांग और वेतनमान को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आवाज को बुलंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से पठन-पाठन के अलावा सरकार की कई आवश्यक कार्यों में हम लोगों द्वारा योगदान दिया जाता रहा है। लेकिन हमलोग पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। मौके पर नरोत्तम सिंह मुंडा, नवाब खान, अभिषेक शर्मा, हीरामन मंडल सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। इधर शिक्षकों ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 19 और 20 जुलाई को राज्य के सभी मंत्री और विधायकों को मांग पत्र सौंपा जाएगा। 4 से 7 अगस्त तक विधानसभा का घेराव किया जाएगा।जिसमे प्रतिदिन 6 जिला इसमें शामिल रहेगा।

# मनरेगा योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक में महिलाओं को रोजगार देने पर दिया गया बल



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को मनरेगा योजनाओं को लेकर बीपीओ केतन गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया।जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी संचालित योजनाओं को समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सामुदायिक योजना में कृषि से आधारित योजनाओं जैसे आम बागवानी में जल्द से जल्द गड्ढा भराई करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास, पीएम आवास योजना में 95 मानव दिवस पर बल दिया गया। साथ ही कार्य में अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार देने के लिए प्रथमिकता देने की बात कहीं गई। मौके पर रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, राहुल कुमार, जेई आशीष गुप्ता, एई सतेंद्र उरांव, बीएफटी संजीत राणा, धीरज राणा, मनरेगा ऑपरेटर नमन राणा, सुजीत कुमार, रवि कुमार यादव सहित प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने आमजनों की सुनी समस्या, पदाधिकारियों को समस्या का समधाना करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रास्ता बंद कर दिए जाने के संबंध में, पीसीसी, गार्डवाल में निम्न स्तर के मैटेरियल उपयोग के संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# तीन दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के क्रियान्वयन को लेकर अंतिम दिन प्रशिक्षण में सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रशिक्षण में बीएलओ के कर्तव्य,प् ुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को आवश्यक कागजात, गणना प्रपत्र आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में विल्सन लकड़ा गौतम कुमार, मनीष पांडेय,विद्या रानी, मीणा देवी, सुकृता देवी, सुषमा, उषा समेत सभी बीएलओ शामिल थे।

# पीसीसी पथ निर्माण को लेकर बीडीओ का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत के ग्राम सिंदरी में सरजू गंझू के घर से करीमन भारती के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कराने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कच्ची सड़क का निरीक्षण किया। बीडीओ ने सड़क का निरीक्षण कर पीसीसी पथ निर्माण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सड़क की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार लाने की बात कही। निरीक्षण के बाद बीडीओ ने बताया कि पीसीसी पथ निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और उनकी परेशानियां दूर होंगी।

# मिशन वात्सल्य योजना को लेकर कार्यशाला, 40 लाभुकों ने शिविर में लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडाड़।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर 15 जुलाई को महुआडाड़ प्रखंड के सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार के तत्वधान में मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पॉन्सरशिप योजना को ले कर एक दिवसीय कार्यशाला सह शिविर आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने की। कार्यशाला में बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना से बच्चों को जोड़ने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जो बच्चे अनाथ हैं, एकल माता के बच्चे जिनके पालन पोषण में समस्या हो रही है, जिनके मां-बाप गंभीर बीमारी से ग्रसित है या माता-पिता शत प्रतिशत विकलांगता में शामिल है या कारागार में है उनके बच्चों को तीन वर्ष अथवा 18 वर्ष पूर्ण होने तक योजना से जोड़कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह, बाल श्रम और फोस्टर केयर योजना की जानकारी दी। महुआडांड अंचल कार्यालय द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना की योग्य लाभुकों को 75 हजार रुपए से कम का आय प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया गया। कैंप में स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित लगभग 40 लाभुकों ने शिविर में भाग लिया। सभी को आवेदन से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। मौके पर संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख एम रजा, नीरज कुमार, महिला पर्यवेक्षिका प्रिस्का कुजूर, सामाजिक कार्यकर्ता जिया उल हक के साथ-साथ आंगनवाड़ी सेविका एवं लाभुकों ने भाग लिया।

# आयुष मेला में 220 मरीजों का हुआ उपचार



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की पहल परआयुष समिति चंदवा के बैनर तले तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम परिसर में आयुष मेला का आयोजन किया गया। आयुष मेला में डॉ. अमित राज मिश्रा, सुनीता कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अली अकबर, डॉ. शशिकांत द्विवेदी की टीम ने करीब 220 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा का भी वितरण किया गया। डॉ. अमित राज मिश्रा ने बताया कि आयुष मंत्रालय के पहल पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयुष मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करते हुए निरोगी बनाना है। उन्होंने आगे बताया कि 22 जुलाई को अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजार टांड़ में आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा। इन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील भी की। शिविर के मौके पर आयुष विभाग के कर्मी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## निवार्चन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रशिक्षण

# निवार्चन कार्य में बीएलओ की भूमिका अहम : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सदर प्रखंड के विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 से संबंधित प्रखंड कार्यालय के सभागार में निवार्चन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें 073 मनिका अंश के बूथ संख्या 177 से 210 तक के के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर ने भाग लिया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण मे बीएलओ को उनके कर्तव्य व प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में बीएलओ की भूमिका अहम है। उन्होंने पोषाक, शिष्टाचार और टेलीफोन प्रोटोकॉल आदि बिंदुओं पर चर्चा की। प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को प्रोजेक्टर के माध्यम से एक-एक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी के शंका को दूर किया गया। इस प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक अतुल कुमार, सुरेश प्रसाद, सतेंद्र उरांव, संतोष भेंगरा, राकेश रौशन कुजूर, बीएलओ संजीत प्रसाद, ललन प्रसाद, शत्रुघ्नकुमार, उदय प्रसाद, कबूतरी देवी, सुनीता देवी व रीता देवी समेत कई बीएलओ शामिल थे।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू
Email – dddopalamu@gmail.com

### –:पशुपालकों के लिए आम सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक– 14.08.2025 के अपराह्न 05.00 बजे** तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,67,250/- | 83,625/- | 1,67,250/- |

**–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

**अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी। पशुशेड सहित दुधारू गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत 75(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

**अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय/भैंस के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो एवं शेड सहित गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**अहर्ता/नियम व शर्ते–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टांस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू० 10000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान– सह– लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू गायों का पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण के तहत किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 15 दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा छः दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।

**नोट** :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.357311 Animal Husbandry(25-26):D

# जरूरतमंदों को राशन मिले, इसके लिए अमीर परिवारों से कार्ड लें : उपायुक्त ताराचंद

नवीन मेल संवाददाता







**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने मंगलवार को पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम 'पंचाइत कर गोईठ" के तहत जिले के मुखियाजनों से संवाद स्थापित किए। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक बाजार में मडुआ के उत्पाद का काफी मांग है। किसान मडुवा की खेती कर इसके एवज में अच्छा आय अर्जित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। मडुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसान को मडुआ का बीज निःशुल्क प्रदान कर रही है। साथ ही झारखंड स्टेट मिलेट मिशन के तहत राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति एकड़ भूमि के लिए 3000/- (तीन हजार) देती है अतः ज्यादा से ज्यादा किसान मडुवा उत्पादन करें। इसके लिए कृषि विभाग से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से अपील की है कि जिस गांव के राशन कार्डधारी आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी सरकारी जनवितरण के दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं वैसे लाभुकों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें ताकि गरीब जरूरतमंदो को इसका लाभ दिया जा सके। इसके अलावा वैसे लोग जो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ के पात्र नहीं हैं उन्हें भी चिन्हित कर सूची से अपना नाम हटवाने के लिए प्रोत्साहित करें। उपायुक्त ने कहा है कि जिन पात्र लाभुको के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मैया सम्मान की राशि नहीं पहुंच रही है वे बैंक जाकर आवश्यक रूप से अपना केवाईसी करा लें। आधार इनेक्टिव है तो उसे एक्टिव करा लें। साथ ही अन्य तकनीकी समस्याओं का निवारण भी बैंक जाकर करा लें। उपायुक्त ने कहा कि कई अवसर पर समाज के कुछ लोगों की संवेदनहीनता के कारण उसके आस पड़ोस के लोग समस्याओं से जूझते रहते हैं। ऐसी परिस्थिति में समाज के जागरूक लोगों को संवेदनशील होकर अपने आस-पड़ोस की सुध लेते हुए उनकी सहायता करनी चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

## गजनी व भौंरो के ज्ञान पंचायत केंद्र से जुड़े उपायुक्त

उपायुक्त ने कैरो प्रखण्ड के गजनी और भण्डरा प्रखंड के भौंरो पंचायत में संचालित ज्ञान केंद्र में अध्ययनरत बच्चों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि वे पूरी मेहतन व लगन के साथ अपना पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं। मेहनत इतनी खामोशी से करें कि सफलता स्वयं आपकी कहानी बता दे। उपायुक्त ने पंचायत ज्ञान केंद्रों के लिए पत्र-पत्रिकाएं,समाचार-पत्र के साथ साथ अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि समाज में डायन प्रथा एक अंधविश्वास है। हम सभी के समन्वित प्रयास से इसे दूर करना है। साथ ही बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी लोग एकजुट हों।

## सभी को साफ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला प्रशासन की प्राथमिकता में सभी को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से अपने-अपने पंचायत में नियमित ग्रामसभा करने, ग्रामसभा में सामाजिक कुरीति डायन प्रथा व बाल विवाह की प्रथा को दूर करने के लिए जागरुक करने, आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित खुलवाने व वहां मिलनेवाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, गांवों में मनरेगा की अधिक से अधिक योजनाएं लागू कराने, समय से फसल बीज वितरण कराये जाने, पंचायत भवनों व आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

# शिक्षक-शिक्षिकाएं 29 तक बच्चों का ऑनलाइन फॉर्म भरना सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में विद्यालय प्रबंध समिति परिवार की ओर से नवोदय विद्यालय में नामांकन जागृति कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा, उप प्राचार्य डी कुमार और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यशाला में शिक्षक शिक्षिकाओं को प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि जिले के विभिन्न विद्यालय से 350 शिक्षक जागृति कार्यशाला में भाग लिये सभी का स्वागत करते हुए जागृति कार्यशाला का उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि जिला के सभी प्रखंड से सरकारी व मान्यता प्राप्त सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं 29 जुलाई 2025 तक अधिक से अधिक बच्चे बच्चियों का आवेदन प्रपत्र भरकर ऑनलाइन जमा कर पंजीयन करायें। सत्र 2026-27 के तहत कक्षा 6 में नामांकन के लिये वैसे छात्र छात्राओं का आवेदन करें जिसका उम्र सीमा 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक का हो, परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया जायेगा. आवेदन करते समय ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के बच्चों का स्पष्ट रूप से रेखांकित करेंगे। सभी लोग अपने अपने विद्यालय के बच्चे बच्चियों को जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में दें। जिससे की हम उन्हें तराश कर देश सेवा समाजसेवा और अन्य कार्यो के लिए तैयार करने का काम करेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में पठन पठान की गतिविधि को विस्तार से बताया गया. जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के होनहार छात्र छात्राएं आज ऊंचे और अच्छे ओहदे पर रह कर देश सेवा समाज सेवा और विभिन्न तरह के कार्य कर रहे हैं। मौके पर बीईईओ राजीव रंजन, बीपीओ प्रकाश रंजन के अलावा सुनील कुमार, के ए प्रसाद, आर पी विश्वकर्मा, रविन्द्र कुमार, रामचंद्र भगत, वजीर अंसारी, मुमताज खातून, अजय कुमार सिंह, सुमन दास समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# परीक्षा को उत्सव के रूप में लें परिणाम बेहतर होगा : प्रधानाचार्य



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में भैया बहनों का फार्मेटिव असेसमेंट वन का परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हुआ। परीक्षा के लिए विद्यालय में भैया बहनों का आगमन के दौरान आचार्य आचार्याओं द्वारा भैया बहनों के माथे पर तिलक लगा कर स्वागत करते हुए परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने भैया बहनों से कहा की परीक्षा को उत्सव के रूप ले परीक्षा परिणाम भी बेहतर होगा। कहा कि फार्मेटिव असेसमेंट परीक्षा वह प्रकिया होती है। जिसमें शिक्षण के दौरान विद्यार्थी को सीखने की प्रगति का आंकलन किया जाता है। जिसे आवश्यकता अनुसार शिक्षण में सुधार किया जा सके इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओ की समझ, ज्ञान और कौशल में विकास करना होता है। मौके पर प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी आनन्द पाण्डेय, मालती कुमारी, जयप्रकाश सिंह,मीना देवी, संजना कुमारी, सुधीर उरांव, अनुबाला कुमारी समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित रहे।

# विद्यालय स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विद्यालय स्तरीय टॉप 10 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती मां, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्पार्चन कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार दास के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान अंग वस्त्र भेंट कर किया गया।महाविद्यालय में विज्ञान संकाय मे प्रथम स्थान पलक कुमार (81.8%), द्वितीय स्थान रोशन कुमार (80.6%), तृतीय स्थान कशिश कुमारी(77%), चतुर्थ स्थान अपूर्वा कुमारी (76.2%), पंचम कनिका कुजूर (74.8%), षष्ठ अजय उरांव (73.4%), सप्तम सुनील उरांव (72%), अष्टम स्थान शोभा कुमारी (71%), नवम स्थान आयुष आर्या (70.4%) और दसवां स्थान कनक दीप(69.4%) ने प्राप्त किया। कला संकाय में प्रथम स्थान आकांक्षा पाण्डेय (82.4) व शिल्पा कुजूर (82.4%), द्वितीय स्थान करीना उरांव (82%), तृतीय स्थान ज्योति प्रिया कुजूर (80.6%), चतुर्थ स्थान अंशु कुजूर (80%) व कमला उरांव (80%), पंचम किरण कुमारी (79%), षष्ठ स्थान अनाया सिंह (76.8%), सप्तम स्थान पूजा कुमारी (76%), अष्टम स्थान अंजली कुमारी (75%), नवम स्थान निखिल मिंज (73.8%) व अनामिका कुमारी (73.8) और दसवां स्थान छमा कुमारी (73%) ने प्राप्त किया। सभी भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों का स्वागत एवं सम्मान अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास जी ने कहा कि सम्मान समारोह के आयोजन से भैया बहनों को आगे और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 12वीं की बहनों के द्वारा स्वागत गीत और 11वीं की बहन खुशबू के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि संस्कृत का श्लोक जिसमें विद्यार्थी के पांच लक्षण बताएं गए हैं, उसको चरितार्थ करने के लिए भैया बहनों को प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर जीवन में ऊंचा उठना है तो अपने जीवन में विनम्रता, परिश्रम, अनुशासन व शालीनता लाए। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि सभी भैया-बहनों में क्षमता होती है कि वे सब कुछ कर सकते हैं, अगर भैया- बहन अच्छा करेंगे तो उनका भविष्य अच्छा होगा, हमें अपने जीवन में निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। अतिथि परिचय एवं स्वागत, लोहरदगा संकुल प्रमुख सह महाविद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार दास ने किया। पुरस्कार वितरण प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया। मंच संचालन बहन नुसरत जहाँन व कुमारी अंतरा और धन्यवाद ज्ञापन नीतू जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, कैरों के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, कुड़ू के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह, आचार्य, दीदी जी और भैया-बहन उपस्थित थे।

# अपने जीवन काल में एक लाख पौधे लगवाना लक्ष्य है : जय प्रकाश शर्मा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** समाज सेवी जय प्रकाश शर्मा जन सेवा के हर क्षेत्रों में अपनी भागीदारी निभाते रहे हैं। निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, रक्तदान, अनाथ बच्चों और गरीबों का सहयोग, नशा मुक्ति,पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक कार्यक्रम से समाज को लाभ मिलता रहा है। विगत कुछ वर्षों से लोहरदगा के विभिन्न स्थानों में उनके द्वारा दो हजार से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर अब पेड़ बनने की ओर अग्रसर है। अपने इसी सपने को साकार करते हुए जय प्रकाश शर्मा ने बदला ग्राम के समाजसेवी पंकज कुमारा महतो को लगभग पंद्रह सौ और चन्दकोपा के समाजसेवी पंकज चौधरी को पांच सौ इमारती और फलदार पौधे उपलब्ध कराएं। जिनमें शीशम, सागवान,महोगनी, करम, अनार, कदम, बताबी, आकाशमुनि, नीम, अर्जुन जैसे लाभकारी पौधे हैं। शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जंगलों की बेतहाशा कटाई की जा रही है। अभी एक वर्ष में हमारे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक निजी कंपनी के द्वारा चार लाख पेड़ काट दिए गए। जिसे हम विकास मान रहे हैं वो वास्तव में विनाश का कारण बनेगा। पेड़ और जंगल ही हमारी असली सम्पत्ति है और हम झारखंडियों की पहचान भी। इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। पंकज महतो और पंकज चौधरी को धन्यवाद देता हूं जो इस मुहिम में उनके साथी बन रहे हैं यदि और भी सज्जन अपने व्यक्तिगत ज़मीन पर पौधरोपण कराना चाहते हैं तो उन्हें भी निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी के सहयोग से ही लोहरदगा अपने पुराने स्वरूप में लौट पाएगा।

## सिकल सेल एनीमिया का जांच शिविर का आयोजन



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में साइ नर्सिंग होम के सौजन्य से सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें साइ नर्सिंग होम के डॉक्टर संतोष कुमार तथा लैब टेक्नीशियन अभिषेक कुमार एवं सिस्टर खुशबू कुमारी का सहयोग प्रदान हुआ। प्रधानाचार्य के निर्देशानुसार आचार्य प्रमेंद्र सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें सभी भैया बहनों एवं आचार्य का सिकल सेल का जांच किया गया , इस जांच का उद्देश्य यह फाइंड आउट करना था कि सिकल सेल से कोई भी संक्रमित तो ना है। इस मौके पर सभी भैया बानो का जांच हुई एवं तुरंत रिपोर्ट दिया गया। सिकल सेल के बारे में बताया गया एवं डॉक्टरी परामर्श भी दिया गया।

# विधायक के प्रयास से लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड अंतर्गतके अशरफ नगर में विगत कुछ दिनों से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जली हुई थी। जिससे ग्रामीणों के रोशनी एवं छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए काफी परेशानी हो रही थी। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को समस्या से अवगत कराया गया। जिससे डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा प्राथमिकता देते हुए संबंधित विद्युत अभियंता से बात कर समस्या का समाधान किए। जिससे 63केवीए का ट्रांसफार्मर लगा एवं रोशनी आई। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने विधानसभा के क्षेत्र के समस्याओं एवं विकास के लिए संकल्पित है। ग्रामीण अपनी समस्या को रखे उनका समाधान किया जा रहा है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाए जाने से लोगों में हर्ष ह। जिससे ग्रामीणों का समस्या दूर हुए जो भी समस्या आती है। मौके पर मुख्य रूप से किस्को 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी, नुसरत अंसारी, एकरामुल अंसारी, उल्फत अंसारी, इमाम जफर, सेराज खान, कबीर अंसारी, तेतार खान, मुस्तफा अंसारी के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक........... दिनांक..................

**प्रेष विज्ञप्ति**

**PR NO.-356091**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या– 13RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 26.06.2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 357314 Rural Development (25-26)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

पत्रांक...........दिनांक..................

**प्रेष विज्ञप्ति**

**PR NO.-356092**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–05RIV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 26.06.2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 357313 Rural Development (25-26)D

## Office of the Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Garhwa

Letter No. .................... Date.............

**CORRIGENDUM**

| | | |
|---|---|---|
| Tender Reference No. Date | :- | RCD/GARHWA/760/2025-26<br>11.07.2025 |
| P.R. No. | :- | 357100 Road(25-26):D |
| Corrigendum Title | :- | Change in Name of the work (Sl. No. 1) |
| Corrigendum Detail | :- | Please read following, Instead of Name of the work published :- "RCC drain work in janeva Village at 3rd KM of Godermana-Bhandhariya road for the year 2025 -26 Under RCD Road Division, Garhwa" |

Executive Engineer
R.C.D,Road Division,Garhwa

PR.NO.357357 Road(25-26):D


# बदहाल स्थिति — जर्जर नगड़ा-इरगांव सड़क ग्रामीणों की बनी पीड़ा

# एक दशक से बदहाल सड़क, प्रशासन है मौन

- शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सभी पर पड़ रहा असर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत नगड़ा गांव से इरगाँव तक की मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। करीब 3 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत इतनी खराब है कि ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। सड़क की बदहाल स्थिति पिछले एक दशक से जारी है, लेकिन अब तक न तो प्रशासन ने सुध ली और न ही सरकार ने कोई पहल की। नगड़ा गांव की छात्राएं शिल्पी कुमारी, बुधमुनिया उराँव और शांति कुमारी बताती हैं कि जो रास्ता महज़ 15 मिनट में तय हो जाना चाहिए, उसे अब पार करने में 40 मिनट तक का वक्त लग रहा है। कीचड़ भरे रास्ते के कारण उनके स्कूल ड्रेस गंदे हो जाते हैं, और कई बार मनोबल टूटने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ता है। सिर्फ नगड़ा-इरगाँव ही नहीं, बल्कि इरगाँव से नगड़ा होते हुए बसरी एवं नदी नगड़ा, और चिप्पोगर टोली से नगड़ा तक की सड़कें भी खस्ताहाल हैं। इससे पूरे क्षेत्र का यातायात बाधित है। ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं की मांग है कि इस सड़क का शीघ्र निर्माण हो ताकि नगड़ा गांव मुख्यधारा से जुड़ सके और विकास की रफ्तार पकड़ सके।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी नगड़ा और प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय इरगाँव जैसे स्कूल इसी मार्ग पर स्थित हैं। कई मेधावी छात्र उच्च शिक्षा के लिए लोहरदगा में नामांकन कराना चाहते थे, लेकिन खराब सड़क के चलते कुछ बच्चों को गाँव में ही दाखिला लेना पड़ा।

## गर्भवती महिलाओं व बीमारों के लिए खतरा

गांव के लोग बताते हैं कि सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में जान जोखिम में पड़ जाती है। कई बार डर बना रहता है कि रास्ते की झटकों से कहीं गर्भपात न हो जाए।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–10.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2025–26 आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 357087 (Road) 25-26 (D)** है। निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक संख्या–1 का परिमाण विपत्र की **राशि–5000.00 के स्थान पर राशि–2500.00 तथा** क्रमांक संख्या–2,3,4 एवं 5 का राशि–2500.00 के स्थान पर राशि–1250.00 पढ़ा जाए। शेष शर्त्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 357309 (Road) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन कुपोषित बच्चों को मिलेगा बेहतर इलाज



**डुमरी।** आकांक्षी प्रखंड डुमरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को डीडीसी दिलेश्वर महतो ने फीता काटकर कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र स्वास्थ्य विभाग और द हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित होगा और क्षेत्र में कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।उद्घाटन समारोह में समस्त अधिकारी गण और द हंस फाउंडेशन के राज्य अधिकारी मौजूद थे। द हंस फाउंडेशन के राज्य प्रमुख शिशुपाल मेहता और प्रोजेक्ट मैनेजर स्वामी विवेकानंद ने बताया कि इस केंद्र में 0 से 5 वर्ष के अति गंभीर कुपोषित बच्चों का अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर उपचार किया जाएगा। डिस्चार्ज के बाद भी सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और एएनएम के माध्यम से समुदाय स्तर पर बच्चों का फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा। एमटीसी में भर्ती होने वाली माताओं को प्रतिदिन 300 रुपये का भत्ता और आने-जाने का किराया भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बच्चों के विशेष आहार को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त पोषणयुक्त पौष्टिक भोजन भी प्रदान किया जाएगा। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने इतने सुदूरवर्ती क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु खोले गए इस केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित होगा।

## लवाबार गांव का पुल क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी

**डुमरी।** गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी के खेतली पंचायत स्थित लवाबार गांव में मुख्य मार्ग पर बना बड़ा पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुल की जर्जर हालत के कारण बड़े वाहनों का गुजरना अब असंभव हो गया है, जबकि छोटे वाहन भी जान जोखिम में डालकर इस पर से गुजरने को मजबूर हैं। खासकर स्कूली बच्चों को लेकर अभिभावकों में हर दिन डर बना रहता है।कमलेश इंदवार ने बताया कि पुल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बड़े वाहन अब आर-पार नहीं हो पा रहे हैं। गांव के जो लोग साप्ताहिक बाजार या अन्य कार्यों के लिए बाहर जाते हैं, उन्हें या तो लंबा रास्ता तय करना पड़ता है या फिर इसी जोखिम भरे पुल से गुजरने का खतरा उठाना पड़ता है। रीना देवी ने पुल की भयावह स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। पुल पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से फिसलन बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "बच्चों के स्कूल वाहन बड़ी मुश्किल से और बेहद सावधानी से इस पुल से गुजरते हैं। हर रोज दिल में डर बना रहता है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए।"

## डुमरी में श्मशान घाट पर शवदाह गृह निर्माण की मांग, डीडीसी को सौंपा गया आवेदन

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में कुपोषण उपचार केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, डुमरी हिंदू समाज ने डीडीसी दिलेश्वर महतो को एक मांग पत्र सौंपा। इस पत्र में डुमरी स्थित श्मशान घाट में एक शवदाह गृह के निर्माण की मांग की गई है। हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल ताम्रकार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी को बताया कि डुमरी के लोग पारंपरिक रूप से बासा नदी के किनारे अंतिम संस्कार करते हैं। हालांकि, बरसात के मौसम में अत्यधिक जलजमाव और नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण दाह संस्कार करने में भारी परेशानी होती है। कई बार तो परिजनों को घंटों बारिश रुकने का इंतजार करना पड़ता है या बेहद असुविधाजनक परिस्थितियों में शवदाह करना पड़ता है, जो कि अत्यंत दुखद और असहज होता है।प्रतिनिधिमंडल ने इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए शवदाह गृह के निर्माण को अत्यधिक आवश्यक बताया। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने मामले की गंभीरता को समझा और मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को शवदाह गृह निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

## अबुआ आवास को लेकर प्रशासन व आम लोग हुए आमने सामने

**बसिया(गुमला)।** मुखिया की सेटिंग के आगे अब प्रशासन भी बौना नजर आने लगा है। बसिया के कलिगा पंचायत के चौपालों की मानें तो में यह सबकुछ अबुआ आवास का कमाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों पंचायत के लोगों ने मुखिया मरियम बेक पर अबुआ आवास लाभुकों से दस-दस हजार रूपए मांगने की लिखित शिकायत प्रखंड प्रशासन से की थी। ग्रामीणों की इस शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिए जाने से अब प्रशासन से लोगों का भरोसा उठने लगा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने तो अब मुखर होकर यह आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि जिस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए थी उस मामले को प्रखंड प्रशासन ने प्रारंभिक जांच के लायक भी नहीं समझा। इतना ही नहीं, ग्रामीणों के बीच अब अवधारणा यह बनने लगी है कि मामला किसी न किसी सेटिंग में जाकर फंस गया है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत ने बताया कि यह शिकायत ही संदिग्ध है क्योंकि बुलाए जाने के बावजूद शिकायतकर्ताओं में से कोई भी उनके पास नहीं आया है। शिकायतकर्ताओं के इस तरह से कतराने के निहितार्थ को संदिग्ध बताते हुए उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि किसी के सामने नहीं आने के बावजूद न केवल इस मामले की गहन जांच की जाएगी बल्कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

## भरनो से बोल बम के जयकारों के साथ कांवरियों का जत्था हुआ बाबाधाम रवाना

**भरनो।** श्रावण मास की पवित्रता और भक्ति भाव से ओत-प्रोत माहौल में मंगलवार को भरनो बस्ती से कांवरियों का एक श्रद्धालु जत्था बाबा बैद्यनाथधाम के लिए हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ बंधाम की ओर रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व कांवरियों ने गांव के देवी मंडप, विष्णु मंदिर और शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव का माहौल पूरी तरह भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर रहा। बोल बम के नारों से गूंजता वातावरण उस अटल श्रद्धा का परिचायक था जो कांवरिए हर वर्ष बाबा बैद्यनाथ के प्रति लेकर चलते हैं। इस बार के जत्थे में अजीत केशरी, पिंटू केशरी, विकास केशरी, रोहित केशरी, संतोष केशरी, सुभम केशरी, महादेव उरांव सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं।

## प्रभावशाली आयोजन भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर विचार-विमर्श

**गुमला।** जन शिक्षण संस्थान गुमला द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित पर्यटक भवन में एक प्रेरणादायी और जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था-"भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाना", जिसमें जिले के विभिन्न पंचायतों से आए युवा प्रशिक्षार्थियों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षा-प्रशिक्षण से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसका संचालन शालु कुमारी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अमित कुमार, असनी पंचायत की मुखिया गौरी किंडो, पुगु पंचायत की मुखिया जेना विभा लकड़ा, कार्यक्रम निदेशक योगेश राय, सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार व रोहन जी सहित लगभग 100 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम निदेशक योगेश राय ने कहा की इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और सभ्य कार्यों के लिए कौशलयुक्त बनाना है। आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के चलते कौशल विकास की अहमियत कई गुना बढ़ गई है। युवाओं को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।" गौरी किंडो ने कहा कि पारंपरिक शिक्षा प्रणाली अक्सर युवाओं को वह कौशल नहीं दे पाती जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में चाहिए।

# नागफेनी टोल प्लाजा पर स्थानीय व्यक्ति से टोल वसूली को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा

नवीन मेल संवाददाता




**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी स्थित टोल प्लाजा में टोल शुरू होने के बाद से ही लगातार टोल कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच नोंकझोक देखी जा रही है। इसी क्रम में एक स्थानीय व्यक्ति जब नेशनल हाईवे में रेड़वा से नागफेनी जा रहा था। तो कैश लेन में बिना आधार चेक किये उस व्यक्ति का फास्ट्रेक से पैसा काट लिया गया। इस पर स्थानीय व्यक्ति ने इसका विरोध किया कि जब पिछले दिनों प्रखंड कार्यालय में बैठक कर निर्णय लिया गया था कि स्थानीय लोगों से टोल नहीं लिया जाएगा।बावजूद इसके टोल की राशि दो बार उसकी गाड़ी से काट लिए गया। ऐसे में उस स्थानीय व्यक्ति ने आक्रोशित होते हुए गाड़ी टोल प्लाजा में खड़ी कर दी और उसके पीछे गाड़ियों की लंबी लाइन लगने लगी। टोल कर्मियों से उसके साथ लगातार बहसबाजी होने लगी। स्थानीय लोग टोल कर्मियों का काफी विरोध कर रहे थे। बैठक में निर्णय होने के बावजूद भी टोल वसूले जाने से लोग काफी आक्रोशित हो गये,जहां टोलकर्मी कह रहे थे कि फास्ट टैग लगे होने के कारण ऑटोमेटिक टोल कट जा रहा है। उस पर स्थानीय लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि जब यह कैश लेन है तो उसमें फास्टैग से ऑटोमेटिक पैसे क्यों काटी जा रही है। काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलने के बाद अंत में एक टोल कर्मी ने जब स्थानीय व्यक्ति का कटा हुआ पैसा वापस किया। तब मामला शांत हुआ।

लेकिन स्थानीय लोगों में इस तरह से लगातार टोल काटे जाने पर काफी आक्रोश है। लोग 2-3 किलोमीटर के लिए टोल टैक्स देना नहीं चाहते हैं। बताया गया कि कल भी गुमला के एक स्थानीय व्यक्ति का इसी तरह से गाड़ी का नंबर रीड करके पैसा काट लिया गया था। जबकि उनकी गाड़ी में फास्टैग भी नहीं लगा हुआ था। इन सब घटना से स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो रहे हैं और लगातार टोल कर्मियों से स्थानीय लोगों की नोंक झोक हो रही है। जल्द ही इसका कोई समाधान नहीं निकाला गया तो मामला काफी बिगड़ सकता है और स्थानीय लोगों तथा टोल कर्मियों के बीच कड़ा संघर्ष देखा जा सकता है।

### एनएच-23 पर जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# दुकान में घुसा पानी ग्रामीणों को भारी परेशानी, उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के बाद जल जमाव और कीचड़ ने स्थानीय लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। सड़क चौड़ीकरण के बाद बनी जल निकासी की समस्या अब ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। स्कूल चौक निवासी अजय गुप्ता उर्फ अज्जू की किराना दुकान और घर में बारिश का पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ। उनका पूरा परिवार रातभर पानी निकालने में जुटा रहा, लेकिन हालात बेहद गंभीर बने रहे। सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण जगह-जगह जल जमाव हो रहा है, जबकि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। ब्लॉक चौक, शिव मंदिर रोड, स्कूल चौक, बालिका स्कूल रोड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भारी कीचड़ और जल भराव से पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा की ब्लॉक चौक से हमारे घर की ओर जाने वाली सड़क पूरी तरह जलमग्न है। खासकर छोटे बच्चे और छात्र-छात्राओं को बहुत परेशानी हो रही है। सड़क निर्माण कंपनी को इस गंभीर समस्या की जल्द समाधान करना चाहिए।" भुक्तभोगी अजय गुप्ता ने बताया कि बारिश के पानी से दुकान का सामान भीग गया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। जल जमाव और घरों में पानी घुसने की जानकारी मिलने पर आरकेडी कंपनी के सीजीएम लक्ष्मण शेट्टी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कंपनी की टीम को स्कूल चौक भेजा, जहां टैंकर और मोटर की सहायता से पानी निकासी कराई गई। इसके अलावा ब्लॉक चौक के पास जेसीबी से सड़क काटकर अस्थायी निकासी मार्ग बनाया गया।

### फिल्मी अंदाज़ में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

## 5 गोवंश मुक्त, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह।** मंगलवार सुबह एक फिल्मी अंदाज़ में मवेशी तस्करी का पर्दाफाश हुआ, जब छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के लोदाम थाना की पुलिस ने झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत आरंडा गांव के पास एक बोलेरो गाड़ी को रोककर तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 5 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया। बताया जा रहा है कि लोरो घाटी (छत्तीसगढ़) से यह बोलेरो पशुओं को भरकर तस्करी के उद्देश्य से रवाना हुई थी। शक के आधार पर लोदाम थाना की पुलिस ने बोलेरो का पीछा करना शुरू किया और आरंडा गांव के पास उसे रोक लिया, जिसमें गांव के जागरूक ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई। हालांकि, मौके का फायदा उठाकर दो तस्कर भागने में सफल रहे, लेकिन एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। वाहन और जब्त पशुओं को लोदाम थाना ले जाया गया है। गौरतलब है कि इसी स्थान पर कुछ दिन पहले भी तस्करी का प्रयास किया गया था, लेकिन उस समय तस्कर वाहन लेकर भागने में सफल हो गए थे। इस पूरी कार्रवाई में रायडीह थाना पुलिस की सुस्ती और छत्तीसगढ़ पुलिस की तत्परता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि अगर बाहरी राज्य की पुलिस गुमला में घुसकर तस्कर पकड़ सकती है, तो स्थानीय पुलिस क्यों असफल हो रही है? ग्रामीणों की सतर्कता से जहां 5 बेजुबान जानवरों की तस्करी रोकी जा सकी, वहीं इस घटना ने पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।

## खाद्य सामग्री जब्त व कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई

**चैनपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक विशेष जांच अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया। यह अभियान चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड, एमएलए रोड और कुरुमगढ़ रोड स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में चलाया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, कोटपा अधिनियम के तहत स्कूल परिसरों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर भी कार्रवाई की गई।निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के सैंपल एकत्र किए गए, जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिन प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए गए, उनमें शामिल हैं महावीर होटल से रसगुल्ला,अजीत जनरल स्टोर से मधुसूदन घी,विनीत किराना स्टोर से आधुनिक हल्दी पाउडर,विशाल किराना स्टोर से सुपर फ्रेश हल्दी पाउडर,धाना होटल से लड्डू अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता की गहनता से जांच की। सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित रूप से पेस्ट कंट्रोल कराएं।होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को यह भी अनिवार्य किया गया कि उनके स्टाफ एप्रन, ग्लव्स और हेडगियर पहनें, और सभी कर्मचारियों का समय-समय पर मेडिकल परीक्षण कराएं।एफएसएसएआई अधिनियम के उल्लंघन पर अर्थदंड एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के उल्लंघन, स्वच्छता में कमी और बिना लाइसेंस संचालन के कारण निम्नलिखित प्रतिष्ठानों पर अर्थदंड लगाया गया अनिल बड़ा – दो हज़ार अंशु अभिषेक बड़ा – एक हज़ार अजीत जनरल स्टोर – पांच हज़ार अनुराग होटल – पांच हज़ार,विनीत किराना स्टोर दो हज़ार कोटपा अधिनियम के तहत तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अभियान के साथ-साथ, कोटपा अधिनियम के अंतर्गत भी एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया।

## उपायुक्त के निर्देश पर सभी अनुमंडलों में 'जन शिकायत निवारण दिवस' का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** जिला प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाने तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में गुमला जिले में एक प्रभावशाली पहल की गई है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के स्पष्ट निर्देश पर जिले के सभी अनुमंडलों में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। मंगलवार को गुमला, बसिया और चैनपुर अनुमंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में अनुमंडल पदाधिकारियों ने अपने कार्यालय कक्षों में आम नागरिकों से सीधे मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु तत्काल संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और सामूहिक समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाए गए। उपायुक्त ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है की आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन प्रखंड, अंचल और अनुमंडल स्तर पर नियमित रूप से किया जाए ताकि समस्या का समाधान वहीं हो, जहां से वह उत्पन्न हुई है। जन संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त स्वयं भी हर सोमवार और शुक्रवार को जिला मुख्यालय में नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दे रही हैं। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सेतु का निर्माण, विश्वास की बहाली और समस्याओं के समयबद्ध समाधान को सुनिश्चित करना है।

### पालकोट में करोड़ों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम भरोसे

# न डॉक्टर, न सड़क, जनता बेहाल

विजय मिश्रा





**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं**

- अस्पताल तक पहुंचने हेतु सड़क निर्माण हो।
- 24 घंटे डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, खासकर आपातकालीन मामलों में।
- कम से कम एक-दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती हो, ताकि ग्रामीणों को उचित सलाह व इलाज मिल सके।
- साइन बोर्ड लगाया जाए ताकि बाहरी व्यक्ति भी आसानी से अस्पताल तक पहुंच सके।
- एक्स-रे एवं अन्य जांच सुविधाएं शुरू की जाएं।
- बिल्डिंग बन जाने से स्वास्थ्य सुविधा पूरी नहीं होती। जरूरत है समुचित मेडिकल स्टाफ, बुनियादी ढांचे व प्रशासनिक ध्यान की, ताकि यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवल एक इमारत नहीं बल्कि पालकोट के लोगों के लिए जीवन रक्षक केंद्र बन सके।

**पालकोट।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से पालकोट प्रखंड में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सौगात बनकर तैयार तो हो गया है, लेकिन इसकी व्यवस्था पूरी तरह राम भरोसे चल रही है। यह अस्पताल फिलहाल न डॉक्टरों से सुसज्जित है, न वहां तक पहुंचने के लिए सड़क है, और न ही आम लोगों के लिए कोई दिशा सूचक (साइन बोर्ड) उपलब्ध है। स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल तक पहुँचने के लिए अब तक कोई निर्धारित रास्ता नहीं है। लोग प्रजापति भोजनालय के बगल वाले संकरे रास्ते से किसी तरह पहुंचते हैं। वहीं, बाहर से आने वालों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट का कोई नाम-पट्ट या संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे आमजन को भारी असुविधा होती है। जब राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह नर्सों के भरोसे हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूजा पल्लवी भगत ने बताया की यहां कम से कम 10 से 12 डॉक्टरों की आवश्यकता है, लेकिन अभी हम सिर्फ दो लोग – मैं और एक डेंटिस्ट – ही पूरे अस्पताल को संभाल रहे हैं। इमरजेंसी के समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं होता, जो चिंता का विषय है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि बड़ी बिल्डिंग के बजाय डॉक्टरों की उपलब्धता होती, तो सुविधा अधिक होती। फिलहाल न सड़क है, न डॉक्टर, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने से लेकर इलाज कराने तक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना है कि जिला प्रशासन कब तक इस गंभीर स्थिति पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करता है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

चतरा जिला अन्तर्गत पिपरवार थाना कांड सं0-59/22, दिनांक-11.11.2022, धारा-385/387/34 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के फिरार अभियुक्त बिनोद महतो उर्फ मुरारी, पे0-सोहर महतो, सा0-जोबिया, थाना-पिपरवार, जिला-चतरा के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए ये फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी पिपरवार/पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा/पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक चतरा - 9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टण्डवा - 9771815777
पुलिस निरीक्षक टण्डवा अंचल - 8340584346
थाना प्रभारी पिपरवार - 7979987689

पुलिस अधीक्षक,
चतरा।

PR 357340 (Police) 25-26 (D)



**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा इच्छुक व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामिण विकास अभिकरण (डी0आर0डी0ए0) चतरा द्वारा विकास भवन गेट के पास एस0जी0एस0वाई0 माकेट शेड में दुकान संख्या 03,04, एवं 09 को किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। विवरणी निम्न है:–

| क्र0सं0 | डी0आर0डी0ए0 द्वारा निर्मित भवन | दुकान न0, | मासिक किराया की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एस0जी0एस0वाई0 माकेट शेड | 03,04,09 | 2500 |

उपरोक्त स्वीकृत दर के आधार पर जो व्यक्ति दुकान किराया /लीज पर लेने हेतु इच्छुक है,वे निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए दिनांक 15.07.2025 से 24.07.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है:–

शर्तः–

1. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा, लॉटरी हेतु तिथि का निर्धारण अलग से करते हुए इसकी सूचना दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकता है तथा उसके किसी भी परिवार के सदस्य आवेदन नही कर सकते हैं,एक से अधिक आवेदन पर विचार नही किया जागेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में,दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नही होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदनकर्ता को राशि मो0–100000.00 (एक लाख रूपये) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीय बैंक से निर्गत जो (DDC CUM C.E.O DISTRICT BOARD CHATRA) के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।
5. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नही की जायेगी।
6. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. किसी संस्था एवं एन0जी0ओ0 को प्राथमिकता दिया जायेगा।
8. आवंटित दुकान को दूसरे को सबलेट करने पर आवंटन विणा कारण पृच्छा के रद्द कर दिया जाएगा,एवं दूसरे सक्षम आवेदक को दुकान आवंटित किया जायेगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा।

PR 357319 District(25-26)D



**कार्यालय - उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार अन्तर्गत कुल 05 छोटे वाहन का नीलामी का निर्णय लिया गया है। नीलामी होने वाले वाहनों की विवरणी निम्नवत है :–

| कम सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या | न्यूनतम सुरक्षित मूल्य | वाहन का वर्तमान स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Marshal | JH03A-1352 | 30,000.00 | उप विकास आयुक्त, लातेहार का आवासीय परिसर |
| 02 | Ambassador | JH03A-2307 | 20,000.00 | |
| 03 | Sumo Victa | JH03B-3447 | 36,500.00 | |
| 04 | Sumo | JH03B-4770 | 34,000.00 | |
| 05 | Safari | JH19A-1000 | 2,50,000.00 | |

शर्ते –

1. उपरोक्त कुल 05 छोटे वाहनों की नीलामी As is where is के आधार पर दिनांक 30.07.2025 को अपराहन् 03:00 बजे जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में होगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को डाक बोलने के पूर्व अग्रिम राशि मो0 10,000/–(दस हजार) रू0 जमानत के रूप में नगद राशि जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार के नजारत शाखा में जमा करना होगा।
3. उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति एक (01) सप्ताह के अन्दर सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात नीलामी में लिये गये वाहन को यथा स्थिति में उठाव करेंगे।
4. इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त वर्णित स्थल पर वाहन का अवलोकन कार्यालय अवधि में कर सकते है।
5. नीलामी की तिथि समिति के अध्यक्ष के द्वारा रदद् किया जा सकता है इसके लिए किसी प्रकार की अपील नहीं की जा सकती है या मुआवजा की मांग नहीं की जा सकती है।
6. नीलामी के आधार पर जो जहाँ है जैसा है भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी स्थिति में देय होगा। इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकता है।
7. अध्यक्ष एवं नीलामी समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार

PR 357343 Rural Development (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"ईश्वर को प्यार करने वाला भक्त किसी जाति का नहीं हो सकता है। क्योंकि भगवान किसी धर्म-जाति में विश्वास नहीं रखते, भगवान को केवल सच्चे मन से याद करना चाहिए।"- स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी

## संपादकीय

# राजधर्म और राजनीति

भारत जिस तेजी से बढ़ रहा है उसी तेजी से उसके विरोधी भी उग्र हो रहे हैं और राजधर्म निभाने में राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है।पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल के बीच या यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को लेकर भारतीय कूटनीति के लिए नाजुक संतुलन की बड़ी चुनौतियां हैं। लेकिन इस समय आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा और बांग्लादेश की बेदखल प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदगी के चलते भारत को ज्यादा प्रत्यक्ष चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दलाई लामा के उत्तराधिकार के मामले में भारत का स्पष्ट रुख है कि इस प्रक्रिया को तिब्बती नेताओं और उनके समुदाय पर छोड़ देना चाहिए, जिससे चीन नाखुश है। भारतीय केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की इस मामले में टिप्पणी से बीजिंग और चिढ़ गया है, क्योंकि रिजिजू अरुणाचल प्रदेश के बौद्ध हैं, जिस पर चीन दावा जताता रहा है। बीजिंग के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर बधाई देने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि चीन अपने आंतरिक मामले में कोई भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। मौजूदा दलाई लामा ने यह कहकर चीन को असमंजस में डाल दिया था कि 2024 के अंत तक वह तय करेंगे कि उनके निधन के बाद दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी या नहीं। अगर वह ऐसा करते, तो उत्तराधिकार का कोई मुद्दा नहीं होता और तिब्बती समुदाय का नेतृत्व धर्मशाला स्थित निर्वाचित, निर्वासित सरकार और एक सिक्योंग (राष्ट्रपति) द्वारा संचालित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के हाथों में चला जाता। दरअसल, दलाई लामा ने तिब्बती समुदाय से जुड़े ज्यादातर मामलों को सिक्योंग और निर्वासित सरकार के हवाले कर दिया है।

*दलाई लामा के उत्तराधिकार के मामले में भारत का स्पष्ट रुख है कि इस प्रक्रिया को तिब्बती नेताओं और उनके समुदाय पर छोड़ देना चाहिए, जिससे चीन नाखुश है।*

पर सिक्योंग में दलाई लामा जैसा आध्यात्मिक आकर्षण नहीं होगा, जो तिब्बत के अंदर और बाहर, तिब्बती समुदाय पर अपना निरंतर प्रभाव बनाए रख सके और दुनिया में तिब्बत की विशिष्ट पहचान को जीवित रख सके।निर्वासित तिब्बती सरकार चीन के लिए एक चुनौती बनी रहेगी, लेकिन अगर दलाई लामा जैसी संस्था नहीं रही, तो बीजिंग निर्वासित सरकार को अलगाववादी बताकर भारत पर दबाव डाल सकता है कि वह उसे अपनी धरती पर शरण और समर्थन न दे। इसी साल प्रकाशित वॉइस फॉर द वॉइसलेस में दलाई लामा ने कहा है कि उनका उत्तराधिकारी एक स्वतंत्र दुनिया में जन्म लेगा, यानी चीन से बाहर, जिससे चीन काफी नाराज था। इसे दलाई लामा के उत्तराधिकार में चीनी सरकार की किसी भी भूमिका को नकारने की एक चतुर चाल के रूप में देखा गया। यदि वर्तमान दलाई लामा चीन के बाहर अपना उत्तराधिकारी घोषित करेंगे, तो चीनी शासक तिब्बतियों पर अपना दलाई लामा थोपने की कोशिश करेगा। नतीजतन दो दलाई लामा होंगे-एक चीन समर्थित दलाई लामा, और दूसरा वर्तमान दलाई लामा के उत्तराधिकार प्रक्रिया के जरिए बनाया गया दलाई लामा। चीन द्वारा मौजूदा दलाई लामा को 'अलगाववादी' कहने के बावजूद तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने तिब्बती स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र विद्रोह का समर्थन नहीं किया है, जैसा कि 1950 के दशक के अंत में उग्र खंपाओं ने सशस्त्र विद्रोह किया था। उन्होंने तिब्बत के भविष्य का फैसला करने के लिए बीजिंग के साथ बातचीत की मांग की है। 2005 में मैंने दलाई लामा का एक साक्षात्कार लिया था, तब उन्होंने तिब्बत लौटने और अपने जीवने के अंतिम वर्ष वहीं बिताने की इच्छा जाहिर की थी।

# नीति आयोग की मानव पूंजी से संबंधित क्रांति



भारत जैसे विशाल और वैविध्यपूर्ण देश में प्रगति का वास्तविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूँजी-हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता-केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक-नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है। एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है। इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला- शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्पना की गई है। नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्यायसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने-रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया।

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया-अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए। इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को-मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना। अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वास्थ्य का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया- जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था।

आज की बात



**राव इंद्रजीत सिंह**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना और संस्कृति राज्य मंत्री

कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वास से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्यायसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए। महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया। इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्टम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट-अप आज फल-फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। लेकिन संभवतः इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य- आधारित नीति-निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है। इसने विशाल आँकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढाँचों का लाभ उठाकर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और ज़मीनी हक़ीक़तों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है। चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्पादन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है। विभिन्न मंत्रालयों और क्षेत्रों में संयोजन और समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक परामर्शदायी निकाय से कहीं अधिक बना दिया है-यह विकास के अंतःकरण का रक्षक बन गया है। इसने कार्य निष्पादन -आधारित रैंकिंग के माध्यम से राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया, हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज़ बुलंद करने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम किया और सर्वोत्तम प्रथाओं को देश में लाने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ सहभागिता की। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का बढ़ता कद और संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से मिली प्रशंसा इस प्रयास के प्रति दुनिया के सम्मान को दर्शाती है। नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियाँ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता-स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में महिला-पुरुष समानता तक- हर पहल में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है-यह जनता को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानने वाली नीतियों के जरिए संचालित एक प्रगतिशील कार्य बन चुका है। नीति आयोग ने विकास के इर्द-गिर्द के विमर्श को ऊपर उठाते हुए हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति गगनचुम्बी इमारतों या सबसे बड़े कारखानों से नहीं, बल्कि जनता की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापी जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# ऐसी पढ़ाई में है सारे बच्चों की भलाई

भारत के शिक्षा तंत्र में दशकों से एक अदृश्य रेखा बनी रही है। वह है आगे की बेंच और पीछे की बेंच। जहां आगे की बेंच पर बैठने वाले छात्र अकसर मेधावी माने जाते हैं, वहीं पीछे की बेंच को उपेक्षा और उपहास का प्रतीक समझा जाता है। लेकिन केरल के सरकारी स्कूलों में हाल ही में जो बदलाव लाया गया है, वह इस मानसिकता को जड़ से चुनौती देता है। अब वहां "बैक बेंचर्स" नाम की कोई चीज नहीं है। केरल के स्कूलों में अब छात्रों को गोल घेरे में (यू-शेप) में बैठाया जा रहा है, जिससे हर बच्चा शिक्षक के सामने होता है, न कोई आगे, न कोई पीछे। यह केवल एक बैठने की शैली नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है। यह इस सोच को तोड़ता है कि सीखने का अधिकार कुछ बच्चों तक सीमित है। इस बदलाव का उद्देश्य स्पष्ट है-बराबरी, भागीदारी और समावेशिता। हर बच्चा अब शिक्षक से आंख मिलाकर संवाद कर सकता है, अपने सवाल पूछ सकता है और खुद को महत्वपूर्ण महसूस कर सकता है। बताया जाता है कि यह नई व्यवस्था एक फिल्म में दिखाई गई कल्पना से प्रेरित है। कभी-कभी सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा भी बन जाता है। जिस तरह "तारे जमीन पर" ने विशेष बच्चों को लेकर दृष्टिकोण बदला, वैसे ही इस फिल्म ने शिक्षा व्यवस्था पर सोचने को मजबूर किया। केरल ने उस कल्पना को जमीन पर उतारा और यही वह दृष्टिकोण है जो भारत के शिक्षा क्षेत्र में एक नई रोशनी बन सकता है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, वह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। एक बच्चा जो हमेशा पीछे बैठाया जाता है, उसके आत्मविश्वास पर इसका असर पड़ता है। उसे लगता है कि वह कमतर और गैरजरूरी है। जब वही बच्चा शिक्षक के सामने बैठता है, चर्चा का हिस्सा बनता है, तो उसके भीतर एक नई ऊर्जा जन्म लेती है। नई बैठने की व्यवस्था केवल छात्रों के लिए नहीं, शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती और अवसर दोनों है। अब शिक्षक को केवल सामने खड़े होकर भाषण देने वाला नहीं, बल्कि बातचीत और सहभागिता में विश्वास रखने वाला मार्गदर्शक बनना होगा। यह "एकतरफा शिक्षा" को "दोतरफा संवाद" में बदलता है। यह नई व्यवस्था शिक्षा में लोकतंत्र लाने की शुरुआत है। जहां सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखा जाता है। यह भारत के संविधान की उस मूल भावना के अनुरूप है, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात करता है। भारत में शिक्षा को लेकर अकसर यह शिकायत रहती है कि कक्षा का वातावरण असमानता को बढ़ावा देता है। कुछ बच्चों को ही शिक्षक का ध्यान मिलता है, जबकि अन्य बच्चे पीछे छूट जाते हैं।

व्यंग्य की बात



**प्रियंका सौरभ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# श्मशान के लिए निकलने वाली अंतिम यात्रा का रोमांचक वृत्तांत

मेरी मौत हो चुकी है। इस मौत को देखकर मैं गदगद हूँ। मेरे गदगद होने के पर्याप्त कारण हैं क्योंकि श्मशान तक मेरी अंतिम यात्रा का आयोजन हो रहा है और अपने पराये सभी ढूंढ ढूंढ कर मेरे तमाम गुणों के गुणसूत्र निकाल कर मेरी तारीफ के पुल बांधे जा रहे हैं। तारीफ सबको अच्छी लगती है और मैं इसका कोई अपवाद नहीं हूँ। मैं गदगद इसलिए भी हूँ कि आम लोगों की तरह मेरे लिए भी यात्रा सदैव रोमांचकारी होता है। यह कुछ वैसा ही होता है जैसा कभी पहाडों की सैर में महसूस हुआ करता है तो कभी मेट्रो और कभी जहाज का अनुभव हमें आह्लादित करता रहता है। यात्रा का यह दर्शन सार्वभौमिक है और मेरे लिए भी यह सदैव रोमांचक रहा है। इस रोमांच के अपने ही दर्शन हैं और इन्हीं कारणों से सदैव यात्रा के अनगिनत रहस्य गिनाए जाते हैं। बहरहाल अनगिनत डेस्टिनेशन के रहस्यों को अपने यात्रा वृत्तांत में समेटे इन बातों की विस्तृत चर्चा का यहाँ न कोई मकसद है और न इन बातों का कोई मतलब ही है क्योंकि आज सबकुछ पीछे छोड़कर मैं अपने अंतिम यात्रा पर निकला हूँ। अब आप मानें न मानें आज जिस यात्रा पर निकला हूँ उसके लिए धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणियों को बचपना, युवावस्था, बुढ़ापा आदि सबकुछ न्यौछावर करना पड़ता है। भारतीय दर्शन के आलोक में इसे देखें तो प्रत्येक मनुष्य को जीवन के चार पड़ावों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासकी यात्रा से होकर गुजरना पड़ता है। आज जब अंतिम यात्रा पर हूँ तो जीवन के इन चार यात्राओं का समग्र वृत्तांत मेरे मन को यूं ही गुदगुदा रहा है। संदर्भवश आत्म विभोर हूँ क्योंकि गुदगुदी के इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैंने ब्रह्मचर्य के पहले चरण का साक्षात अनुभव करते हुए इस यात्रा की आस में आध्यात्मिक विकास हेतु योग का अनुसरण भी किया है। मोक्ष की कामना के साथ जब गृहस्थ जीवन में प्रवेश की बारी आई तो विवाह,परिवार के विस्तार,उनके पालन पोषण व सामाजिक जिम्मेदारी के नियमित अभ्यास का भी अनुभव किया है । यह अनुभव साझा न किया होता तो शायद श्मशान की इस यात्रा का उतना आनंद उठा न पाता तब



मेरी गृहस्थी को वानप्रस्थाश्रम के सहयोगी होने का भरपूर भरोसा न मिला होता। आज जब नौ मन लकड़ी की चिता पर चित्त समा गया है तब जाकर मुझे इस बात का भरपूर संतोष है कि वानप्रस्थ तो आखिरकार संन्यास की तैयारी के लिए आवश्यक समिधा का केवल सहज माध्यम होता है। मेरे पांव यदि वानप्रस्थाश्रम के इस दरवाजे के दर्शन नहीं कर पाते तो शायद आज इस यात्रा बिल्कुल भी मजा नहीं आ पाता। ऐसा इसलिए कि तब शायद सांसारिक मामलों से धीरे-धीरे दूर होने, संन्यास के तंत्र को समझने और तत्संबंधी गतिविधियों के अभ्यास को आत्मसात करने का सौभाग्य ही नहीं मिल पाता। सौभाग्य के इस फलसफे का सौभाग्य देखिए कि श्मशान के लिए निकलने के पहले जीवन के अंतिम चरण में आनेवाले संन्यास की अवधारणा को पीछे छोड़कर ही हमें श्मशान के इस रोमांचक यात्रा का सौभाग्य नसीब हो पाता है। आज जब श्मशान की रोमांचक यात्रा पर हूँ तब मन में इसलिए भी गुदगुदी हो रही है कि किसी भी खास इन्सान की तरह आज मुझे सांसारिक इच्छाओं, ब्रह्मचर्य, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यास की मोह-माया से दूर इस इत्तेफाक का अवसर हाथ लग सका है। यह सबकुछ जीवन के इन चार अवस्थाओं के प्रति मेरे समर्पण का ही परिणाम है जब मेरी चिता को दाह संस्कार का आयोजन आज मजे से गुदगुदा रहा है। सरसरी तौर पर अंतिम यात्रा की इस गुदगुदी के तमाम मायनों को आप खारिज कर सकते हैं, यह आपकी मर्जी का विषय है परन्तु इस विषय पर आप क्या कहेंगे कि जीते जी हममें से कितने हैं जिन्होंने अपने प्राण त्याग करने के पहले खुद की शवयात्रा निकाली हो? आज जब मैं अपनी अंतिम यात्रा पर हूँ तो यकीन मानिए, ऐसी शवयात्रा की जरूरत पहले से अधिक महसूस हो रही है क्योंकि इसके बगैर हम उन्नति के तमाम शिखरों को लांघ तो सकते हैं परन्तु उन शिखरों पर कभी झंडा बुलंद नहीं कर सकते।

अलग बात



**केदारनाथ दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तीर हजारों चल रहे, किन्तु अदेखे सा'ब।
कुछ ऐसे ही आ रहा, खबरों का सैलाब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हर घर में लगे खुशी क्लास, हर शख्स बनें खुशी दूत, एक-दूसरे का करें बौद्धिक मदद

खुशी मिशन को मैं बड़े शिद्दत से झारखंड में चला रहा हूँ। तनाव, हाइपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृति, अंधविश्वास, रुढ़िवाद के खिलाफ हमारा एलान-ए-जंग है खुशी मिशन। सकारात्मकता से भरी खुशियों का संदेश लिए झारखंड के गांव-शहर में खुशी रथ पर सवार मैं लगातार दौड़े जा रहा हूँ। झारखंड के गांव-शहरों में 26 माह से खुशियों के संदेश गूंज रहे हैं। 27 मई 2023 से नियमित रूप से खुशी रथ दौड़ रहा है। अबतक 560 गांवों में खुशी चौपाल सज चुका है। 503 स्कूल-कॉलेजों में खुशी क्लास लगा है। खुशी रथ का कारवां निरंतर चल रहा है। सुदूर गांवों में भी खुशी चौपाल व खुशी क्लास आयोजित हो रहे हैं। निःस्वार्थ और पूर्णतः निःशुल्क भाव से लोगों तक पहुंच कर खुश रहने को प्रेरित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तनाव पर विजय सिर्फ और सिर्फ खुशी से पाई जा सकती है। खुशी का जन्म सकारात्मकता के गर्भ से होती है। सकारात्मकता के साथ कोई भी लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। सकारात्मकता और खुशियों को फैलाने का ऐसा अभियान सम्भवतः देश में पहला है। यह खुशी मिशन मेरे 15 सालों के छटपटाहट का नतीजा है। 15 सालों से मैं समाज का सर्वे कर रहा था। पाया कि तनाव, टेंसन, आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। यह तनाव महामारी का रुप लेते जा रहा है। लगभग हर घर में इसकी पैठ हो चली है। आत्महत्या का आंकड़ा हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। कारण यही तनाव...। मैं स्कूल-कॉलेजों में 2014 से खुशी क्लास आयोजित कर बच्चों को तनावमुक्त रहकर मंजिल पाने, संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश का पाठ पढ़ाता था। धीरे-धीरे मुझे लगा, खुशी क्लास की जरूरत तो हर घर, हर परिवार को है। हर आंगन में खुशी क्लास लगनी चाहिए। खुशी रथ लेकर शहर, कस्बा, गांव-गांव तक जाने की योजना बनाया। लेकिन जिम्मेदारी आड़े आ रही थी। पत्रकारिता से जुड़ा था। चाह कर भी वक्त नहीं निकाल पा रहा था। लेकिन खुशी मिशन चलाने की इच्छा बलवंत होते जा रही थी। ऐसे में लाइफ केयर हॉस्पिटल, बूटी मोड़ व सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल रांची के निदेशक डॉ रजनीश कुमार पूरे दिल से मेरे साथ आ खड़े हुए। आज मैं खुशी मिशन चला पा रहा हूँ तो उनके बदौलत। उनके हिम्मत से मैं पत्रकारिता से त्यागपत्र देकर खुद को संपूर्ण रुप से खुशी मिशन के हवाले कर दिया। 26 माह में रामगढ़ जिला से शुरु इस अभियान के तहत लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, पाकुड़, दुमका, चतरा, रांची, खूंटी, गुमला, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, सिमडेगा, जामताड़ा, धनबाद जिले के 560 गांवों में खुशी चौपाल आयोजित हो चुकी है। यानी झारखंड के 17 जिलों के 560 गांवों में खुशी रथ दौड़ चुका है। झारखंड के सभी 24 जिले तक पहुंचने का लक्ष्य है। मुझसे पूछा जा सकता है कि मैं इस मिशन के लिए प्रेरित कैसे और क्यों हुआ? 20 वर्ष पूर्व कईं कारणों से मैं डिप्रेशन में चला गया था। दवाई खाने लगा। हमेशा आंखे बोझिल रहती। ऐसा लगता मानो मेरी सांसे कभी भी रुक जाएगी। इलाज के सिलसिले में ही एक बार रिम्स गया था। दूसरे तल्ले पर सीढ़ियों से जा रहा था। देखा कि एक निःशक्त वैशाखी के सहारे ऊपर चढ़ रहा है। अचानक वह लड़खड़ा कर गिर पड़ा। मैं उसे उठाने के लिए हाथ बढ़ाया। वह मेरा हाथ नहीं थामा। आत्मविश्वास के साथ बोला- यह मेरा समस्या है, निपट लूंगा। फिर वह खुद उठा और ऊपरी मंजिल पर चला गया। मैं वहीं जड़वत रह गया। सोचने लगा, जिसे प्रकृति ने इतनी खामियां दी, उसमें इतना आत्मविश्वास। और मैं पूर्ण स्वस्थ, सभी अंग-प्रत्यंग सही। फिर भी डिप्रेशन में ? यह तो प्रकृति का अपमान है। उसी वक्त संकल्प के साथ सभी दवाइयां छोड़ दी। नए अंदाज में खुशी के साथ सभी काम शुरू कर दिया। जो पसंद था, उसपर फोकस किया। नतीजन 3 माह में सभी समस्याओं से उबर गया। यकीन मानें, सकारात्मकता खुशी को जन्म देती है और खुशी हमें हर झंझावत से बाहर निकालती है। एक सर्वे के अनुसार झारखंड में हर 14 में से एक व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हैं। खुशी मिशन इसी तनाव, डिप्रेसन, आत्महत्या की प्रवृति को रोकने का प्रयास है। स्कूल-कॉलेजों में इसिलिए खुशी क्लास लगाया जा रहा है। खुशी रथ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। खुशी सकारात्मकता में ही छुपी है। अगर हम सकारात्मक भाव से किसी भी काम को करते हैं, सफलता निश्चित है।

अपनी बात



**मुकेश सिंह चौहान**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 2.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन




### भगवती नगर से 6,388 यात्री अमरनाथ यात्रा पर रवाना

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भगवती नगर यात्री निवास से 6,388 यात्रियों का एक और जत्था दो काफिलों में कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला काफिला, जिसमें 103 वाहनों में 2,501 यात्री थे, सुबह 3:26 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए निकला। दूसरा काफिला, जिसमें 145 वाहनों में 3,887 यात्री थे, सुबह 4:15 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने कहा कि बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस शिविरों से यात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति मौसम की स्थिति देखने के बाद ही दी जाएगी।

**एजेंसी। श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले 12 दिनों में 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इसके साथ ही मंगलवार को जम्मू से 6,388 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह यात्रा पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। 180 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत बढ़ाने के लिए लाया गया है। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुफा मंदिर तक के पूरे रास्ते और दोनों आधार शिविरों के रास्ते में सभी पारगमन शिविरों को सुरक्षा बलों ने सुरक्षित कर लिया है।

सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी पर माता-पिता खुश, बोले -

# वह देश का बेटा, यह गर्व का पल



**एजेंसी। लखनऊ**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सकुशल पृथ्वी पर लौट आने से देशवासियों में खुशी की लहर है। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला और माता आशा शुक्ला ने इस ऐतिहासिक क्षण पर अपनी भावनाएं साझा कीं। शंभू दयाल शुक्ला ने गर्व से कहा, "मेरे बेटे की अंतरिक्ष यात्रा मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह देशवासियों के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन से ही संभव हुआ।"उन्होंने बताया कि त्रिवेंद्रम में जब मेरे बेटे शुभांशु को 'एस्ट्रोनॉट विंग' प्रदान किया गया था, तब से ही उसे गगनयात्री की उपाधि मिली थी। प्रधानमंत्री ने शुभांशु की तारीफ की और आशीर्वाद भी दिया था, जिससे उसका उत्साह और बढ़ गया। मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। शुभांशु की माता आशा शुक्ला ने भावुक होकर कहा, "जब त्रिवेंद्रम में मेरे बेटे को एस्ट्रोनॉट विंग मिला, तो हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी थी। सभी लोग भावुक थे। पिछले चार साल से शुभांशु ने कड़ी मेहनत और ट्रेनिंग की थी। जब प्रधानमंत्री ने उनके नाम का ऐलान किया, तो वह मेरे लिए गर्व का पल था।"उन्होंने आगे कहा, "शुभांशु अब केवल मेरा बेटा नहीं, बल्कि पूरे देश का बेटा है। देश की हर मां उसे आशीर्वाद दे रही हैं। मुझे अपने बेटे पर बहुत गर्व है। एक्सिओम-4 मिशन में शुभांशु ने 60 प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिनमें से सात इसरो के थे। "बता दें कि शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 20 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र में लैंड किया। वहीं, स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ड्रैगन के सुरक्षित उतरने की पुष्टि हो गई है। पृथ्वी पर आपका स्वागत है!

### पृथ्वी पर आपका स्वागत है...

## शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर पीएम ने खुशी जताई

**नई दिल्ली।** 15 जुलाई 2025 भारतीय समयानुसार दोपहर 3:00 बजे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिन की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा का समापन कर धरती पर लौट गए। सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा। शुभांशु शुक्ला की कुशल वापसी पर पीएम मोदी ने खुशी जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूँ, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की थी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री, तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ, आज दोपहर 3:00 बजे IST (सुबह 4:30 बजे CT) कैलिफ़ोर्निया के पास प्रशांत महासागर में उतर गए। यह दल सोमवार (14 जुलाई) को दोपहर 2 बजे IST पर स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान "ग्रेस" में सवार हुआ और शाम 4:45 बजे ISS के हार्मनी मॉड्यूल से अलग हुआ।



## बिहार के 37 जिलों में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में हो रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन पर सियासत गर्म है। विपक्ष सवाल पूछा रहा है कि सूची में नाम के लिए आधार कार्ड को मान्यता क्यों नहीं दी जा रही? वहीं एक मामला ये भी है कि बिहार के 38 जिलों में से 37 में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।सीमांचल इलाके के चार जिलों कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में आधार कार्ड की संख्या आबादी से 120% से ज्यादा है। आधार कार्ड सैचुरेशन के आंकड़ों ने कई सवाल उठाए हैं। क्या ऐसा इसलिए हो रहा है ताकि घुसपैठिए बिहार में चल रही वोटर रिवीजन लिस्ट में अपना नाम जुड़वा जा सकें? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो इन दिनों सोशल मीडिया में लगातार उठ रहे हैं। दरअसल, आधार सैचुरेशन के आंकड़ों से पता चला कि 68 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में सैचुरेशन 126% है। 44 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले कटिहार में 123% और 43 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले अररिया में 123% है।जबकि, 38 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले पूर्णिया में यह सैचुरेशन 121% है। इसका मतलब हुआ कि हर 100 व्यक्ति पर 120 से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।

भास्कर ने इस पूरे मामले की पड़ताल की, तो सामने आया कि बिहार के 37 जिलों में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बने हैं।

- मुस्लिम बहुल 5 जिलों में हर 100 व्यक्ति पर 120 से ज्यादा आधार

## राहुल गांधी को मिली बड़ी राहत मानहानि मामले में कोर्ट ने दी जमानत

**एजेंसी। लखनऊ**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट से मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मंगलवार को मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को जमानत दे दी। यह मामला वर्ष 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में दिए गए कथित अपमानजनक बयान से जुड़ा हुआ है। मंगलवार को ही कोर्ट में सरेंडर करने के बाद राहुल गांधी के वकील की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने बीस-बीस हजार रुपए की दो जमानत दाखिल करने के आदेश के साथ राहुल गांधी को जमानत दे दी। राहुल गांधी पर आरोप है कि 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय सेना को लेकर ऐसा बयान दिया, जिसे मानहानि के दायरे में आने वाला और आपत्तिजनक बताया गया। इस बयान के खिलाफ एक परिवाद दाखिल किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि राहुल गांधी का बयान सेना की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला था और इससे देश के सैनिकों के मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। कोर्ट की ओर से तलब किए जाने के बाद मंगलवार को राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से लखनऊ कोर्ट में पेश हुए और औपचारिक रूप से सरेंडर किया। इसके बाद उनके वकील ने कोर्ट के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी। न्यायालय ने जमानत की शर्तों के अनुसार राहुल गांधी को 20-20 हजार रुपए की दो जमानतें दाखिल करने का आदेश दिया, जिसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। मानहानि की शिकायत बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दायर की थी। कोर्ट ने भी माना था कि कांग्रेस सांसद की टिप्पणी सेना के मनोबल को तोड़ने वाली थी।

# स्पेस मिशन के लिए अहम होगा शुभांशु का अनुभव : मित्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से पृथ्वी पर सकुशल लौट आए हैं। इस अवसर पर नासा की पूर्व वैज्ञानिक डॉ. मिला मित्रा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में इस मिशन के महत्व और चुनौतियों को रेखांकित किया। मिशन का महत्व बताते हुए मित्रा ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन भारत के लिए इसलिए खास है, क्योंकि यह पहली बार है, जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर गया और वहां 60 प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें से 7 प्रयोग इसरो ने डिजाइन किए थे, जो सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में किए गए। इन प्रयोगों में मूंग और मेथी जैसी फसलों का अंतरिक्ष में विकास, मानव शरीर पर शून्य गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव, और मानव-कंप्यूटर इंटरफेस का अध्ययन शामिल था। ये प्रयोग भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों, जैसे गगनयान और लंबी अवधि के अंतरिक्ष स्टेशन मिशनों के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेंगे। डॉ. मित्रा ने कहा, "यह मिशन विभिन्न देशों को एक साथ लाने का शानदार उदाहरण है। यह सहयोग न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय एकता को भी दर्शाता है।"उन्होंने बताया कि लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण में रहने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। हृदय की धड़कन बदल जाती है और रक्त का प्रवाह असामान्य हो जाता है, जिससे दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, प्रतिरक्षा प्रणाली भी कमजोर पड़ती है। इन प्रभावों को ठीक करने के लिए, शुभांशु और उनके सहयोगियों को पृथ्वी पर लौटने के बाद 2 हफ्ते से 1 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा। शून्य गुरुत्वाकर्षण के बाद तुरंत चलना मुश्किल होता है। इसके बाद, उन्हें पुनर्वास केंद्र में ले जाया जाएगा, जहां उनकी मांसपेशियों, दृष्टि, और प्रतिरक्षा प्रणाली को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल बनाने के लिए चिकित्सीय प्रक्रियाएं की जाएंगी।डॉ. मित्रा ने कहा, "शुभांशु का आईएसएस पर अनुभव गगनयान मिशन के लिए बहुत मूल्यवान है। वे अब जानते हैं कि अंतरिक्ष में कैसे रहना है, कैसे काम करना है और वापसी की प्रक्रिया क्या है।"उन्होंने इस मिशन को भारत के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा, "शुभांशु शुक्ला न केवल पहले भारतीय हैं जिन्होंने आईएसएस पर कदम रखा, बल्कि वे गगनयान जैसे भविष्य के मिशनों के लिए भी प्रेरणा हैं।



## शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर बिड़ला संग्रहालय में छात्रों में दिखा उत्साह

**कोलकाता।** बिड़ला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (बीआईटीएम) ने एक्सिओम मिशन-4 की सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में एक इंटरैक्टिव सत्र और लाइव स्ट्रीमिंग का आयोजन किया। इस मिशन के तहत शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे, जिसे देखने के लिए मित्रा संस्थान के छात्र उत्साहित होकर संग्रहालय पहुंचे। बीटीआईएम के शिक्षा विभाग के प्रमुख और तकनीकी अधिकारी तरुण दास ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में खुशी जताई। उन्होंने कहा, "एक भारतीय का अंतरिक्ष से सुरक्षित लौटना गर्व का क्षण है। मेरी आंखों में खुशी के आंसू थे। यह उपलब्धि 2027 के मिशन के लिए प्रेरणा देगी, जिसमें सात भारतीय यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। उन्होंने इस मिशन को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर बताया। लाइव स्ट्रीमिंग देखने आए छात्रों ने भी इस ऐतिहासिक पल पर उत्साह जताया। तरुण दास ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाते हैं। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते कदमों का प्रतीक है और भविष्य के मिशनों के लिए नई उम्मीदें जगाता है। संस्थान के छात्र रिसव दास ने आईएएनएस से कहा, "हमारा भारत इस मिशन में सफल हुआ और लैंडिंग भी शानदार रही। लाइव स्ट्रीमिंग देखकर हमें बहुत अच्छा लगा।" पांचवीं कक्षा के छात्र बिस्वजीत ने खुशी साझा करते हुए कहा, "शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष से सुरक्षित लौटना हमारे लिए गर्व की बात है।



## शुभांशु शुक्ला की वापसी पर जितेंद्र सिंह ने दी बधाई, कहा- भारत के लिए गौरव

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा कर धरती पर सकुशल वापसी पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ पूरी टीम को बधाई दी है। अनुसंधान भवन में मंगलवार को आयोजित स्पलैशडाउन की लाइव कवरेज में मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर की।उन्होंने कहा कि भारत ने आज अंतरिक्ष की दुनिया में सचमुच एक स्थायी स्थान प्राप्त कर लिया है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है क्योंकि हमारा एक यशस्वी सपूत एक सफल यात्रा पूरी करके वापस लौटा है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में पिछल 18 दिनों में एक्सिओम-4 मिशन की टीम ने कई महत्वपूर्ण प्रयोग किए। भारत का एक यशस्वी पुत्र एक सफल यात्रा से लौटा है जिसने आने वाली पीढ़ियों के लिए सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अभूतपूर्व जीवनदायी प्रयोग किए। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष यान कैलिफोर्निया के समुद्र तट पर सफलतापूर्वक उतरा। शुभांशु शुक्ला समेत चारों अंतरिक्ष यात्री छह दिनों तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। 23 जुलाई के बाद वे विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे और नासा, स्पेस एजेंसियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और अंतरिक्ष में किए गए प्रयोगों के बारे जानकारी देंगे। 17 अगस्त को शुभांशु शुक्ला दिल्ली आएंगे।



# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## पीएम मोदी पर बनाए कार्टून को सुप्रीम कोर्ट ने 'भड़काऊ' बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने सोशल मीडिया पर कोई और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की, तो राज्य कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। शीर्ष अदालत कथित अपमानजनक ऑनलाइन पोस्ट से नाराज़ थी और उसने कहा लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हेमंत मालवीय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 3 जुलाई को पारित उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी जिसमें उन्हें अग्रिम ज़मानत देने से इनकार कर दिया गया था। प्रधानमंत्री और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून ऑनलाइन साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को उच्चतम न्यायालय का संरक्षण मिला। सोशल मीडिया पोस्ट आपत्तिजनक, सभी तरह के दंडनीय प्रावधान लागू हो सकते हैं। लोग किसी को भी कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ तो करना होगा। वकील और आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी की शिकायत पर मई में इंदौर के लसूड़िया पुलिस थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### मानसून सत्र से पहले जगदीप धनखड़ से मिले खड़गे, बोले-

## 21 को मानसून सत्र, विपक्ष में गंभीर चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संसद के मानसून सत्र से पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और कहा कि विपक्ष एक सार्थक सत्र चाहता है। संसद का एक महीने तक चलने वाला मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि विपक्ष 21 जुलाई से राज्यसभा का एक सार्थक सत्र चाहता है। इसके लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा की आवश्यकता है, जो जनता के लिए बहुत चिंता का विषय हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने धनखड़ के साथ अपनी बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज मैंने राज्यसभा के माननीय सभापति से मुलाकात की और एक उपयोगी बातचीत हुई। खरगे ने कहा, विपक्ष 21 जुलाई से राज्यसभा का सफल सत्र चाहता है। ऐसा होने के लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा करने की आवश्यकता है, जो बड़ी सार्वजनिक चिंता का विषय हैं।

## एमपी में कांग्रेस विधायक के बेटे ने मार दी पुलिस कांसटेबल को टक्कर

**एजेंसी। मध्य प्रदेश**

अलीराजपुर जिले में एक बस स्टैंड के पास देर रात गश्त के दौरान, कथित तौर पर कांग्रेस विधायक महेश पटेल के बेटे पुष्पराज पटेल द्वारा चलाई जा रही एक तेज रफ्तार एसयूवी ने दो पुलिस कांस्टेबलों को घायल कर दिया। यह घटना शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को हुई जब दोनों कांस्टेबल ड्यूटी पर थे। अलीराजपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के अनुसार, वाहन तेज़ रफ्तार से अधिकारियों के पास पहुँचा और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अपनी गति कम नहीं की। सीसीटीवी में कैद एक नाटकीय दृश्य में, एसयूवी एक बैरिकेड तोड़कर सीधे अधिकारियों की ओर मुड़ती हुई दिखाई दे रही है। एसपी व्यास ने बताया कि एक कांस्टेबल ने ड्राइवर को रुकने का इशारा किया, लेकिन एसयूवी तेज़ रफ़्तार से चलती रही, तेज़ी से बाईं ओर मुड़ी और सीधे पुलिसकर्मियों की ओर बढ़ी।

### हरित ईंधन को लेकर मिशन मोड में हैं गडकरी, बोले-

# शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, विकास में अब भी मदद की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 12वीं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिट में कहा कि हरित ईंधन को लेकर उनके प्रयास वर्ष 2004 से मिशन के रूप में जारी हैं और आज वे खुद देश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिनकी गाड़ी 100 प्रतिशत बायोफ्यूल पर चलती है। गडकरी ने कहा कि इस वैकल्पिक ईंधन का निर्माण मक्का, टूटे चावल और गन्ने जैसे उत्पादों से होता है, जिसे किसान तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब मक्का की कीमत 1200 रुपये प्रति क्विंटल थी, तब इसके उत्पादन को प्रोत्साहन दिया गया और अब उसकी बाजार कीमत 2400 रुपये तक पहुंच गई है। इसका लाभ किसानों को सीधे मिल रहा है। भारत का फॉसिल फ्यूल आयात 40 लाख करोड़ रुपये तक का है, जिसे घटाने के लिए वैकल्पिक ईंधन का उपयोग और आवश्यक हो गया है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने एक प्लेटफॉर्म की भी शुरुआत की है जिसमें रेडीमेड गारमेंट से बची हुई कतरनों से कारपेट बनाए जाते हैं। ये कारपेट कम लागत में तैयार होते हैं और इनमें 1500 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यदि सामाजिक ज़िम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ छोटे-छोटे प्रयास किए जाएं तो लोगों के जीवन को बदला जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और स्किल डेवेलपमेंट जैसे क्षेत्रों में आज भी बड़ी मदद की आवश्यकता है और सीएसआर के माध्यम से जो कार्य हो रहे हैं, वे बेहद सराहनीय हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों को वैसी प्रसिद्धि नहीं मिलती।


## समाहरणालय, चतरा (राजस्व शाखा)

-: सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अन्तर्गत राजस्व से संबंधित मामले का त्वरित निष्पादन हेतु सभी अंचलो में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया है :–

| क्रम सं0 | अंचल का नाम | प्रथम राजस्व शिविर की तिथि (Term-I) | द्वितीय राजस्व शिविर की तिथि (Term-II) | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | 16-07-2025 to 18-07-2025 (तीन दिन) | 29-07-2025 to 30-07-2025 (सभी अंचल) | 10:00 बजे पूर्वाहन से |
| 2 | गिद्धौर | | | |
| 3 | कुन्दा | | | |
| 4 | लावालौंग | | | |
| 5 | हण्टरगंज | | | |
| 6 | प्रतापपुर | | | |
| 7 | सिमरिया | 21-07-2025 to 23-07-2025 (तीन दिन) | | |
| 8 | टंडवा | | | |
| 9 | पत्थलगड़ा | | | |
| 10 | कान्हाचटटी | | | |
| 11 | ईटखोरी | | | |
| 12 | मयुरंहड | | | |

सभी चतरा जिलावासियों से अपील है कि राजस्व संबंधित मामले का निपटारा हेतु अपने अंचल अन्तर्गत निर्धारित तिथि को आयोजित विशेष राजस्व शिविर में आवेदन देकर अपने कार्यो का निष्पादन कराया जाय।

PR.NO.357381 Revenue(25-26):D

उपायुक्त, चतरा।

# सीरिया में शिया-सुन्नी की लड़ाई में इजराइल की एंट्री

## सीरियाई टैंकों पर बम गिराए, 2 दिनों में 100 लोगों की मौत

दमिश्क । एजेंसी

सीरिया में दो समुदायों के बीच संघर्ष में इजराइल की भी एंट्री हो गई है। इजराइली सेना ने मंगलवार को सीरियाई सैन्य टैंकों पर हमला किया। ये हमला उस समय हुआ जब सीरियाई सरकार के सुरक्षाबल स्वेदा प्रांत में ड्रूज मिलिशिया और बेदोइन जनजातियों के बीच हो रही हिंसक झड़पों को रोकने पहुंचे थे। स्वेदा प्रांत सीरिया के दक्षिण इलाके में है और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हो चुका है। बीते 2 दिनों में शिया ड्रूज और सुन्नी बेदोइन कबीलों के बीच हुई झड़प में करीब 100 लोगों की मौत हो गई।

**शिया इस्लाम से जुड़े हैं ड्रूज समुदाय :** ड्रूज समुदाय, जो शिया इस्लाम की एक शाखा है। सीरिया, लेबनान और इजराइल में फैला हुआ है। स्वेदा शहर ड्रूज बहुल है और ड्रूज मिलिशिया के नियंत्रण में रहा है। उन्होंने लंबे समय तक सीरियाई सेना के साथ जुड़ने से इनकार किया था। सीरिया इस समय एक नई सुन्नी बहुल सरकार के अधीन है, जिसने बशर अल-असद को सत्ता से हटाकर सत्ता संभाली है। लेकिन इस बदलाव के बाद भी अल्पसंख्यक समुदाय, जैसे ड्रूज, शिया, ईसाई और कुर्द लोग, सरकार पर संदेह करते हैं। इस साल मई में इजराइली सेना ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के पास एक हमला किया था, जिसे अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के लिए चेतावनी माना गया। हालांकि, नए राष्ट्रपति ने कहा है कि वे सीरिया के पुनर्निर्माण पर ध्यान देना चाहते हैं और इजराइल के साथ किसी संघर्ष में रुचि नहीं रखते।



**02** दिनों में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है

**13** साल लंबे गृहयुद्ध से स्वेदा सीरिया प्रभावित है

**ड्रूज समुदाय शिया इस्लाम की एक शाखा से जुड़ा हुआ है**

### नेतन्याहू बोले- ड्रूज समुदाय की हिफाजत करेंगे

सीरियाई सैनिकों पर बेदोइन समुदाय की मदद करने के आरोप लगे। इस पर इजराइल ने नाराजगी जताई और कहा कि सीरियाई सरकार ड्रूज समुदाय पर हमला करने के लिए अपने सैनिकों और हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। इसलिए इजराइल ने सुवेदा के आसपास के इलाकों में सीरियाई सरकारी बलों पर बमबारी की है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि इस कार्रवाई का मकसद ड्रूज समुदाय की रक्षा करना है, क्योंकि इजराइल और इजराइली क जे वाले गोलान हाइट्स में ड्रूज लोगों से उनके गहरे रिश्ते हैं। सीरिया के गृह मंत्रालय ने इस हिंसा को सांप्रदायिक न मानते हुए कहा कि यह सरकार और अपराधियों के बीच की लड़ाई है, न कि सरकार और किसी खास समुदाय के बीच की। मंत्रालय ने माना कि स्वेदा में अराजकता को रोकने में सरकार नाकाम रही।



### भूकंप के झटकों से दहला फिलीपींस, रिक्टर स्केल पर 5.8 दर्ज की गई तीव्रता




नई दिल्ली (आईएएनएस)

फिलीपींस में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गई। हालांकि, अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंगलवार सुबह उत्तरी फिलीपींस के इलोकोस नॉर्ट प्रांत में 5.8 तीव्रता का एक भूकंप आया, जिसकी जानकारी फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनो लॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने दी। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर महसूस किए गए।, जिसका केंद्र पासुक्विन शहर से लगभग 29 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 27 किलोमीटर की गहराई पर था। यह टेक्टॉनिक भूकंप था, जिसके कारण कुछ और झटके आ सकते हैं, लेकिन इससे बड़ा नुकसान होने की संभावना कम है। इस भूकंप का असर पड़ोसी प्रांतों कागायन, इलोकोस सुर, इसाबेला और अब्रा में भी महसूस किया गया। फिलीपींस में बार-बार भूकंप आते हैं, क्योंकि यह प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर स्थित है। फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके आते रहते हैं. इनमें ज्यादातर झटके कम तीव्रता के होते हैं। लेकिन पिछले महीने भी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। 24 जून को दक्षिणी फिलीपींस में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। यूएसजीएस के मुताबिक, ये भूकंप दावाओ द्वीप से करीब 374 किमी पूर्व में आया था।

### बोइंग व बीमा कंपनियों को बचाने की चाल तो नहीं

## अमेरिकी मीडिया ने की पायलटों पर दोष मढ़ने की कोशिश की

ब्यूरो



● वॉयस डेटा रिकॉर्डर से स्पष्ट है कि दोनों पायलटों ने फ्यूल स्विच बंद नहीं किया था

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 270 लोगों की जान चली गई।एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट से पहले ही अमेरिकी मीडिया ने बोइंग व बीमा कंपनियों को बचाने के लिए पायलटों पर दोष मढ़ने की कोशिश की है। मालूम हो कि 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की शुरुआती रिपोर्ट आई है। जिसको लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे तो यह प्राथमिक रिपोर्ट है और विस्तृत रिपोर्ट में ही सब कुछ साफ होने की संभावना है।लेकिन अचरज यह है कि रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले से ही अमेरिकी मीडिया इस हादसे का सारा दोष दिवंगत पायलटों पर डालने की कोशिश शुरू कर चुकी थी। जिसके कारण शक पैदा होता है कि कहीं इसके लिए कोई बड़ी साजिश तो नहीं रची गई है।संभवतया इसमें अरबों रुपये का खेल भी शामिल हो सकता है। यह आशंका एविएशन एक्सपर्ट की ओर से भी जताई जा रही है।एअरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच को पायलटों ने जानबूझकर बंद किया? या फिर किसी तकनीकी खराबी के कारण इंजन बंद हो गया? एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया है। लेकिन रिपोर्ट में 'ट्रांजिशन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, 'मैनुअल स्विच-ऑफ' का नहीं। वॉयस डेटा रिकॉर्डर में जो दोनों पायलटों के बीच बातचीत का हिस्सा जारी किया गया है, उससे भी जाहिर है कि किसी पायलट ने फ्यूल स्विच बंद कर दिया, इसका कोई सवाल ही नहीं पैदा होता। फिर भी इस बात पर काफी बहस हो रही है। सबसे संदिग्ध सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसी पश्चिमी मीडिया की जल्दबाजी की वजह से पैदा हो रहा है। इस अमेरिकी मीडिया आउटलेट ने एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट आने से कई घंटे पहले ही पायलटों पर दोष डालने की कोशिशें शुरू कर दी थी। इसने 10 जुलाई को ही दावा किया था कि 'जांच में पता चला है कि शायद विमान में कोई खराबी नहीं थी। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जांच पायलटों पर केंद्रित है। मतलब, जांचकर्ता यह देख रहे हैं कि क्या पायलटों ने कोई गलती की? अभी तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में कोई समस्या नहीं दिख रही है।' वैसे एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी कोई मामूली कंपनी नहीं है। इसमें जिस कंपनी का इंजन लगता है वह भी दुनिया की बड़ी कंपनी है। जिस कंपनी ने इनका बीमा किया है वह भी दुनिया की बड़ी कंपनी है। इनमें अमेरिका व अन्य कई देशों के तमाम अति धनी उद्यमियों , सत्ताधारी नेताओं आदि के मोटे शेयर हैं। इसके मद्देनज़र भी इस घटना की जांच रिपोर्ट आने के पहले ही सारा दोष दो पायलटों पर मढ़ने वाली ख़बरें आना कहीं न कहीं खटकने लगा है। इससे आशंका होने लगी है कि कहीं हवाई जहाज कंपनी अंदर-अंदर अपने बचाव के लिए लॉबिंग तो नहीं शुरू कर दी है। क्योंकि जहाज में गड़बड़ी , इसके पार्ट में गड़बड़ की रिपोर्ट आई तो उसका धंधा बैठ जाएगा। जो अरबों डालर में होगा। इस कंपनी का धंधा बैठेगा तो इसकी बीमा करने वाली कंपनी का बहुत नुकसान होगा।

### जेलेंस्की ने समर्थन करने के लिए ट्रंप का जताया आभार



**कीव (आईएएनएस)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन का समर्थन करने और रूस के साथ युद्ध खत्म करने के प्रयासों में योगदान की इच्छा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया है। जेलेंस्की ने इसे 'बहुत अच्छी बातचीत' बताया और जारी संघर्ष के बीच 'स्थायी और न्यायपूर्ण शांति' हासिल करने में ट्रंप की रुचि का स्वागत किया। जेलेंस्की ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, "मैंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। यह एक बहुत अच्छी बातचीत थी। यूक्रेन का समर्थन करने और हत्याओं को रोकने व एक स्थायी और न्यायपूर्ण शांति

### न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में बारिश से आई बाढ़, आपातकालीन चेतावनी जारी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** उत्तर-पूर्व और मध्य-अटलांटिक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण न्यूयॉर्क शहर और उत्तरी न्यू जर्सी में बाढ़ आ गई है। स्थिति को देखते हुए आपातकालीन चेतावनियां जारी करी गई है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। हालात को देखते हुए न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने सोमवार देर रात आपातकाल की घोषणा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, "मैं राज्य के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश को देखते हुए आपातकाल की घोषणा कर रहा हूं। कृपया घर के अंदर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

### इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई करेगी राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में जल्द ही हालात तेजी से बिगड़ने की संभावनाएं हैं क्योंकि शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना ने मिलकर पूरे विपक्ष को कुचलने का मन बना लिया है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में हाल के दिनों में जो घटनाक्रम तेजी से सामने आये हैं वह न केवल वहां के राजनीतिक हालात को उजागर कर रहे हैं बल्कि यह भी बता रहे हैं कि सेना और सरकार किस तरह से सत्ता बचाने के लिए "सुरक्षा" के नाम पर कानूनों और संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही हैं। हम आपको बता दें कि इमरान ख़ान की पार्टी पीटीआई की प्रस्तावित राष्ट्रीय आंदोलन की चेतावनी के बीच पाकिस्तान सरकार ने जिस तरह से एक नए केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'Federal Constabulary' के गठन की घोषणा की है।

## केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी फिलहाल टली, यमन में प्रयास जारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)



यमन में भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया की फांसी टल गई है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब निमिषा की फांसी बुधवार यानी 16 जुलाई को तय थी। मंगलवार को 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील सुभाष चंद्रन ने निमिषा की फांसी के टलने की जानकारी दी। केरल की रहने वाली नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक हत्याकांड में मौत की सजा सुनाई गई थी। वकील सुभाष चंद्रन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "निमिषा की फांसी को फिलहाल टाला गया है। कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की गई है।" उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि निमिषा प्रिया को अभी बचाया जा सकता है। सुभाष चंद्रन ने बताया, "अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक व्यक्ति के परिवार के साथ लगातार बात हो रही है। फांसी टलने के बाद अब उस परिवार को राजी करने के लिए और समय मिलेगा। वकील सुभाष चंद्रन के मुताबिक, निमिषा प्रिया के मामले में भारत सरकार ने भी सहयोग किया है। अटॉर्नी जनरल ने बताया है कि वे अपने चैनल्स के जरिए यमन के अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। सुभाष चंद्रन ने बताया कि निमिषा प्रिया के मामले में कुछ अन्य संगठनों का भी सहयोग है। केरल के एक मरकज प्रमुख ने अपने स्तर पर यमन के लोगों से बातचीत की है, जो वहां निमिषा प्रिया के मामले में मृतक व्यक्ति के परिवार को राजी करने में मदद कर रहे हैं। नर्स निमिषा प्रिया 2008 से यमन में रह रही थीं। उन्होंने एक क्लीनिक शुरू किया था, लेकिन स्थानीय कानून का पालन करने के लिए यमन के नागरिक तलाल अब्दुल मेहदी को साझेदार बनाना पड़ा।

### उत्तराखंड में 150 मीटर गहरी खाई में गिरी टैक्सी

## पिथौरागढ़ में 13 सवार में से 8 की मौत, रेस्क्यू जारी



पिथौरागढ़ । एजेंसी

उत्तराखंड में मंगलवार शाम पिथौरागढ़ जिले में एक मैक्स गाड़ी बेकाबू होकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। हादसा सोनी पुल के पास हुआ। मैक्स मुवानी से बकटा जा रही थी। इसमें 13 लोग सवार थे। सूचना पाकर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गाड़ी के खाई में गिरने के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। पिथौरागढ़ की एसएसपी रेखा यादव ने बताया, गाड़ी मुवानी से बोकटा की तरफ जा रहा थी कि अचानक नियंत्रण बिगड़ गया। इससे गाड़ी नदी में जा गिरी। इस घटना में मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति जिनपिंग से की मुलाकात, भारत-चीन संबंधों पर हुई चर्चा



**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति पर चर्चा की। जयशंकर ने इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीनी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं। यह बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक के हिस्से के रूप में हुई।

## चीन के मुद्दे पर कांग्रेस ने मानसून सत्र में की है बातचीत की मांग

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दलाई लामा मामला व पाकिस्तान को हर तरह से मदद देने वाले चीन के मुद्दे पर कांग्रेस ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में चर्चा की मांग की गई है। कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन के दौरे का हवाला देते हुए कहा कि पड़ोसी देश से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती? रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '14 जुलाई, 2025 को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध 'पिछले साल अक्टूबर में कजान में पीएम मोदी व राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से लगातार सुधर रहे हैं' और यह भी कहा कि 'हमारे संबंधों का निरंतर सामान्य होना दोनों देशों के लिए लाभदायक हो सकता है।' उन्होंने कहा कि शायद विदेश मंत्री को याद दिलाना जरूरी है कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई पिछली मुलाकात के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में क्या-क्या घटनाक्रम हुए हैं। जयराम रमेश ने दावा किया कि चीन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को पूरा समर्थन दिया तथा पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन को नेटवर्क-केंद्रित युद्ध प्रणाली और जे-10सी लड़ाकू विमान, पीएल-15ई एयर-टू-एयर मिसाइल और ड्रोन जैसे हथियारों के लिए टेस्टिंग ग्राउंड की तरह इस्तेमाल किया।जयराम ने कहा, 'भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों से लड़ा-जिनमें चीन भी शामिल था, जिसने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी मुहैया कराई।

*कबीर बाहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी गर्लफ्रेंड कृति सनेन की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर शेयर की। अपनी गहरी मुस्कान बिखेरते हुए, कथित प्रेमी जोड़े बेहद खुश नज़र आ रहे थे*

कहानी फिल्म जगत की



## कबीर के साथ शुभमन की कप्तानी का आनंद ले रही कृति सेनन...

### बॉयफ्रेंड ने शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर शुभम गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते देखा गया। मैच देखने के दौरान वह अकेली नहीं थीं। उनके साथ उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बाहिया भी थे। खेल का आनंद लेने के अलावा, अरबपति कुलजिंदर बाहिया के बेटे के साथ बिताए उनके भावुक पल ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा। कबीर बाहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी गर्लफ्रेंड कृति सनेन की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर शेयर की। अपनी गहरी मुस्कान बिखेरते हुए, कथित प्रेमी जोड़े बेहद खुश नज़र आ रहे थे। इसके अलावा, वे बेज और सफ़ेद रंगों में ट्विनिंग कर रहे थे, जो एक कपल गोल्स साबित हो रहा था। सेनन और बाहिया को पहले भी डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया है, जिससे अक्सर शादी की अटकलें लगाई जाती रही हैं।






# सीयूजे के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सक्रिय पहल सराहनीय : प्रो पाधी

## सीयूजे में 'सस्टेनेबल इंजीनियरिंग : कांसेप्ट्स एंड अप्रोचेज' पर एफडीपी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे), रांची के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने सोमवार को 'सस्टेनेबल इंजीनियरिंग : कांसेप्ट्स एंड अप्रोचेज' पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्घाटन किया। यह एफडीपी एआईसीटीई-एटीएएल अकादमी द्वारा प्रायोजित है और 19 जुलाई, 2025 तक चलेगा।

उद्घाटन सत्र में डीन (अनुसंधान एवं विकास), प्रो एके पाधी, समन्वयक एवं डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, प्रो अजय सिंह, एफडीपी की सहसमन्वयक डॉ शिखा चौरसिया और सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष, प्रो एचपी सिंह उपस्थित थे। प्रो एके पाधी ने अपने संबोधन में विभाग की सक्रिय पहल की सराहना की और सतत शिक्षा एवं अनुसंधान में इसके प्रभावशाली योगदान की आशा व्यक्त की। प्रो एचपी सिंह ने कार्यक्रम को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। प्रो अजय सिंह ने कहा कि इंजीनियरों को डिजाइन और प्रक्रियाओं का लोगों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखना चाहिए। डॉ शिखा चौरसिया ने सतत विकास के स्तंभों पर चर्चा की




और धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सीयूजे के कुलपति प्रो केबी दास के सहयोग, प्रोत्साहन और आशीर्वाद के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कुलपति उद्घाटन सत्र में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने आयोजक और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

पहले दिन, टीटीआई कंसल्टिंग इंजीनियर्स (आई) प्राइवेट लिमिटेड के डॉ अनिल कुमार ने 'स्थायित्व के तीन स्तंभ' पर गहन व्याख्यान दिया। छह दिवसीय एफडीपी के दौरान, आईआईटी खड़गपुर के प्रो ब्रजेश कुमार दुबे, ग्रांट थॉर्नटन के गोविंदा सोमानी, सी2एस2, नई दिल्ली के डॉ अजय प्रधान, आईआईटी कानपुर के प्रो मनोज तिवारी, एक्सेंचर दिल्ली के अभिषेक कुमार सिंह, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के पूर्व प्रोफेसर डॉ केएन तिवारी, आयन एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड कोलकाता के देबालय गांगुली सतत विकास इंजीनियरिंग से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

कार्यक्रम का समापन एक प्रश्नोत्तरी, चिंतन पत्रिका गतिविधि, प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया और न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ होगा। प्रत्येक दिन लेख चर्चा, प्रश्नोत्तरी और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो सिद्धांत और अनुप्रयोग का संतुलन प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो अजय सिंह और सह-समन्वयक डॉ शिखा चौरसिया ने इस बात पर जोर दिया कि एफडीपी को फैकल्टी को वैश्विक जलवायु परिवर्तन रणनीतियों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ अपने शैक्षणिक प्रयासों को जोड़ कर सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# रेलवे ई-टिकट दलाल गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत एक संयुक्त छापेमारी की गई। यह कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट रांची, सीआईबी रांची टीम और पंडरा ओपी के सहयोग से दोपहर पंडरा थाना क्षेत्र स्थित 'बब्लू इंटरनेट कैफे' अदिवासी चौक में की गई। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को ऑनलाइन कार्य करते हुए पकड़ा गया, जिसने अपना नाम पंकज कुमार ठाकुर हिनू निवासी बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तिगत यूज़र आईडी से अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट बनाकर अतिरिक्त राशि लेकर लोगों को बेचता था। उसके कंप्यूटर सिस्टम से कुल 20 रेलवे ई-टिकट जिसका कुल मूल्य 29,600 है बरामद किया गया। इसके साथ ही एक एसर एलईडी मॉनिटर, सीपीयु, कीबोर्ड, माउस और रेअल्मे मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। सभी सामान को मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष जब्त किया गया और आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया। वहीं, इस संबंध में केस पंजीकृत किया गया।

# झारखंड सरकार ग्रामीण सशक्तिकरण को लेकर गंभीर : मंत्री दीपिका पांडे सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में मंगलवार को एक अहम बैठक हुई, जिसमें झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने हिस्सा लिया। उनके साथ भारत सरकार के ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह और झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन भी मौजूद थे। बैठक में कई जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर झारखंड के गांवों को कैसे तेजी से विकसित किया जाए, इस पर फोकस रहा। बैठक की बड़ी बातें कुछ इस तरह रहीं।



लंबित राशि पर बात – केंद्र सरकार से कहा गया कि झारखंड के लिए जो पैसे बाकी हैं, उन्हें जल्द से जल्द जारी किया जाए ताकि गांवों की योजनाएं रुकें नहीं. योजनाओं का असर जमीन पर दिखे – तय हुआ कि ग्रामीण योजनाओं को और आसान और तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि गांव के लोग सीधे फायदा उठा सकें।

रोजगार बढ़ाने पर जोर – गांवों में लोगों को रोजगार कैसे मिले, इस पर रणनीति बनाई गई। खासतौर पर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को काम देने की योजना बनाई जा रही है।

राज्य-केंद्र की साझेदारी मजबूत होगी – यह भी तय हुआ कि झारखंड सरकार और केंद्र मिलकर काम करेंगे ताकि विकास योजनाओं में कोई रुकावट न आए।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के हर गांव और हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचे। सरकार की कोशिश है कि कोई भी इलाका पीछे न छूटे और हर ग्रामीण को योजनाओं का सीधा फायदा मिले।

## पृष्ठ एक के शेष

**भारत के गर्व शुभांशु ने...**

शुक्ला की सफल वापसी पर नजरें गड़ाए बैठा था। अनुसंधान भवन में उनकी वापसी की लाइव कवरेज भी दिखाई जा रही थी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह और कई अधिकारी मौजूद थे। उतरने के करीब एक घंटे बाद जैसे ही ड्रैगन कैप्सूल का हैच खुला, सबसे पहले अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन बाहर निकलीं। कुछ मिनट बाद शुभांशु शुक्ला मुस्कुराते हुए बाहर आए। अगले एक सप्ताह तक शुभांशु और अन्य एस्ट्रोनॉट्स को क्वारंटाइन रखा जाएगा। अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के कारण शरीर की हड्डियों, मांसपेशियों और संतुलन प्रणाली को फिर से अनुकूल बनाना जरूरी होता है। विशेषज्ञों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी कर रही है, ताकि किसी प्रकार की जटिलता से बचा जा सके। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में 18 दिनों की यात्रा के दौरान एक्सिओम 4 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों ने 31 देशों के 60 वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया। इनका मकसद स्पेस साइंस और हेल्थ टेक्नोलॉजी जैसे कई क्षेत्रों में नई जानकारी जुटाना था। यही डाटा और साइंटिफिक मैटेरियल आज धरती पर वापस लाया गया है। ज्ञात हो कि 25 जून 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष स्टेशन से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए यह मिशन सफलतापूर्वक लांच हुआ। 26 जून को अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए और उन्होंने वहां 18 दिनों का अपना सफर शुरू किया। **अंतरिक्ष में शुभांशु शुक्ला ने सात प्रयोग पूरे किए :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने इस मिशन पर 7 प्रयोग पूरे किए। इसमें भारतीय टार्डिग्रेड, मायोजेनेसिस, मेथी और मूंग के बीज का अंकुरण, सायनोबैक्टीरिया, माइक्रोएल्गी, फसल बीज और वोयाजर डिस्प्ले पर प्रयोग योजना के अनुसार पूरे किए गए हैं।

**शुभांशु ने 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की :** आईएसएस पर अपने दो सप्ताह से अधिक के प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने कुल 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की और लगभग 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 33 गुना अधिक है। चालक दल ने आईएसएस से 300 से ज्यादा सूर्योदय और सूर्यास्त देखे।

**धुरकी में मनरेगा योजनाओं में...**

पंचायत सचिव रामाशंकर सिंह को निलंबित किया गया है, मुखिया शगुनी राम की वित्तीय शक्तियां स्थगित कर दी गई हैं। सहायक अभियंता जहान अंसारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश राम का तबादला कर दिया गया है। तत्कालीन सचिव छवि सिंह पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी अनियमितता पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

**दारूडीह पोस्ट ऑफिस में...**

को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मधु के परिजन व सरपंच से बात हुई है। उन्होंने कहा कि परिजनों के आने तक शव को फांसी से नीचे न उतारा जाए। पोस्ट ऑफिस इंस्पेक्टर ने कहा कि उन्हें विभागीय कर्मियों द्वारा इसकी सूचना दी गई। साथ ही मृतका के परिवार को भी जानकारी दे दी गई है। बताया गया कि मधु पिछले आठ माह से उक्त मकान में किराए पर रह रही थी और अपने कार्य के प्रति गंभीर एवं ईमानदार थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**उपाधि केवल प्रमाणपत्र नहीं बल्कि दायित्व की शुरुआत है...**

में सुधार लाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि विगत एक वर्ष में उन्होंने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में भाग लिया है और विद्यार्थियों से संवाद का अवसर प्राप्त किया है। समारोह में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सहित सभी शिक्षक और अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह में कुल 128 गोल्ड मेडल दिए गए और लगभग 11,000 डिग्रियां बांटी गईं। इसमें स्नातक सत्र 2016-19, सत्र 2017-20, सत्र 2018-21 और स्नातकोत्तर सत्र 2017-19, सत्र 2018-20 और सत्र 2019-21 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री दी गई हैं।

**नए भारत की बदलती तस्वीर है बेटियों को अधिक संख्या में गोल्ड मेडल मिलना**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड के युवाओं में निहित ऊर्जा, प्रतिभा और कुछ कर दिखाने का जज्बा देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता होती है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राएं आज न केवल उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, बल्कि शैक्षणिक प्रदर्शन में भी उत्कृष्टता का परिचय दे रहे हैं। राज्यपाल ने भी उल्लेख किया कि विभिन्न दीक्षांत समारोहों में उन्होंने यह देखा है कि बेटियां अपेक्षाकृत अधिक संख्या में गोल्ड मेडल प्राप्त कर रही हैं, जो नए भारत की बदलती तस्वीर को दर्शाता है।

## पहुंची तटरक्षक बल की टीम

**रांची।** भारतीय तटरक्षक दल के द्वारा जेएन कॉलेज और डोरंडा कॉलेज में जागरूकता सह भर्ती अभियान चलाया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुए इस अभियान में भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी केएल अरुण, डिप्टी कमांडेंट नलिन भार्गव, इस अभियान के स्कूल कॉलेज के समन्वयक एसडी सिंह, रमेंद्र कुमार, डोरंडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आरके शर्मा, जेएन कॉलेज की प्रिंसिपल शमशुर नेहर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अभियान के दौरान विद्यार्थियों के बीच एक प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल की कार्यप्रणाली और गतिविधियों को समझाया गया। कैसे तटरक्षक बल कार्य करता है। इसकी क्या जिम्मेदारियां है। भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीव जंतुओं की सुरक्षा, प्रदूषण रोकने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर इनकी क्या भूमिका है। इस पर विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी तटरक्षक बल से जुड़े जिज्ञासा को टीम के सामने रखा, इन जिज्ञासाओं का समाधान भी टीम के द्वारा किया गया।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को मिले भारत रत्न : अजय राय

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने मंगलवार को अंतरिक्ष में 18 दिन के ऐतिहासिक मिशन को सफलतापूर्वक पूरा कर पृथ्वी पर लौटे



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शुभांशु शुक्ला ने भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को सर्वोच्च सम्मान देकर देश की नई पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है। संघ ने शुभांशु को भारत का गौरव और युवाओं की प्रेरणा बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोतवाली डीएसपी को मिलेगा वीरता पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिलेगा वीरता पुरस्कार, सीएम हेमंत सोरेन पुरस्कार देंगे।

## सरकार विकास से सीधे जुड़े विभागों की अनदेखी कर रही है : प्रतुल शाहदेव

- **विकास कार्य करने वाले कई विभागों में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पद रिक्त या प्रभार में**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विभागों की अनदेखी करने का बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार ने कई महीनो से जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई नियुक्ति नहीं किया है। पूरा सिस्टम प्रभार पर चल रहा है या ठप हो गया है।प्रतुल ने कहा कि इसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो रहा है और विकास की बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। प्रतुल ने कहा कि जल संसाधन विभाग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है ।अभियंता प्रमुख के दो- दो पदों पर पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। सिस्टम प्रभार पर है। जिसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। पथ निर्माण विभाग में भी अभियंता का जो प्रमुख पद है वह प्रभार पर चल रहा है और पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। प्रतुल ने कहा कि भवन निर्माण विभाग में भी लंबे समय से मुख्य अभियंता का पद रिक्त है। वर्तमान में अधीक्षण अभियंता को प्रभार देकर काम चलाऊ व्यवस्था लागू की गई है। आरईओ में भी पूर्ण कालिक अभियंता प्रमुख का पद रिक्त है। प्रतुल ने कहा कि 5 करोड रुपए से ऊपर के टेंडर के लिए अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में टेंडर कमेटी निर्णय लेती है जिसमें मुख्य अभियंता और वित्त अधिकारी भी होते हैं। प्रतुल ने हेमंत सोरेन सरकार से जानना चाहा कि क्या उनको इन पदों के लिए योग्य अभियंता मिल नहीं पा रहे हैं या सरकार ने योग्यता का कुछ और पैमाना तय किया है जिस पर कोई अभियंता खरा नहीं उतर रहा है। विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली हेमंत सरकार के समय विकास की बड़ी योजनाओं की बहुत दयनीय स्थिति हो गई है। इसलिए सरकार को रिक्त पदों और प्रभार पर चलने वाले पदों पर पूर्णकालिक अभियंताओं की नियुक्ति करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए सावन महीने में दलमा पहाड़ पर स्थित भोले बाबा के प्राचीन मंदिर में पैदल जाने वाले लोगों पर भी टैक्स लगा दिया है। विभाग ने इसका विधिवत नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है की सावन के महीने को देखते हुए ये शुल्क लगाया जा रहा है। प्रतुल ने कहा की डीएफओ सबा आलम इसे उचित कदम भी बता रहे हैं और इसको सही ठहरा रहे हैं।



# बीएसएनएल के दैनिक भोगी मजदूरों के बकाया वेतन को लेकर हुई वार्ता

- **क्षेत्रीय श्रमायुक्त कार्यालय में हुई वार्ता में मजदूरों की मांग मजबूती से रखी गई**
- **ठेकेदार ने भुगतान के लिए मांगा समय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीएसएनएल रांची सर्किल में कार्यरत दैनिक भोगी मजदूरों के बकाया वेतन भुगतान और छंटनी को लेकर बीएसएनएल दैनिक भोगी मजदूर संघ के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्रीय श्रमायुक्त कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में मजदूरों की ओर से उनके अधिकारों की मांग मजबूती से रखी गई।

मौके पर बीएसएनएल मजदूर संघ के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि पीएफ विभाग को पत्र भेजा जाएगा, ताकि जमा की प्रक्रिया पूरी हो सके। भवन सिंह ने बताया कि वार्ता में क्षेत्रीय श्रमायुक्त (आरएलसी) ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि ठेकेदार जल्द मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान नहीं करता है, तो बीएसएनएल को बतौर प्रधान नियोक्ता भुगतान का आदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही जिन मजदूरों को काम से हटाया गया है, उन्हें छंटनी लाभ और अन्य बकाया का भुगतान भी बीएसएनएल की ओर से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।




**ठेकेदार बकाया भुगतान सीधे बैंक खातों में भेजें**

बैठक में यह भी तय किया गया कि ठेकेदार मजदूरों का बकाया भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में भेजें। उन्होंने सभी मजदूरों से अपील की है कि अगर आगामी 25 जुलाई तक भुगतान नहीं होता है, तो सभी साथी दोपहर तीन बजे श्रम विभाग में एकजुट होकर पुन: प्रदर्शन करेंगे।

क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने कहा कि यदि यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, तो ठेकेदार और बीएसएनएल दोनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मामला श्रम न्यायालय को सौंपा जाएगा।

भवन सिंह ने कहा कि ठेकेदार ने शुरू में टालमटोल की कोशिश की, लेकिन अंततः उसने भुगतान करने के लिए समय मांगा। अगली सुनवाई की तिथि 25 जुलाई को निर्धारित की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बीएसएनएल के दैनिक मजदूर भी श्रम विभाग पहुंचे और श्रम पदाधिकारी को अपनी कठिनाइयों से अवगत कराया।

संगठन की ओर से बताया गया कि फ्यूचर एजेंसी के तहत कार्यरत मजदूरों के पांच महीने के वेतन का जो भुगतान हुआ है, उसका पीएफ अंशदान अब तक पीएफ विभाग को नहीं भेजा गया है।

बैठक में के. महतो, कोषाध्यक्ष, युसूफ अंसारी, अनील पासवान, शिवजी सिंह, ललन प्रसाद, सिकंदर आलम, फिरोज, बहादुर प्रसाद सिंह, किसको कुमार, एसएन पांडे, जेवियर एक्का, रणजीत विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में दैनिक मजदूरों और यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## धर्मपाल सिंह की माता को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माताजी का निधन कुछ दिन पूर्व हो गया था। मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उत्तर प्रदेश के बिजनौर स्थित उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। पुण्यात्मा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर, नमन किया।

## नगर आयुक्त से मिला रांची सिटीजन फोरम का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त सुशांत गौरव से रांची सिटीजन फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में मुलाकात की। वहीं बताया कि रांची सिटीजन फोरम कुल 53 वार्ड अंतर्गत 12778 से अधिक सदस्य फोरम के साथ जुड़ चुके हैं। हम लोग लगातार विभिन्न वार्ड का स्थल निरीक्षण कर वहां पर स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के संदर्भ में चर्चा, संवाद, और जागरूकता का काम कर रहे हैं, जिस क्रम में विभिन्न समस्याएं हमें देखने को मिली है। अब 53 व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हमारे सदस्य पूरे रांची नगर निगम क्षेत्र से जुड़ चुके हैं, जिससे कई प्रमुख समस्याएं जैसे नियमित रूप से कूड़ा कचरा का उठाव नहीं होना। टूटी फूटी गढ्ढे युक्त सड़क, जाम नाली, बरसात में जल जमाव और गर्मी में पेयजल का संकट, महीनों से खराब पड़े स्ट्रीट लाइट, जैसी दर्जनों समस्याएं हैं, जिससे आम नागरिक जूझ रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल, शाहिद आलम, स्वरूप कुमार सेठी, मनीष बक्शी, सुशील कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 3 के संयोजक निशांत सिंह, वार्ड नंबर 1 के संयोजक राजेश कुमार, इत्यादि शामिल थे।

## रांची में गिरफ्तार किए गए पांच गांजा तस्कर



- पुलिस ने 8.59 ग्राम गांजा, मोबाइल, बाइक और नकदी बरामद की

**रांची।** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के पास से सोमवार को लालपुर थाने की पुलिस ने डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पांच ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रांची सिटी एसपी, सिटी डीएसपी और लालपुर थाना प्रभारी के निर्देश में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल ने मोरहाबादी मैदान स्थित बापू बाटिका के पास पांच लड़कों को पकड़ा, जिसकी तलाशी लेने पर उनलोगों के पास से करीब 8.59 ग्राम ब्राउन सुगर, एंड्रॉयड मोबाइल और मोटरसाइकिल सहित 60,050 रुपए नगद बरामद किए गए। लड़कों से पूछताछ दौरान इनके द्वारा ब्राउन सुगर का व्यवसाय करने की बात स्वीकारी गई। पांचों लड़कों पर केस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस छापेमारी में लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम का भी सहयोग रहा।

## श्रावणी मेले के लिए चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** नगर विकास विभाग ने राजकीय श्रावणी मेले के सफल आयोजन और नागरिक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति की है। इसकी अधिसूचना विभाग के उप सचिव राजकुमार ने मंगलवार को जारी की है। अधिसूचना के अनुसार रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सूरज प्रकाश चौधरी, चंद्रदीप कुमार, धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के सहायक नगर आयुक्त अरविंद तिर्की को देवघर श्रावणी मेले के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। ये सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से देवघर नगर निगम में अपना योगदान समर्पित करेंगे। जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, उनसे संबंधित नगर निकायों के प्रमुखों को अविलंब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारियों के आवास की व्यवस्था देवघर नगर निगम की ओर से की जाएगी। यह आदेश श्रावणी मेले के अंत तक प्रभावी रहेगा।

## झारखंड में एक माह में हुई 527 मिमी बारिश

**रांची।** झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मानसून के लगभग एक माह में ही 527.6 मिलीमीटर से बारिश रिकॉर्ड की गई है। जबकि बरसात का मौसम शेष बचा हुआ है। राज्य में इस अवधि तक 326 मिमी बारिश होती है। राज्य में सामान्य से 62 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम में हुई है। यहां अब तक 925.5 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से 153 प्रतिशत अधिक है। वहीं राजधानी रांची में 799 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 138 प्रतिशत अधिक है। वहीं राज्य के जिन जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है उनमें पश्चिमी सिंहभूम में 81मिमी, सिमडेगा में 70, सरायकेला-खरसावां में 121, रामगढ में 113, लोहरदगा में 48, लातेहार में 116, बोकारो 74, चतरा में 64, धनबाद में 73, खूंटी में 61, जामताड़ा में 46, गुमल में 39, हजारीबाग में 36 और कोडरमा में 27 प्रतिशत सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इधर पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में 82 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है। वहीं, इस दौरान राजधानी रांची में 13 मिमी बारिश हुई है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में तड़के सुबह से जोरदार बारिश हुई हालांकि बाद में बारिश रुक गई, लेकिन आसमान में काले बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 34.3, डालटेनगंज में 33.8, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ ने भटके नाबालिग को किया रेस्क्यू



**रांची।** ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर कार्य के दौरान रांची मंडल में आरपीएफ ने सोमवार को एक भटके नाबालिग को रेस्क्यू किया। बताया गया कि आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा के अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर नियमित जांच के दौरान एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक जीत उरांव को भटकता हुआ पाया। पूछताछ में पता चला कि वह बिना बताए घर से निकल आया था। आरपीएफ ने तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन (सीएचएल) को सूचित किया। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बालक को सीएचएल समन्वयक रवि कुमार के सौंपा गया।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# एक बार फिर से टॉप 10 में पहुंचीं शेफाली



**दुबई (आईएएनएस)**

आईसीसी ने मंगलवार को महिला टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा टॉप-10 बल्लेबाजों की लिस्ट में एक बार फिर अपनी जगह बना चुकी हैं। 21 वर्षीय शेफाली 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

- **ऑलराउंडर रैंकिंग में 26 स्थान की बड़ी छलांग, अब 80वें स्थान पर।**
- **इंग्लैंड की चार्ली डीन 8 स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में, अब संयुक्त रूप से छठे स्थान पर।**

शेफाली वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 35.20 की औसत से 176 रन बनाए। शेफाली इस सीरीज में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी रहीं। वहीं, टी20 प्रारूप में सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज मंधाना पांच पारियों में 221 रन बनाकर तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। जेमिमा रोड्रिगेज दो स्थान फिसलकर 14वें पायदान पर आ गई हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज में एक अर्धशतक की मदद के साथ कुल 108 रन ही बना सकी थीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने सीरीज के चार मैचों में 65 रन बनाए।

वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। भारत को सीरीज जिताने में अरुंधति रेड्डी का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने सीरीज में छह विकेट निकाले। अंतिम टी20 मैच में दो विकेट लेने वाली अरुंधति गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गईं।

इसके साथ ही वह ऑलराउंडर्स की लिस्ट में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंचीं। इंग्लैंड की कई स्टार खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। स्पिनर चार्ली डीन टॉप-10 गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं। वह आठ स्थानों की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाते हुए 38वें स्थान पर आ गईं, जबकि तेज गेंदबाज ईसी वोंग सात स्थान की ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर पहुंच गई हैं। एमिली अर्लट 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इनके अलावा इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट 19 स्थान की छलांग लगाकर 45वें स्थान पर पहुंचीं।

## कप्तान गिल ने रवींद्र जडेजा को सराहा, बोले

### 'उनका अनुभव और कौशल दुर्लभ'



**लंदन (आईएएनएस)**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सीनियर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को सराहा है, जिन्होंने मुकाबले को जीवंत बनाए रखते हुए लॉर्ड्स टेस्ट को अंतिम सेशन तक पहुंचाया, लेकिन भारत मैच जीतने से महज 22 रन दूर रह गया। जडेजा को पांचवें दिन पहले सेशन की शुरुआत में ही बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। उन्होंने 181 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 61 रन बनाए, जिसमें एक छक्का और चार चौके शामिल रहे, लेकिन दूसरे छोर पर बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। शुभमन गिल ने जडेजा की तारीफ में कहा, "जडेजा भारत के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। वह जो अनुभव और हुनर गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में लाते हैं, वह बहुत खास है। मैच के पांचवें दिन उन्होंने जिस तरह धैर्य और समझदारी से खेला।

## पदक मिले, पर नौकरी नहीं!

# पंजाब सरकार से गुहार लगाने पहुंचे एथलीट राजपाल

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**

पंजाब राज्य सरकार से नौकरी मिलने की उम्मीद में एथलीट राजपाल सिंह मंगलवार को पंजाब विधानसभा गैलरी में पहुंचे। राजपाल सिंह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक खेलों में 82 पदक जीत चुके हैं, लेकिन उन्हें एक अदद नौकरी के लिए आज भी सरकार से गुहार लगानी पड़ रही है। राजपाल चाहते हैं कि उन्हें खेल कोटा के तहत नौकरी मिले। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "मैं जब पांचवीं क्लास में था, तभी से मेहनत कर रहा हूं। पिछली सरकारों ने मेरी सुनवाई नहीं की। मैंने जब ट्रायल क्लीयर किया, तो उसमें रिश्वत मांगी गई। मैंने आर्मी और पंजाब पुलिस में ट्रायल दिया, लेकिन बात नहीं बन सकी। उन्होंने कहा, "मेरा सेलेक्शन अमेरिका गॉट टैलेंट के लिए हो चुका है। मैं एक उंगली से 105 किलोग्राम वजन उठाता हूं। मैं इस मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर हूं। राजपाल सिंह ने कनाडा के एक खिलाड़ी को एक हाथ से 105 किलो वजन खींचने की चुनौती भी दी थी, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका। राजपाल सिंह ने बताया, "मुझे अमेरिका जाने के लिए वीजा नहीं मिल सका। इसके बाद मैंने कनाडा जाकर भारत का परचम लहराया। मैंने वहां खिलाड़ी को एक हाथ से 105 किलोग्राम वजन उठाने का चैलेंज दिया,



*मैं एक उंगली से 105 किलोग्राम वजन उठाता हूं। मैं इस मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर हूं*

लेकिन उनसे ऐसा नहीं हुआ। मैंने यह एक उंगली से करके दिखाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आगे कहा, "मैं सरकार से चाहता हूं कि हो सके तो मुझे कोच की नौकरी दी जाए, या तो अन्य नौकरी दे दें। मैंने शुरू से ही संघर्ष किया, लेकिन उसका फल नहीं मिल सका है। मेरी अब तक सुनवाई नहीं हो सकी है। मैं उम्मीद करता हूं कि भगवंत मान की सरकार मेरी सुन ले। मैं श्रीलंका से दो गोल्ड मेडल जीतकर आया हूं।

# अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

- **इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है**

**अटलांटा (आईएएनएस)**



अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में ही आयोजित होने वाला है। दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे। यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है। इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है। वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अमेरिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा। अमेरिका 10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा। इक्वाडोर के खिलाफ यूएसए का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच हार और इतने ही ड्रॉ का रहा है। टेक्सास में खेले गए मुकाबलों में भी अमेरिका का इक्वाडोर के खिलाफ रिकॉर्ड बराबरी (1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ) पर रहा है। यह मैच ह्यूस्टन, फोर्ट वर्थ और फ्रिस्को में खेले गए थे। चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को यूएसए की टीम कोलोराडो के कॉमर्स सिटी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

**बर्थडे स्पेशल**

## कभी हॉकी स्टिक खरीदने के नहीं थे पैसे, चार बार ओलंपिक में बढ़ाई भारत की शान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



महाराष्ट्र के खड़की में 16 जुलाई 1968 को एक गरीब परिवार के घर तीन लड़कों के बाद चौथे बेटे का जन्म हुआ। परिवार को उम्मीद थी कि यह बेटा उनकी गरीबी दूर करेगा, ऐसे में बच्चे का नाम 'धनराज' रखा गया। 'खड़की' को 'हॉकी का गढ़' कहा जाता है, जहां धनराज पिल्लै के पिता नागालिंगम पिल्लै ग्राउंड्समैन थे। तंगहाली में परिवार का गुजर-बसर हो रहा था। पिता की तनख्वाह इतनी नहीं थी कि परिवार को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवा सकें। धनराज का बचपन हॉकी के इर्द-गिर्द ही घूमता रहा। शाम को वह अक्सर उन बच्चों को हॉकी खेलते देखा करते जो अक्सर उनके घर के पास एकजुट होकर चमचमाती स्टिक के साथ खेलते थे।

# खेलमंत्री बोले-पाक से इंटरनेशनल क्रिकेट हॉकी टूर्नामेंट खेलने पर ऐतराज नहीं

### द्विपक्षीय सीरीज पर हमारा स्टैंड कायम

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों को लेकर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के साथ किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में खेलने में कोई आपत्ति नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हॉकी हो या कोई और खेल। लेकिन जब बात द्विपक्षीय खेल आयोजनों की आती है, तो सरकार के स्टैंड के बारे में सभी को पता है। बता दें कि भारत साफ कर चुका है कि आतंक को पनाह देने वाले पाक के साथ कोई द्विपक्षीय खेल आयोजन में शामिल नहीं होगा। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से मांडविया ने कहा, पाकिस्तान हॉकी संघ ने भारत में होने वाले दो टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मांगी है। खेल मंत्री ने कहा, हम उन्हें एशिया कप और



**मानसून सत्र में सरकार नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाएगी**

जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए वीसा देंगे, लेकिन अब यह उनकी सरकार पर निर्भर करता है कि वह टीमें भेजती है या नहीं। एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मानसून सत्र में पेश होगा स्पोर्ट्स गवर्नेंस विधेयक खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल (राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक) पेश होगा। इस विधेयक के तहत एक नियामक बोर्ड बनेगा जिसे राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और उन्हें फंडिंग प्रदान करने का अधिकार होगा। बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि खेल महासंघ उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का पालन करें। वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार हरे निशान में बंद



**मुंबई (आईएएनएस)**

लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के बढ़ने की वजह मजबूत घरेलू संकेतकों को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 317.45 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,570.91 और निफ्टी 113.50 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 560.10 अंक या 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,612.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 163.50 अंक या 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,135.25 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स समेत ज्यादातर इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, इन्फोसिस, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

## टेस्ला मॉडल वाई भारत में 60 लाख रुपए में लॉन्च

# 2025 की तीसरी तिमाही से शुरू हो सकती है डिलीवरी




**मुंबई (आईएएनएस)**

इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को भारत में अपनी रियर-व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) मॉडल वाई कार लॉन्च की, जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। टेस्ला मॉडल वाई लॉन्ग रेंज रियर-व्हील ड्राइव की कीमत इसकी वेबसाइट पर पब्लिश्ड प्राइस लिस्ट के अनुसार 67.89 लाख रुपए होगी। मॉडल वाई की अमेरिका में शुरुआती कीमत 44,990 डॉलर, चीन में 263,500 युआन और जर्मनी में 45,970 यूरो है। भारत में इसकी कीमत किसी भी फेडरल टैक्स प्रोत्साहन से पहले, अमेरिका में इसकी मूल कीमत से लगभग 15,000 डॉलर का अंतर दर्शाती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टेस्ला मॉडल वाई शुरुआत में मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। आरडब्ल्यूडी वर्जन के लिए टेस्ला मॉडल वाई की रेंज एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किमी होने का दावा किया गया है। लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी वर्जन की रेंज 622 किमी होने का दावा किया गया है। अपनी फास्ट चार्जिंग कैपेसिटी के साथ, मॉडल वाई को आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 238 किमी और लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी ट्रिम के लिए 267 किमी तक की रेंज जोड़ने में 15 मिनट लगते हैं।

आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मॉडल वाई आरडब्ल्यूडी 5.9 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि लॉन्ग रेंज आरडब्ल्यूडी मॉडल को समान एक्सीलेरेशन के लिए 5.6 सेकंड लगते हैं।

## मुंबई के बाद दिल्ली में भी जल्द शोरूम खोलेगी टेस्ला

### सुपरचार्जर का भी नेटवर्क करेगी तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में मंगलवार को शोरूम खोलने के बाद एलन मस्क के नेतृत्व वाली टेस्ला दिल्ली में जल्द शोरूम खोलने की योजना पर काम कर रही है। टेस्ला के मुताबिक, वह नई दिल्ली में चार



चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसमें 16 सुपरचार्जर होंगे, जबकि 15 डेस्टिनेशन चार्जर होंगे। टेस्ला ने मुंबई में 'एक्सपीरियंस सेंटर' लॉन्च करने के साथ देश में अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई को लॉन्च किया। टेस्ला ने आधिकारिक बयान में कहा कि कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के इर्द-गिर्द एक संपूर्ण इकोसिस्टम तैयार करके विकास की बड़ी योजना तैयार की है। कंपनी के ईवी इकोसिस्टम में शोरूम, सर्विस सेंटर, डिलीवरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, चार्जिंग स्टेशन, लॉजिस्टिक्स हब और कंपनी के ऑफिस शामिल हैं। मुंबई में टेस्ला ने प्रमुख क्षेत्रों जैसे लोअर परेल, बीकेसी, नवी मुंबई और ठाणे में चार प्रमुख चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण का ऐलान किया है। इसमें 16 सुपरचार्जर और 16 डेस्टिनेशन चार्जर होंगे। टेस्ला ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन उसके व्यापक मिशन का सिर्फ एक हिस्सा है।

## भारत का व्यापार घाटा जून 2025 में कम होकर 18.78 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि इस साल जून में भारत का व्यापार घाटा कम होकर 18.78 अरब डॉलर रह गया, जबकि मई में यह 21.88 अरब डॉलर था। जून में भारत का निर्यात 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा है, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 35.16 अरब डॉलर था। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में देश का आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रह गया, जबकि एक साल पहले यह 56 अरब डॉलर था। हालांकि, देश के सेवा क्षेत्र ने जून में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## 2025 की दूसरी तिमाही में ग्लोबल पीसी शिपमेंट 4% से अधिक बढ़कर 63 मिलियन यूनिट हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कैलेंडर वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में दुनिया भर में पीसी शिपमेंट 63 मिलियन यूनिट से अधिक हो गया, जो सालाना आधार पर 4 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। गार्टनर की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, पीसी मेकर्स ने जून तिमाही में कुल 63,225 मिलियन यूनिट की शिपमेंट की, जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 60,541 मिलियन यूनिट की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। गार्टनर के रिसर्च प्रमुख ऋषि पाधी ने कहा, "2025 की दूसरी तिमाही में, एंटरप्राइज की मांग उपभोक्ता मांग से आगे निकल गई, जिसका आधार विंडोज 11 माइग्रेशन और महामारी के दौर में डेस्कटॉप रिन्यूबल था, जबकि खरीदारों द्वारा खरीदारी टालने के कारण कंज्यूमर रिफ्रेश धीमा हो गया। ग्लोबल शिपमेंट में मात्रा के मामले में लेनोवो सबसे आगे रहा, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 26.9 प्रतिशत थी, उसके बाद एचपी इंक की हिस्सेदारी 22.3 प्रतिशत, डेल की हिस्सेदारी 15.6 प्रतिशत और एप्पल की हिस्सेदार 9 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है, "2025 की दूसरी तिमाही में दुनिया भर में टॉप पांच विक्रेता रैंकिंग में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया।

# केंद्रीय मंत्री ने जापान के कपड़ा इंडस्ट्री लीडर्स से भारत में निवेश करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जापान की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू की और स्थानीय उद्योग प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। यह जानकारी मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। उन्होंने जापान के प्रमुख कपड़ा और परिधान उद्योगों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक इंटरेक्टिव राउंडटेबल की अध्यक्षता की और उनसे घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए भारत में तकनीकी वस्त्र, रेशा उत्पादन और मशीनरी क्षेत्रों में निवेश करने पर विचार करने का आग्रह किया। कपड़ा मंत्रालय ने




एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और गांधीजी के सत्य, अहिंसा और करुणा के आदर्शों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

गिरिराज सिंह ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास का दौरा किया और राजदूत सिबी जॉर्ज द्वारा भारत-जापान संबंधों और कपड़ा क्षेत्र में अवसरों पर एक संक्षिप्त बैठक की अध्यक्षता की। बाद में दुनिया की अग्रणी परिधान खुदरा कंपनियों में से एक, फास्ट रिटेलिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तदाशी यानाई के साथ एक रणनीतिक बैठक हुई।